e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 109

ईद के पावन पर्व पर आप सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं

प्रभात मंत्र

शनिवार
22.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

ईद मुबारक
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

रांची का तापमान

अधिकतम 38°
न्युनतम 23°

सुविचार

खुशी तब मिलेगी जब आप जो सोचते है, जो कहते है, जो करते है, जो करते है, वह सामंजस्य में हो।

सिविल सर्विस डे पर पीएम के हाथों गुमला डीसी को मिला एक्सीलेंस अवार्ड

गुमला जिला को मिला पीएम अवार्ड

गुमला के सैकड़ों लोगों ने इस अवार्ड कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग को देखा

सिविल सर्विस डे पर पीएम के हाथों गुमला डीसी को मिला एक्सीलेंस अवार्ड

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव को दिल्ली के विज्ञान भवन में 'सिविल सर्विस डे 2023' के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों लोक प्रशासन में उत्कृष्टता का प्रधानमंत्री अवार्ड दिया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान विज्ञान भवन सभागार में देश के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा कई राज्यों के आमंत्रित पदाधिकारी मौजूद थे। ऐसे महत्वपूर्ण मंच से गुमला जिले में हुए कार्यों की सार्वजनिक रूप से प्रशंसा होना निश्चित रूप से जिले की पूरी टीम तथा जिले के निवासियों के लिए गर्व की बात है। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह ही केन्द्रीय कार्मिक मंत्रालय की ओर से सार्वजनिक रूप से घोषणा हो गई थी कि गुमला जिले को पीएम अवार्ड के लिए चुना गया है। उसी दिन से गुमला जिला प्रशासन की टीम तथा गुमला वासियों में हर्ष का माहौल था। इसलिए शुक्रवार को जब दिल्ली के विज्ञान भवन में माननीय प्रधानमंत्री के हाथों उपायुक्त सुशांत गौरव अवार्ड ले रहे थे, उस समय वेबकास्ट के माध्यम से गुमला जिला मुख्यालय सहित प्रखंड मुख्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक भी इन गौरवपूर्ण क्षणों के ऑनलाइन साक्षी बन रहे थे। गुमला के सैकड़ों लोगों ने इस अवार्ड कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग को देखा।

अवार्ड को उपायुक्त ने जिलेवासियों के नाम किया समर्पित

जनजातीय जनसंख्या बहुल तथा पूर्व में वामपंथ से प्रभावित रहे गुमला जिले में विकास की एक के बाद एक नई गाथाओं के जुड़ने का सिलसिला जारी है। उपायुक्त सुशांत गौरव के विजनरी नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम सतत काम कर रही है। उक्त अवार्ड को उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिले वासियों के नाम समर्पित किया। जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव की कड़ी मेहनत, ईमानदारी से किए गए प्रयास तथा उनकी राष्ट्रहित की सोच ने जिले को यह उपलब्धि दिलवाने में अहं भूमिका निभाई। सुशांत गौरव ने मोबाइल संदेश भेजकर जिले के पदाधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्हें आशा है कि जिले के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी मिलकर ऐसी सफलताओं की आगे भी पुनरावृति करते रहेंगे। यह पहला मौका है जब झारखंड के किसी जिले को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिये चयनित किया गया है। बता दें कि पिछले एक वर्ष के अपने कार्यकाल में ही उपायुक्त सुशांत गौरव के प्रयासों से कई बेहतरीन कार्यों को गुमला में धरातल पर उतारा गया है।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह ही केन्द्रीय कार्मिक मंत्रालय की ओर से सार्वजनिक रूप से घोषणा हो गई थी कि गुमला जिले को पीएम अवार्ड के लिए चुना गया है।

उपायुक्त ने विकास की खींची लंबी लेकर

गुमला जिले में उपायुक्त के नेतृत्व में विकास के कई काम किए गए और किए जा रहे हैं। इन कार्यों में रागी मिशन को नयी ऊंचाई देना, एनीमिया उन्मूलन, टीबी मुक्त जिला की दिशा में प्रयास, दिव्यांगता पहचान एवं दिव्यांग कल्याण के लिए किये गए कार्य, पुस्तकालय क्रांति, खेल बैंक, शिक्षा क्षेत्र में अवसंरचनात्मक विकास, बांस शिल्पकारों का प्रशिक्षण एवं संवर्धन, ताना भगत समुदाय का बहुआयामी योजनाओं से आच्छादन, जिला से लेकर पंचायतों तक खेलों को बढ़ावा, पंचायतों का डिजिटाइजेशन, महिला स्वयं सहायता समूहों को बहुद्देशीय कार्यों में लगाना, मत्स्य पालन को नए आयाम देना, कृषि क्षेत्र में नवाचारी उपायों को अपनाना आदि है।

चांद नजर आया, ईद आज

छाया : नसीम

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। माहे रमजान का मुकद्दस महीना अलविदा जुमा के साथ विदा हो गया। इस अवसर पर रांची शहर के तमाम मस्जिदों में अलविदा की जुमा पढ़ी गई और बाद नमाज जुमा में दुआएं की गई। राज्य खुशहाली, भाईचारा और एकता,सौहार्द बने रहेतमाम मस्जिदों में इसकी दुआ की गई। जुमा को ईद का चांद नजर आने पर सभी को ईद की बधाई देने का तांता लग गया। मोबाइल फोन, व्हाट्सएप, फेसबुक से सहित अन्य सोशल साइट पर ईद का चांद के साथ लोग शुभकामनाए संदेश देना शुरू कर दी। चांद नजर आ जाने के बाद रांची शहर सहित पूरे झारखंड में ईद का नमाज ईदगाह और मस्जिदों में शनिवार को पढ़ी जाएगी। सभी ईदगाहों और मस्जिदों के नमाज के समय सारणी तय कर दी गई है। सभी से अपील की गई है कि वह मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करें। एक दूसरे से गले लगाकर पूरे सौहार्द और एकता के सारे भेदभाव मिटाकर ईद की बधाई दें।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

ईद का चांद नजर आ जाने के पूर्व से ही जिला प्रशासन सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से अलर्ट है। रांची शहर के सभी चौक चौराहों एवं संदिग्ध जगहों पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है, साथ ही मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। रांची एसएसपी किशोर कौशल ने कहा है कि सभी पर्व त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया है। इसी तरह से ईद भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगा। सभी लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। कासी भी स्थिति में अगर कुछ संदिग्ध लगता है या कुछ आपत्तिजनक मैसेज व्हाट्सएप पर आता है तो इसकी सूचना पुलिस को तुरंत दें।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

जनता दरबार में आये फरियादियों से मिले उपायुक्त कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निपटारा

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के दूर-दराज ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आये 30 से अधिक फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुए.उपायुक्त श्री दोड्डे ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उक्त मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये.इस दौरान कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया गया.वहीं कई मामलों का त्वरित निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आवेदन हस्तांतरित कर मामले के त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. आयोजित जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, मुफ्त विद्युत कनेक्शन, आपूर्ति संबंधित मामले, आवास व पेंशन समेत अन्य मामले आये। **कैंसर पीड़ित दो फरियादियों को उपायुक्त ने 50 हजार रूपए की आर्थिक मदद की :**जनता दरबार में लेस्लीगंज के गेठा निवासी जितेंद्र कुमार सिंह ने अपने सात वर्षीय पुत्र दिव्यांशु राज जो कि कैंसर पीड़ित बच्चा है उसके लिये आर्थिक मदद की मांग की.उन्होंने उपायुक्त को बताया कि बच्चे के इलाज में अब तक 15 लाख से अधिक रुपये खर्च हो गये हैं फिर भी इलाज जारी है साथ ही उन्होंने रिम्स में आयुष्मान कार्ड को मान्य नहीं देने की भी शिकायत की इसपर उपायुक्त ने तत्काल 30 हज़ार रुपये की आर्थिक मदद की साथ ही स्वास्थ्य के डीपीएम को उनके आयुष्मान कार्ड से संबंधित अड़चन को दूर करने हेतु निर्देशित किया.इसी तरह एक अन्य कैंसर पीड़ित वृद्ध को उपायुक्त ने 20 हज़ार रुपये का आर्थिक सहयोग किया। **बिजली के करंट से अपना पति खो चुके पीड़िता को मुआवजा देने के निर्देश :** जनता दरबार में पाटन के ग्राम मेराल से आयी कलावती देवी ने उपायुक्त को बताया कि 10 जुलाई 2022 को 33 हज़ार वोल्ट का तार गिर जाने के कारण उनके पति मिथिलेश राम का देहांत हो गया है.उन्होंने कहा कि उनके पति के जाने के बाद घर में दूसरा कोई कमाने वाला सदस्य नहीं बचा है उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं जिनका भरण पोषण मुश्किल हो रहा है.अतः उन्होंने उपायुक्त से मुआवजा दिलाने हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को बुलाकर उक्त महिला को मुआवजा देने की बात कही।

ईद त्यौहार को लेकर शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार शहर थाना के एसआई उपेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार की शाम पुलिस ने ईद के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में 50 से अधिक पुलिस जवान मौजूद थे। शहर में फ्लैग मार्च कर पुलिस जवानों ने अपने तेवर दर्शा दिए। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि शांतिपूर्ण तरीके से ईद त्योहार मनाएं। त्योहार के दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस ने पैदल मार्च के दौरान शहर के हॉस्पिटल चौक, पहाड़ी मोहल्ला, कनीराम चौक, सब्जी बाजार होते हुए पुनः थाना पहुंचे। मौके पर उपस्थित एसआई उपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि ईद त्योहार के मौके पर शहर के सभी मस्जिदों में पुलिस बल की तैनाती रहेगी।उन्होंने कहा कि ईद के त्योहार को लेकर शहर में सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया गया है। खासकर, असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ईद को लेकर शहर और आसपास के इलाकों के धार्मिक स्थलों के बाहर पुलिस बल के जवानों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। इसके अलावा असामाजिक तत्व पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

मेदिनीनगर में ईद-उल-फितर की नमाज का वक्त

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): जामा मस्जिद छह मुहान 8.15 बजे, छोटी मस्जिद मेन बाजार 7.30 बजे, नूरी मस्जिद पहाड़ी मुहल्ला 7.00 बजे, मदीना मस्जिद मुस्लिमनगर 7.40 बजे, मिललत मस्जिद कुण्ड मुहल्ला 8.15 बजे, मस्जिद-ए-हेरा राईन मुहल्ला 8.30 बजे, अलकसीम मस्जिद नावाटोली 8.30 बजे, अहले हदीस मस्जिद मुस्लिमनगर 6.45 बजे।

शाहपुर

मस्जिद-ए-तैबा पनेरीबांद 7.30 बजे, मस्जिद-ए-इमामियांइमामियां मुहल्ला 7.30 बजे, मस्जिद-ए-रहीमियां, गढ़वा रोड़ 8:00 बजे, मस्जिद-ए-सैयदना चिश्तिनगर पनेरीबांध 7.45 बजे, गौसिया मस्जिद नई मुहल्ला 7.30 बजे, जामा मस्जिद कौरैशी मुहल्ला 8.30 बजे।

चैनपुर

जामा मस्जिद चैनपुर 8.00 बजे, हमादिया मस्दिज थाना रोड़ 7.45 बजे, जामा मस्जिद नेउरा 7.00 बजे, छोटी मस्जिद नेउरा 7.30 बजे।

छतरपुर

जामा मस्जिद खाटीन 8.00 बजे, मसिहानी मस्जिद मसिहानी 8.30 बजे, मानदेया खान मस्जिद मानदेया 7.30 बजे, अंसारी टोला मस्जिद अंसारी टोला 7.30 बजे।

दो लाख उनचास हजार की लागत से विद्यालय में शौचालय का निर्माण

केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में मुखिया निधि के 15वे वित्त मद से दो लाख उनचास हजार की लागत से शौचालय का शिलान्यास शिलापट्ट लगाकर किया गया। इस दौरान मुखिया प्रमोद कुमार एवं प्रमुख चन्द्रावती देवी ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़ कर किया। मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि मै इस विद्यालय से शिक्षा अध्यन्न किया हूँ। केतार प्रखण्ड की धरोहर विद्यालय में बहनो के लिए शौचालय नही था । मेरा प्रयास था कि मुखिया बनने के बाद पहला कार्य बहनो का सम्मान के लिए शौचालय निर्माण का कार्य किया जाएगा। आज इस कड़ी में प्रमुख महोदया चन्द्रावती देवी शिलान्यास की घड़ी में साक्षी बनी जो सराहनीय कदम है। इस मौके पर प्रमुख चन्द्रावती देवी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान देना सराहनीय कार्य है हम सभी मिलकर इस विद्यालय को विकसित करने का काम करेंगे। इस मौके पर रामविचार साहू, सुरेंद्र प्रसाद, हेमन्त पाठक वार्ड सदस्य वीरबल राम, उपेंद्र बैठा, अरविंद बैठा, बाबूलाल बैठा, रामाश्रय मेहता, नंदकिशोर पाल, शिक्षक जवाहर दुबे, दिलेश साह, गौतम पाल, मनोज मेहता, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

8 क्लास के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को विद्यालय से दी गई विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार (गढ़वा) : प्रखंड के बेलाबार मायर इस्थिति झारखंड पब्लिक स्कूल से 8 क्लास के छात्र- छात्राओं को उत्तीर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उक्त विद्यालय के अध्ययनरत कक्षा 5,6,7 क्लास के छात्र छात्रा शामिल रहे। इस अवसर पर विधालय के प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार पटेल ने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कैसे की जाए तथा आगे कैरियर का चुनाव के बारे में आवश्यक टिप्स दिए। उन्होंने विधार्थियो के साथ बिताए अपने सुखद क्षणों को सांझा भी किया और कहा कि आप सभी छात्र-छात्राएं हमसे तो दूर हो रहे हैं परंतु हमारे सिद्धांतों से दूर कभी नहीं होंगे इसलिए आप अपने को निखारे हम हमेशा आप के लिए उपलब्ध रहेंगे। वही विद्यालय के डायरेक्टर शिवव्रण साह ने उक्त छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और या प्रखंड वासियों से आह्वान किया कि वैसे छात्र-छात्रा जिनके मां बाप असहाय और निहायत ही गरीब हैं जो अपने बच्चों का पढ़ाई का खर्च नहीं उठा पा रहे हैं वह महाविद्यालय आकर हमसे संपर्क करें मैं उन्हें स्वेच्छा से निशुल्क शिक्षा देने का कार्य करूंगा। अंत में कापी तथा कलम देकर छात्र छात्राओं को विदाई किया गया। इस अवसर पर विधालय के सहायक शिक्षक, अभिषेक सिंह, सतोष पाल, पार्वती गुप्ता, सुगवंती कुमारी, सिता कुमारी, झांती कुमारी, हाजरा खातुन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

हुसैनाबाद एफसीआई गोदाम से अगस्त सितंबर 2022 व जनवरी 2023 का 20 से 22 हजार क्विंटल राशन का हुआ गबन

➲ खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता के सचिव डॉ. अमिताभ कौशल को सौंपा गया ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू) : हुसैनाबाद प्रखंड परिसर स्थित एफसीआई के गोदाम से अगस्त, सितंबर 2022 एवं जनवरी 2023 का प्रखंड क्षेत्र के 22 ग्राम पंचायतों के लाभुकों का करीब 20-22 (बाईस हजार) क्विंटल राशन गबन की शिकायत भारतीय जनता पार्टी उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव डॉ अमिताभ कौशल से प्रोजेक्ट भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर किया है सौंपे गए ज्ञापन में यह भी उल्लेख कर बतलाया गया है कि ग्राम पंचायत महूदंड के जनजातीय डाकिया योजना पीटीजी के राशन का 35 किलोग्राम की पैकेट की जगह 25 किलोग्राम का ही राशन पैकेट माह जनवरी में वितरण किया गया है। ग्राम पंचायत बैरांव एवं झरगड़ा के लाभुकों को चार माह यानी अगस्त, सितंबर, दिसंबर 2022 एवम् जनवरी 2023 का राशन आज तक नहीं दिया गया है इस संबंध में सचिव अमिताभ कौशल को श्री मेहता ने विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहा है कि प्रखंड क्षेत्र के 20 ग्राम पंचायत के लाखों ग्रामीण लाभुकों को 3 माह यानी अगस्त, सितंबर 2022 एवं जनवरी 2023 का एक - एक राशन नहीं दिया गया है वहीं दो ग्राम पंचायत बैरांव व झरगड़ा के हजारों ग्रामीण लाभुकों को 4 माह यानी कि अगस्त, सितंबर, दिसंबर 2022 एवं जनवरी 2023 एक - एक राशन का वितरण नहीं किया गया है यहां तक की बैगा जनजाति बहुल एकमात्र ग्राम पंचायत महुदंड के जनजातीय समुदाय के 7-- 8 सौ राशन कार्ड धारियों के राशन वितरण में भारी घालमेल की गई है पूर्व में इस मामले की जांच के नाम पर लीपापोती करने का भी प्रयास किया गया है जिसके तहत 20-22 हजार क्विंटल गबन में से मात्र 400 कुछ क्विंटल राशन गबन का आरोप पूर्व के एजीएम पर होना पाया गया है और इस पर पूर्व के एजीएम पर सजा भी मुक्कर्र की गई है इस पर उन्होंने झारखंड सरकार के खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव डॉ अमिताभ कौशल नेआश्वस्त किया कि मैं त्वरित एक टीम भेजकर इसकी जांच उपरांत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की करूंगा।

पलामू पुलिस ने रेलवे ट्रैक से बरामद किया युवक का शव, हत्या की आशंका

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): सदर थाना क्षेत्र के बजराहा रेलवे ट्रैक से पुलिस ने टनटन उर्फ सुस्मित नामक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है और पूरे मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया है।जिला में युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई है. मृतक की पहचान पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के रबदी के निवासी पप्पू उपाध्याय के पुत्र टनटन उपाध्याय के रूप में हुई है. टनटन उपाध्याय का शव सदर थाना क्षेत्र के बजराहा में रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ है। सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि टनटन उपाध्यक्ष की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है। पुलिस पूरे मामले में अनुसंधान कर रही है और संदिग्धों के खिलाफ छापेमारी कर रही है. टनटन उपाध्याय का सिर और धड़ अलग अलग हो गया है।टनटन उपाध्याय पर कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का आरोप लगा है और पलामू का विभिन्न थानों में आधा दर्जन के करीब एफआईआर दर्ज है और उसका संबंध आपराधिक गिरोह से रहा है. टनटन उपाध्याय आर्म्स एक्ट और हत्या समेत कई गंभीर अपराध के मामले जेल जा चुका है।पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के बजराहा में एक युवक का शव पड़ा हुआ है. युवक का सिर और धड़ अलग अलग है. इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले में अनुसंधान शुरू किया. युवक की पहचान टनटन उपाध्याय के रूप में हुई. परिजनों ने फोटो के आधार पर टनटन उपाध्याय की शव की पहचान की है।पुलिस को आशंका है कि हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है. रेलवे ट्रैक पर कहीं भी खून के धब्बे नहीं थे और युवक की जेब से कुछ भी बरामद नहीं हुआ है. पुलिस को पूरे मामले में अहम जानकारी मिली है, जिसके बाद छापेमारी शुरू की गई है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है।वही इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि टनटन उपाध्याय गुरुवार की शाम बारा लोटा से मैच देखकर परशुराम कार्यालय अपने मोटरसाइकिल से निकला था। परशुराम कार्यालय कुछ देर बैठा इसी बीच किसी ने उसके मोबाइल पर फोन किया। और उसे गाड़ी पर बैठा कर कहीं ले गए। शुक्रवार की सुबह पता चला कि टनटन उपाध्याय का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ है।वही इस घटना के बाद से पुलिस हत्या या आत्महत्या की छानबीन में जुट गई है।

हरिहरगंज में अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुम्मा की नमाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में माह-ए-रमजान के अंतिम शुक्रवार को मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने अकीदत के साथ अलविदा जुमे की नमाज अदा की । रोजेदारों ने नमाज अदा कर अल्लह की इबादत की साथ ही देश और मुल्क के लिए अमन चैन की दुआ मांगी । इस दौरान मदरसा इस्लामिया के मौलाना गुलाम जाबिर ने बताया कि शनिवर को ईद के नमाज को लेकर क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में समय तय कर दिया गया है। बंजारी मस्जिद में सुबह 8 बजे सतगावां में 8:15 महाराजगंज में 7:30 बेलौदर में 7:30 अंसारी बीघा में 7:30 तथा अररूआ खुर्द जामा मस्जिद में 8:30 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। वहीं ईद के मद्देनजर सतत निगरानी एवं विधि व्यवस्था को लेकर छतरपुर एसडीओ नरेन्द्र गुप्ता ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों व ईदगाहों के समीप दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी है।

हुसैनाबाद में रमजान माह के अलविदा जुम्मे पर मुस्लिम समुदाय ने अदा की नमाज

➲ हुसैनाबाद में सभी जगहों पर शनिवार को पढ़ी जाएगी ईद उल फितर का नमाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद (पलामू) : हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के सभी विभिन्न मस्जिदों में रमजान महीने के आखरी अलविदा जुम्मे की नमाज शुक्रवार को बड़े ही अदब के साथ अदा की गई। पारंपरिक लिबास में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अल्लह व रसूल की शान में अलविदा जुम्मे की नमाज में सजदा किया। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोहबंधा गांव के मदीना मस्जिद में भी देखा गया कि काफी संख्या में लोगों ने रमजान माह का आखिरी जुम्मे अलविदा की नमाज पढ़ी गई। मदीना मस्जिद लोहबंधा के इमाम मौलवी युसूफ अंसारी कादरी की अगुवाई में सभी मौजूद मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अल्लह के बारगाह में हाथ उठाकर अपने मुल्क और अपने इलाके के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी। मालूम हो कि इस्लाम धर्म के रमजान महीने में जरुरत मंदों की मदद और खुदा के बताए रास्ते पर चलने वालों पर अल्लह अपनी रहमत बरसाता है। इस्लाम धर्म में बारह महीने में एक यह महीना रमजान शरीफ़ सबसे ज्यादा अफजल (पवित्र) महीना माना गया है। इस महीने बाड़ा बा बरकत का महिना रमजान माना जाता है।इसी महीने में इस्लाम धर्म के सबसे अफ़ज़ल (पवित्र) क़ूरॉन शरीफ़ नाजिल हुई है। इस महीने में रोजा रखना फर्ज हुआ करता है व क़ूरॉन शरीफ़ को इस महीने में ज्यादा से ज्यादा तिलावत करना सवाब ए जरिया है। इस महीने में हलाल रोजी से गरीब व जरूरतमंद लोगों को सदका फीतरा दिया जाता है जिससे यह मिलने वाले इस रुपए से बेसहारा लोगों को सहारा मिल जाता है । और ये इस्लाम धर्म के अनुसार सदका फीतरा मालिक निसाब पर फर्ज है, मुस्लिम समुदाय के हरेक व्यक्ति पर इस वर्ष 45-50 रुपए फीतरा देना जरूरी माना गया है जिससे गरीब जरूरतमंद व असहाय लोगों को मदद मिल सके और खुशी - खुशी अपने परिवारों के साथ ईद का पर्व मना सकें। मालूम हो कि ईद का चांद सऊदी अरब में गुरुवार को ही देखा गया है। वहां के मुताबिक भारत देश में चांद के एतबार से एक दिन बाद ईद मनाई जाती है। अपने भारत मुल्क में शनिवार को सभी जगह ईद की त्योहार मनाएं जाने की उम्मीद है। हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत महुदंड के लोहबंधा मदीना मस्जिद में 7.45 बजे, देवरी कला सुकन बिगहा मस्जिद में 7.30 बजे, देवरी कला मस्जिद में 8.00 बजे, हुसैनाबाद के मुख्य ईदगाह में 7.30 बजे, इमामुन मस्जिद इस्लामगंज 8.00 बजे, नूरी मस्जिद चिकटोली में 7.45 बजे, राजटोली ईदगाह तालाब पर 7.30 बजे, शिया जामा मस्जिद राजटोली 7.45बजे एवम एक जौ मस्जिद इमामबड़ा के समीप 8.00 बजे ईद उल फितर की नमाज पढ़ी जाएगी।

पंचायत समिति कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सचिव पंचायत समिति श्रवण राम के द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, कर्मी एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया गया .बैठक में प्रखंड अंतर्गत सभी कार्यालयों के नाम रेलवे स्टेशन, डाकघर का नाम नगर उंटारी से बदलकर श्री बंशीधर नगर करने का प्रस्ताव रखा गया. सभी सदस्यों से इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किये.बीडीओ ने बताया कि नगर उंटारी स्थित श्री बंशीधर मंदिर अति प्राचीन मंदिर है। जिसे पूर्व में ही राजकीय तीर्थस्थल के रूप में चयनित किया गया है एवं इसकी महत्ता को देखते हुए राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने हेतु सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थानों का नाम नगर उंटारी से बदलकर श्री बंशीधर नगर करने का प्रस्ताव सभी ग्राम पंचायतों से पारित कर पंचायत समिति को उपलब्ध कराया गया है एवं आज की बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत समिति से भी पारित कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु उच्च अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा. विभागीय समीक्षा के क्रम में मनरेगा बीपीओ द्वारा बताया गया कि 54 एकड़ बागवानी जिसमें नींबू , आम , मुनगा आदि की खेती करने के लिए योजना चलाया जा रहा है. वर्तमान में नया स्कीम नहीं लिया गया है .उप प्रमुख द्वारा बताया गया कि पुराने सड़क में डिमांड क्यों नहीं किया जा रहा है। बीपीओ द्वारा बताया गया कि 60-40 का अनुपात नहीं होने के कारण वर्तमान में डिमांड लंबित है। प्रमुख द्वारा मनरेगा में मटेरियल पेमेंट के बारे में पूछा गया एवं सभी पंचायतों में मटेरियल पेमेंट नहीं होने से नाराजगी व्यक्त की गई बी पीओ ने समय कम होने का कारण बताया . स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीवी मुक्त भारत एवं आयुष्मान कार्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं अनुरोध किया गया कि सभी जनप्रतिनिधि अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का प्रयास करें.बीडीओ द्वारा बताया गया कि सभी कर्मियों का नाम एवं मोबाइल नंबर ग्राम पंचायत में प्रदर्शित किया गया है ,जिससे सभी ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिलने में काफी सहूलियत होगी. जेएसएलपीएस के द्वारा आधार लिंक कराने में समस्या आने से भुगतान होने में समस्या हो रही है .बीईईओ ने बताया कि विद्यालयों में पानी की दिक्कत के कारण बच्चों की संख्या काफी कम हो रही है ,जल्द से जल्द विद्यालयों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाय. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता द्वारा शीघ्र सभी विद्यालयों में पेयजल संकट दूर करने का आश्वासन दिया गया। महिला पर्यवेक्षिका बाल विकास को सभी जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र जिसका मरम्मत नहीं कराया जा सकता है वहाँ भवन निर्माण हेतु शीघ्र विभाग को प्रस्ताव भेजने का आदेश दिया गया। पंचायत समिति सदस्यों द्वारा शिकायत की गई कि आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को सुबह का नाश्ता नही देकर सिर्फ खिचड़ी दिया जा रहा है, इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा महिला पर्यवेक्षिका से स्पष्टीकरण पूछते हुए नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भ्रमण करने एवं जांच करने का आदेश दिया. जल मीनार एवं चापानल खराब होने की शिकायत अधिक होने से प्रखंड समन्वयक को शीघ्र सभी चापानल एवं जलमीनार मरम्मत कराने का आदेश दिया गया. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा बताया गया कि अभी सभी पंचायतों को क्लस्टर के रूप में विभाजित कर हर घर को पानी पहुंचाने का कार्य शीघ्र शुरू किया जा रहा है .बीडीओ के द्वारा वैसे सभी अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों जहां इनकी जनसंख्या 50 से अधिक है वहां के लिए धूमकुरिया भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया .सदस्यों के द्वारा दाखिल खारिज नहीं होने एवं जाति निवास प्रमाण पत्र बनने में देरी होने की शिकायत की गई, जिस पर राजस्व विभाग के द्वारा शीघ्र निपटाने का आश्वासन दिया गया. जेएसएलपीएस को ऐसी महिलाएं जो अभी तक स्वयं सहायता समूह से नहीं जुड़ी है को जोड़ने का निर्देश दिया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा पशुओं के टीकाकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई. बैठक में विद्युत विभाग एवं वन विभाग के कर्मियों के अनुपस्थिति पर काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण मांग करने का आदेश दिया गया।

पवित्र माह ए रमजान महीना के अंतिम जुम्मे को हजारों रोजेदारों ने अलविदा की नमाज किया अदा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : पवित्र माह ए रमजान महीना के अंतिम जुम्मे को हजारों रोजेदारों ने अलविदा की नमाज अदा किया। तपती धूप व भीषण गर्मी में मस्जिदों में जाकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अलविदा की नमाज अदा किया. अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में अलविदा का नमाज अदा किया गया। अलविदा के नमाज जामा मस्जिद नगर उंटारी, जामा मस्जिद चेचरिया, बरडीहा जामा मस्जिद, नरही मस्जिद, कधवन मस्जिद, कोइन्दी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में अलविदा का नमाज अदा किया गया। अलविदा की नमाज पढ़ने के लिए सुबह से ही बूढ़े बुजुर्ग बच्चे नौजवानों का मस्जिद में आना शुरू हो गया था। जामिया इस्लामिया जब्बारिया मस्जिद में पेशे इमाम अब्दुल कादिर साहब ने कहा कि रमजान के महीने में रहमतों की बारिश होती है। जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। जहन्नुम के दरवाजे बंद कर दिये जाते हैं। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को जकात व फितरा निकाल कर गरीबों में तकसीम करनी चाहिए। ताकि गरीब व असहाय लोग भी खुशी-खुशी ईद का त्योहार मना सकें। उन्होंने कहा कि जो शख्स अपने माल का जकात निकालता है,उसका माल पाक व साफ हो जाता है। साथ ही उसके माल में बरकत होती है। सदर तौहिद खान ने कहा कि अलविदा का नमाज अदा करने के बाद देश और मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। मौके पर आमिन खान,पूर्व सदर तस्लीम खान सीनियर, तस्लीम खान, शमीम खान, शोएब आलम, नेपाली खान, महमूद आलम, सुहैल आलम, बाबू खलीफा, तौवाब खान, फुलटून खान, सहित बड़ी संख्या में लोगो ने अलविदा की नमाज अदा किया। इधर बरडीहा मस्जिद में सदर मुश्ताक अहमद शेख, डॉ ताहीर अंसारी, राहत हुसैन, मसउवर अंसारी, हाफिज मनउवर अंसारी, मौलाना आबिद हुसैन, हाफिज जावेद अख्तर, रागिब, रासिब, इंतजार, समसिर, गुलाम मकसूद सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अलविदा का नमाज अदा किया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

सीएम ने जवानों की शहादत पर शोक जताया

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जम्मू-कश्मीर के पूंछ सेक्टर में आतंकी हमले में शहीद होने वाले पांच जवानों की शहादत पर शोक जताया है। जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए सोरेन ने कहा कि जवानों की शहादत की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। परमात्मा वीर जवानों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

शहीद पाण्डेय गणपत राय की शहादत पर सीएम ने दी श्रद्धांजलि

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वर्ष 1857 क्रांति के नायक व झारखंड की माटी के वीर सपूत अमर वीर शहीद पाण्डेय गणपत राय के शहादत दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने अमर वीर शहीद को शत- शत नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने अदम्य साहस, वीरता और नेतृत्व क्षमता से अंग्रेजों की जड़ें हिला दी थीं। उनकी शहादत को कभी भुला नहीं जा सकता।

वार्ड पार्षद निर्मला गाड़ी ने किया सड़क का शिलान्यास

रांची : नगर निगम रांची वार्ड नंबर 53 के अंतर्गत रांची खूंटी रोड में गणेश मोहल्ला रोड में लाल साहब के घर तक सड़क निर्माण का कार्य शिलान्यास वार्ड पार्षद निर्मला गाड़ी के कर कमलों द्वारा किया गया। जिसमे उपस्थित लाल साहेब जी, छोटू तिर्की, रवि राज, सागर महतो, पिरवा कच्छप, राणा टोप्पो, टुनटुन जी, रूपेश कुमार और सभी गणेश मुहला वासी उपस्थित हुए।

फर्नीचर दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : नगर के सदर थाना क्षेत्र के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया हनुमान मंदिर के समीप एक फर्नीचर की दुकान और गोदाम में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई । इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने नहीं होने की खबर है, लेकिन लाखों का नुकसान हुआ है।बताया गया कि कोकर इंडस्ट्रियल एरिया हनुमान मंदिर के समीप स्थित एक दुकान व कॉम्प्लेक्स के संचालक अशोक अग्रवाल और उनके परिवार के छह सदस्य कॉम्प्लेक्स के प्रथम तल्ले रहते थे। सुबह अचानक कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लग गई। आग से प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल और प्लाई के समान थे, जो जलकर पूरी तरह से राख हो गया है। किसी तरह कॉम्प्लेक्स के ऊपर रह रहे परिवार के सभी छह सदस्यों को बाहर निकाल लिया गया। वहां पास

में स्थित पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने आग लगने की सूचना पुलिस को दी।आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है । आग की लपटे इतनी भयावह थीं कि दुकान तक कोई भी सामने नहीं जा पा रहा था। मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड के अधिकारी राजेंद्र राम बताया कि सुबह तीन बजे से आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। फायर ब्रिगेड के सात वाहन आग बुझाने में लगे हुए हैं। अब तक 25 गाड़ी पानी का उपयोग किया जा चुका है। फिलहाल आग बुझाने का प्रयास जारी है। विकास फर्नीचर नामक दुकान में आग लगी पीछे तक कॉम्प्लेक्स में पूरी तरह से फैल चुकी है।

एनटीपीसी का युवा कौशल विकास प्रशिक्षण संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सीएसआर के तहत, एनटीपीसी कोल माइनिंग ने दो पाठ्यक्रमों मशीन ऑपरेटर इंजेक्शन मोल्डिंग और मशीन ऑपरेटर में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों से सभी कोयला खनन परियोजना क्षेत्रों और इसके आसपास के क्षेत्रों की 4 लड़कियों सहित 80 युवाओं को प्रायोजित करने की पहल की। प्लास्टिक प्रसंस्करण। पाठ्यक्रम 6 महीने की अवधि के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी), रांची के सहयोग से चलाया गया था। पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), एनटीपीसी ने 19.04.2023 को मुख्य अतिथि के रूप में समापन सत्र सह नौकरी प्रस्ताव पत्र समारोह की शोभा बढ़ाई। प्रवीन बाछाव, संयुक्त निदेशक और प्रमुख, सिपेट, रांची, नवीन जैन, सीजीएम, एसएससी-सी एंड एम; बी एम सिंह, महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग); के एस मूर्ति, जीएम (एचआर); टी के कोनार, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं); और अपूर्व घोष, एजीएम (इंजीनियरिंग) भी उपस्थित थे। पार्थ मजूमदार ने लगभग 100त्न प्लेसमेंट के साथ पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सभी छात्रों को बधाई दी। छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने छात्रों से जीवन के नए युग के लिए खुद को तैयार करने को कहा और उन्हें सलाह दी कि वे केंद्रित रहें और सीखने के हर अवसर का लाभ उठाएं। प्रवीन बाछाव, संयुक्त निदेशक और प्रमुख, सीआईपीईटी और एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने छात्रों को उनके उज्ज्वल कैरियर के लिए प्रोत्साहन, प्रशंसा और शुभकामनाओं के शब्दों को साझा किया और उनके माध्यम से दूसरों के लिए प्रतीक और प्रेरणा बनने का मार्ग प्रशस्त किया। प्रोत्साहन के प्रतीक के रूप में, छात्रों के बीच प्रेरणादायक हिंदी पुस्तकें वितरित की गई ।

ईद को लेकर रांची के ट्रैफिक में रहेगा बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राजधानी रांची में ईद को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। हरमू ईदगाह में शनिवार की सुबह ईद की नमाज अदा की जायेगी। इस कारण सुबह 7:30 से 10 बजे तक सहजानंद चौक की ओर से आने वाले सभी वाहनों पर किशोरगंज से न्यू मार्केट चौक की ओर जाने पर पाबंदी रहेगी। इस दौरान हरमू की ओर से रातू रोड और कचहरी आनेवाले वाहन पुरानी रांची, बड़ा तालाब, शहीद चौक एवं रेडियम चौक होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। उसी प्रकार न्यू मार्केट से हरमू बाइपास होकर सहजानंद चौक की ओर जाने वाले वाहन उसी मार्ग का प्रयोग करेंगे।

मेन रोड पर वाहनों का रूट डायवर्ट

- अलबर्ट एक्का चौक से सुजाता चौक की ओर जाने वाले वाहनों को सर्जना चौक, मिशन चौक, कर्बला चौक, बहू बाजार चौक और मुंडा चौक (सिरमटोली चौक) होते हुए सुजाता चौक की ओर निकाला जायेगा।
- सुजाता चौक से अलबर्ट एक्का चौक आने वाले वाहनों को सुजाता चौक से एकरा मस्जिद चौक (रतन पुलिस पोस्ट), कर्बला चौक, मिशन चौक होकर सर्जना चौक अथवा प्लाजा चौक की ओर डायवर्ट किया जायेगा।

रांची : वार्ड 49 में दो नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। वार्ड संख्या 49 मे वार्ड की लोकप्रिय पार्षद जमीला खातून के द्वारा गुरुवार को मनीटोला स्थित वारसी चौक में जावेद असलम के घर से सरकारी कुआं तक एवम मदरसा लेन में मुमताज़ के घर से असलम के घर तक, 16 लाख की लागत से 2 आरसीसी नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। उक्त स्थान में नाला निर्माण की मांग स्थानीय लोगों ने वार्ड पार्षद जमीला खातून से किया था जिसे पार्षद के द्वारा त्वरित संज्ञान में लेते हुए निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को किया गया।मौके पर लोगों ने पार्षद जमीला खातून का भव्य

स्वागत किया और उनके द्वारा किए जा रहे विकास के कार्यों की खूब सराहना किया ।मौके पर पार्षद प्रतिनिधि मो रिजवान, अहमद आलम, जावेद,अशरफ, महबूब आलम, मोहम्मद आलम, आसिफ रजा,असलम, कलाम मुखिया, जुल्फेकार अली, लियाकत, मो सरफराज मो मोहसिन, सफीक सहजाद, याकूब, सहनशाह, इब्राहिम रजा, सैरून निशा, आसमा परवीन, आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

अक्षय तृतीया मनाएं टीबीजेड के ऑफर के साथ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। चर्च कंपलेक्स के एसी मार्केट स्थित टीबीजेड दी ओरिजिनल स्टोर में 22 अप्रैल को अक्षय तृतीय का शुभ मुहूर्त को देखते हुए, ग्राहकों के लिए खासकर महिला ज्वेलरी की डीजाइन के साथ उपस्थित हैं। ऐसे मौके पर गोल्ड मेकिंग और डायमंड सहित खरीदारी बड़ी धूमधाम के साथ टीबीजेड अपने ग्राहकों के लिए स्वारा, ह्वियूज, नव्या जैसे बेहतरीन गहने लेकर आया है । निधि शरण ने बताया कि सबसे बड़ी बात हमारे ग्राहकों के लिए यह है, कि यदि वे गोल्ड ज्वेलरी खरीदते हैं।

और इसे बनवाते हैं तो इसके फ्लाइट पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई है।

साथ ही डायमंड ज्वेलरी पर कोई बनवाई चार्ज नहीं लगेगा । यानी कि दोनों तरफ से ग्राहकों के लिए फायदे ही फायदे हैं।

साथ ही अगर वह हमारे टीबीजेड ऐसी मार्केट में आकर यहां खरीदारी गोल्ड मेकिंग और डायमंड सहित करते हैं तो उसे गिफ्ट भी दिया गया है।

फ्रेंचाइजी ऑनर संजय , संचिता राजगढया, स्टोर मैनेजर निधि शरण और मार्केटिंग मैनेजर रवि सिन्हा ने संयुक्त रूप से बताया कि बेझिझक होकर टीबीजेड के शो रुम आइये और अपनी पसंद के गहने खरीदकर ले जाइये।

वाम जनवादी ताकतों को एकताबद्ध करने के लिए 20 मई को होगा राज्यस्तरीय सम्मेलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : वामदलों की एक बैठक शुक्रवार को भाकपा माले राज्य कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पोलित ब्यूरो कमेटी के सदस्य जर्नादन प्रसाद ने की। वामदलों के नेताओं ने केन्द्र सरकार को तानाशाह बताया।

लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए व वाम जनवादी ताकतों को एकताबद्ध करने के लिए 20 मई को वामदलों का राज्यस्तरीय सम्मेलन बुलाया है।उन्होंने देश बचाने की लड़ाई में वाम जनवादी ताकतों को एकताबद्ध कर संघर्ष करने का आह्वान किया। इसके लिए वाम दलों ने आगामी 20 मई को राजधानी रांची में एक राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह सम्मेलन झारखंडी जनता के सवाल और वाम जनवादी शक्तियों का संघर्ष विषय पर आयोजित होगा। इसके लिए 10 सूत्री जनमुद्दों पर आधारित चार्टेड ऑफ़ डिमांड तैयार किया गया। इसमें जन आंदोलन से जुड़े कई हस्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसमें स्थानीय एवं नियोजन नीति पर सर्वदलीय बैठक आयोजित कर स्थानीय एवं नियोजन नीति जल्द तैयार करने, रोजगार की गारंटी देने, जंगल, जमीन और खनिज लूट और विस्थापन पर लगाम लगाने, स्वस्थ्य और शिक्षा का निजीकरण पर रोक लगाने, मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में मजदूरी और कार्यदिवस में बढ़ोतरी करने, महंगाई और श्रम कानूनों में संशोधन वापस लेने सहित कई मांगें की जाएंगी। अगली बैठक 2 मई को माकपा राज्य कार्यालय में होगी। इसमे आगे की रणनीति तय होगी। बैठक में भाकपा माले राज्य सचिव मनोज भक्त, राज्य कमेटी सदस्य भुवनेश्वर केवट, मोहन दत्ता, माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ,राज्य सचिव मण्डल सदस्य समीर दास, भाकपा के रांची जिला सचिव अजय सिंह, मासस राज्य कमेटी सदस्य राजेंद्र गोप, शुशांतो मुखर्जी, आरएसपीआई के गणेश दीवान वर्मा, एसयूसीआई के मिंटू पासवान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

जनभावनाओं को कुचलना चाहती है राज्य सरकार : दीपक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। विगत 11अप्रैल को प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम ने हेमंत सरकार की दमनकारी सोच को पूरी तरह उजागर कर दिया है। यह सरकार अपने खिलाफ आंदोलन करनेवालों के साथ आतंकवादियों, देशद्रोहियों जैसा व्यवहार करती है। अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने केलिए यह सरकार अत्याचारी बन गई है। इसलिए लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे नेताओं पर यह

सरकार संगीन अपराध की धाराएं लगाती है, आनन फानन में नोटिस भेज कर पूछताछ केलिए थाना बुलाती है। सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा मुकदमों से नही डरती। भाजपा ने जनभावनाओं के अनुरूप सदन से सड़क तक राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार,ठगबंधन की वादा खिलाफी को उजागर करने केलिए संकल्पबद्ध है। प्रकाश ने कहा कि उनके साथ भाजपा विधायक सीपी सिंह,नवीन जायसवाल,समरी लाल एवम सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक 22अप्रैल को धुर्वा थाना में पूछताछ केलिए हाजिर होंगे और सारे सवालों का संवैधानिक रूप से जवाब भी देंगे।

कांग्रेस का सवाल, केंद्र सरकार बताए- अडाणी के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये कैसे आये

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आभा सिन्हा ने अडानी को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हिडंनबर्ग की रिपोर्ट में अडानी के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये कैसे आये हैं, यह केंद्र सरकार को बताना चाहिए। केंद्र सरकार ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द कर अडाणी के मुद्दा से भटकाने का काम किया। उन्होंने कहा कि अडाणी के खाते में इतनी बड़ी रकम कैसे आयी, जब अडानी के शेयर औंधे मुंह गिर रहे थे, तब एसबीआई और एलआईसी ने उन्हें अपने पैसे कैसे दिए और किसके आदेश से दिए। उन्होंने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है और जब इसकी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आंच आएगी तो कांग्रेस चुप नहीं रहेगी, चाहे उसके लिए कोई भी कुर्बानी देनी पड़े। कांग्रेस देश के लिए हमेशा से कुर्बानी देते आयी है। आज राहुल गांधी आम लोगों की आवाज बन चुके हैं।

जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले की माकपा ने की भर्त्सना

रांची : माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कश्मीर घाटी में सेना के वाहन पर हुए आतंकी हमले की कड़ी भर्त्सना की है। इस कायराना हमले में सेना के पांच जवान शहीद हुएं हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी प्रकार के समझौते की गुंजाइश नहीं है। इस आतंकी हमले की पूरी जांच होनी चाहिए। इससे सबक लेते हुए आतंकवाद से और बेहतर तरीके से निपटने की तैयारी होनी चाहिए। उन्होंने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है।

एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने आदर्श वृद्धाश्रम को कूलर दिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची: स्वयंसिद्धा लेडीज़ क्लब, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने अपनी सीएसआर पहल के तहत गर्मी के मौसम के दौरान आदर्श वृद्धाश्रम के सदस्यों को राहत प्रदान करने के लिए एक पहल के रूप में तीन कूलर प्रदान किए। महिला क्लब इसके साथ ही खाद्य सामग्री और सब्जियां की ताजगी बनाए रखने के लिए के लिए एक डीप फ्रीजर भी प्रधान किया । यह पहल ,अध्यक्ष महुआ मजूमदार के

मार्गदर्शन में किया गया था।

यह नेक पहल लेडीज़ क्लब की उपाध्यक्ष संचिता कोनार, लक्ष्मी मूर्ति, एम एस राम्या, महासचिव और मनसा वर्मा, सचिव, सीएसआर की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का आयोजन कोविड दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर मजूमदार ने बुजुर्गों के साथ बातचीत की साथ ही सहज योग और ध्यान द्वारा कैसे के साथ शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते है, साझा किया। कार्यक्रम का समापन फल वितरण के साथ हुआ।

ईडी के समन पर नहीं पहुंचे आईएएस छवि रंजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। बरियातू स्थित सेना की जमीन को लेकर हुए घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय के समन के बाद भी आईएएस छवि रंजन शुक्रवार को ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे।

अधिकारी के वकील ने ईडी कार्यालय पहुंचकर आज न पहुंचने का कारण बताते हुए मई के प्रथम सप्ताह का समय देने की मांग की है, लेकिन ईडी ने उनकी मांग खारिज कर दी है।

आईएएस छवि रंजन ने ईडी से दो सप्ताह का समय देने की अपील की थी, जिसे खारिज करते हुए ईडी ने उन्हें शुक्रवार को पूछताछ के लिए शाम चार बजे तक पेश होने को कहा था। ईडी के नोटिस के बावजूद छवि रंजन ईडी के सामने पेश नहीं हुए।

छवि रंजन की जगह उनके वकील अभिषेक गुप्ता शुक्रवार को ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी अधिकारियों से मुलाकात के बाद छवि रंजन के वकील ने कहा कि सरकार द्वारा उन्हें पहले ही 17 अप्रैल से लेकर 1 मई तक पितृत्व अवकाश मिल चुका

था। इसलिये हमने मई के पहले हफ्ते के बाद का समय देने का निवेदन किया है। वकील ने कहा कि वह शहर में नहीं है। शनिवार के बाद ही वह शहर आ पायेंगे। हालांकि, ईडी के अधिकारियों ने छवि के वकील के इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। वकील ने बताया कि एक बार से आवेदन रिसीव करा दिया गया है।

उसमें कहा गया है कि वे ईडी की जांच में पूरा सहयोग करने के लिए तैयार है, शनिवार के बाद का कोई भी तिथि दिया जाये। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 13 अप्रैल को सेना की जमीन घोटाला मामले में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। कोर्ट ने सातों आरोपितों को 14 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर ईडी आईएएस छवि रंजन से पूछताछ करेगी। इससे पूर्व ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को 17 अप्रैल को समन कर पूछताछ के लिए 21 अप्रैल को क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया था।

झामुमो नेता के पिता का डोरंडा कब्रिस्तान में हुआ मिट्टी मंजिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय नेता लाडले खान के पिता तौहिद खान 72 वर्षीय का निधन गुरुवार को हो गया था, वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। जिसकी मिट्टी मंजिल अलविदा जुमा के नमाज बाद डोरंडा ईदगाह कब्रिस्तान में किया गया । इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ मांजी लाडले खान के आवास में पहुंचकर शोक व्यक्त की। इस अवसर पर कई सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक नेताओं ने भी शोक व्यक्त किया । डोरंडा कब्रिस्तान में मिट्टी मंजिल के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू, झारखंड प्रदेश जमीअतुल कुरेश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, वार्ड पार्षद नसीम गद्दी, अंजुमन इस्लामिया के पूर्व उपाध्यक्ष मंजर इमाम, समाजसेवी डॉ असलम परवेज, एआइएमआइएम के नेता शाहीद,माले नेता नदीम खान, महबूब आलम, तस्लीम, रिसालदार बाबा दरगाह ट्रस्ट के सचिव मोहम्मद फारूक, हाजी मोख्तार कुरैशी, मोहर्रम कमेटी के अकील रहमान, इमरान रजा, रमजान कुरैशी, प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य परवेज कुरैशी, नौशाद, अबुजर गफ्फारी, शाहिद रहमान, शमशाद सहित कई लोग शामिल हुए।

अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज

बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता) : प्रखंड क्षेत्र के करँजी, जराटोली, चचकोपी, केशा, घाघरा, हाट्र, बिल्टी, नरकोपी सहित मुस्लिम बस्तियों में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज अकीदत और सादगी के साथ अदा की गई। अलविदा जुमा को लेकर मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखी गई।रोजादारों ने मुल्क के लिए अमन चैन की दुआ मांगी। रमजान माह के आखिरी शुक्रवार को अलविदा जुम्मा मनाया जाता है । इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह से खास दुआ मांगते हैं।अलविदा जुम्मा है का मतलब होता है, जुम्मे की विदाई। यह ईद से ठीक पहले शुक्रवार को मनाया जाता है। इस बार रमजान का शुरू और आखिर जुमा के दिन से हुआ। मस्जिद के इमाम ने लोगों से अपील किया कि मुबारक माह में अपने गुनाहों की माफी तलब करें, बेशक अल्लाह माफ करने वाला है।उन्होंने कहा कि बदनशीब है वह इंसान जिसे मोबारक महीना मिला और गफलत में गंवा दी। आगे कहा कि जिस तरह से आप सभी लोगों ने पवित्र रमजान के मौके पर कुरान का पाठ तरावी की नमाज और रमजान के रोजे रखकर अपने अल्लाह को याद किया।उसी तरह आम दिनों में भी मस्जिदों को आबाद रखें और अपने प्यारे नबी पाक हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम के बताए हुए रास्ते पर चल कर ही कामयाबी हासिल कर सकते हैं। रमजान का महीना रहमतों और बरकतों से भरा है। इस माह में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। आप सब ईद की खुशी में गरीबों मजबूर, विधवा, अनाथ व जरूरतमंदों को दिल खोलकर मदद करे।

सिल्ली थाना परिसर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सिल्ली थाना परिसर मे शुक्रवार की शाम रमजान महीने के दावत- ए- इफ्तार का आयोजन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन आशिष लकड़ा की अध्यक्षता मे किया गया! इस दावते इफ्तार में मुस्लिम समुदाय समेत कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन आशिष लकड़ा ने कहा कि यह रमजान का महीना बहुत ही पाक का महीना होता है! खुदा सबकी बरकत करता है! इस दावत- ए- इफ्तार में सिल्ली थाना मुरी ओपी सहित सभी समुदाय के लोग भी शामिल हुए इस दावते पर में कई तरह के व्यंजन का इस्तेमाल किया गया! इस रमजान महीने मे मेल मिलाप से लोगों में काफी खुशी का माहौल रहता है और भाईचारा का प्रतीक होता है! मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा त्यौहार ईद होता है इस त्यौहार को सभी कोई आपस में मिलकर भाईचारा के साथ मनाए।

इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : मांडर प्रखंड अंतर्गत ब्राम्बे ग्राम के एनएच 75 पथ में रमजानुल मुबारक का अलविदा जुम्मा के दिन इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। यह इफ्तार पार्टी स्व मुस्तफा अंसारी के फैमिली के तरफ से रखा गया था। जिसमें आसपास के गांव से सैकड़ों रोजदार शामिल हुए। इस दौरान ब्राम्बे पंचायत के उप मुखिया मोइन आलम ने कहा कि रमजान का महीना पाक और रहमतों का महीना है। आज हमें बेहद खुशी महसूस हो रही है की आज रोजा का उन्तीस दिन पूरा हो गया। वहीं आज रमजानुल मुबारक का महीना का अंतिम दिन है चांद का दीदार हो गया है, कल पूरी हर्षोल्लास के साथ ईद उल फितर का नमाज अदा की जाएगी। प्रत्येक साल अलविदा जुम्मा का दिन इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है। हम सभी लोगों ने आसपास के गांव वालों से मिलकर इफ्तार किए हैं। सामूहिक इफ्तार से आपसी प्रेम बढ़ता है। गरीब व अमीर बिना भेदभाव एक-दूसरे के साथ रोजा खोलते हैं। इस माह में की गई नेकियों का सवाब अल्लाह जरूर देता है। साथ ही मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआ मांगी गई।

अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) : इस वर्ष माह ए रमजान की शुरुवात मार्च महीने से हुई जो अप्रैल महीने के अंत में जाकर समाप्त हुई।माह भर चलने वाले इस पाक महीने में रोजेदारों ने पूरे महीने रोजा रखा।माह के अंत में चिलचिलाती तेज धूप और भीषण गर्मी भी रोजेदारों के हौसले को पस्त ना कर पाई बल्कि रोजेदारों ने तेज धूप लू और भीषण गर्मी का सामना करते हुए अपने रोजे को बखूबी पूरी कर बताया कि अगर सच्चे दिल से ऊपर वाले को याद करते हुए उनकी इबादत की जाए तो कुछ भी नामुमकिन नहीं है।वही माहे रमजान की आखिरी जुम्मे यानी शुक्रवार को मुरी सिल्ली के मस्जिदों में रोजेदारों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की।जिसके बाद दूसरे दिन शनिवार को हर्षोल्लास और मेल मिलाप का त्यौहार ईद आने की खुशी रोजेदारों के चेहरों पर साफ देखी गई तो वही माहे रमजान महीने की अंतिम जुम्मे को शांति मन से रोजेदारों ने माहे रमजान को अलविदा कहा।अलविदा जुम्मे के खास मौके पर मुरी सिल्ली के मस्जिदों में रोजेदारों की काफी भीड़ रही।जहां रोजेदारों ने अलविदा जुम्मे की नमाज में परवरदिगार से देश में शांति,खुशहाली और अमन-ओ-चैन की दुआ मांगी।तो वही बारिश के लिए लोगो ने दुआ की।

लपरा पंचायत में निकाली गई प्रभात फेरी

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर शुक्रवार को लपरा पंचायत में प्रभात फेरी निकाली गई।इससे पहले मुखिया पुतुल देवी ने सभी लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलाई और गांव एव पंचायत को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया।पंचायत के मुखिया पुतुल देवी के नेतृत्व में पंचायत भवन से प्रभात फेरी निकाली गई।प्रभात फेरी में स्कूली बच्चों ने स्वच्छता जागरूकता को लेकर हाथों में तख्ती लेकर नारा लगाया।पंचायत भवन से प्रभात फेरी मैकलुस्कीगंज स्टेशन तक गया और वापस पंचायत भवन में लौट गए।मुखिया पुतुल देवी ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर 21 से 24 अप्रैल तक पंचायत में कई कार्यक्रम किया जाएगा।जिसके तहत शुक्रवार को हमारा पंचायत स्वच्छ स्वस्थ महिला एव बाल मैत्री ग्राम पंचायत पर कार्यक्रम किया गया।इस मौके पर पंचायत सेवक परीक्षित महतो,नेहा प्रसाद,उषा चौधरी,ममता गुप्ता, सबीना खातून,मनीषा गुप्ता,मार्गेट लकड़ा,कमलनाथ महतो,नागदीप कुमार,रविन्द्र मुंडा,पवन साहू,हरि पाहन, परीक्षित महतो,अनिल साव,राधेश्याम प्रसाद,रुत ख़लखो,रीना देवी,तारा देवी,प्रमिला कुमारी,सबिता देवी,यशोदा देवी सहित कई लोग शामिल थे।

सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता विफल

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : खलारी सीमेंट फैक्टरी प्रबंधन के द्वारा अवैध रूप से उठाए जा रहे सैलारी को लेकर खलारी प्रखंड सभागर में पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन जारी रहा. लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण व गांव की सरकार को फैक्टरी प्रबन्धन ने पत्र जारी कर खलारी सीमेंट फैक्टरी सभाकक्ष में आने का निमंत्रण दिया. अथवा जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मांग पर चर्चा कर निष्कर्ष निकलने की बात कही गयी. सीमेंट फैक्टरी प्रबंधन के बुलावे पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीण पहुँचे,जहाँ पर दोनों ओर की बात पर कोई सकारात्मक पहल नही निकला. इस संबंध में जिला परिसद सरस्वती देवी ने बताया फैक्ट्री प्रबंधन के बुलावे पर जनप्रतिनिधि व ग्रामीण गए थे. दोनो पक्ष के चर्चा में अपनी मांग को रखते हुए बताया गया कि जिस स्थान पर सीमेंट फैक्ट्री के द्वारा सैलारी उठाव करके बेचा जा रहा है. वह ग्राम पंचायत के अधीन आता है. जिसे फैक्ट्री प्रबंधन बेच नही सकता है. अथवा उक्त स्थल सीमेंट फैक्ट्री का लीज समाप्त हो गया है. इस पर प्रबंधन ने बताया कि फैक्ट्री की सारी जमीन लीज में है. और वह फैक्ट्री का वास्तु है. इस पर जनप्रतिनिधियों ने प्रबंधन से फैक्ट्री का जमीन का सारा कागजात मांग किया गया तो प्रबंधन देने में असमर्थ रहे. बताया कि दोपक्षीय वार्ता विफल रही धरना प्रदर्शन जारी रहेगा. जब तक मांग पूरी न हो जाय. अथवा लोगो की समस्याओं का हल पूरा किये बिना धरना जारी रहेगा. मौके पर खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा, पंसस किरण तिर्की,वार्ड सदस्य शुष्मा देवी,रविन्द्र चौधरी,अशोक शुक्ला, रामप्रीत यादव,गुलाम मोहम्मद, प्रदीप टोप्पो सहित अन्य धरना प्रदर्शन में मौजूद थे.

अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : खलारी कोयलांचल में खलारी जामा मस्जिद, जेहली टांड़, बाजार टांड़,जी टाइप सहित विभिन्न क्षेत्रों में रमजान- उल- मुबारक की अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर तेज गर्मी के बीच भी नमाजियों से मस्जिद भरी रही। जामा मस्जिद के इमाम नेहाल अहमद ने नमाज- ए- अलविदा जुमा अदा कराई। नमाज- ए- अलविदा जुमा को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों आज सुबह से ही चहल-पहल देखने को मिली। खास कर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। छोटे-छोटे बच्चे आज नए-नए कपड़े पहन कर नमाज-ए-अलविदा जुमा अदा की। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए नमाजी 11 बजे से ही मस्जिदों में दाखिल होने लगे थे। अलविदा जुमा के अवसर पर उपस्थित नमाजियों को संबोधित करते हुए जामा मस्जिद के पेश इमाम नेहाल अहमद ने कहा कि आज हम सभी रमजान- उल- मुबारक को अलविदा कहने के लिए इकट्ठा हुए हैं। हम सभी लोगों को सिर्फ रमजान- उल- मुबारक को अलविदा कहना है न कि नमाज को उन्होंने कहा कि जिस तरह रमजान- उल- मुबारक के दौरान लोग खुदा की इबादत करने के साथ ही नमाज अदा करते थे। उसे जारी रखने की जरूरत है।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन खलारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में किया गया

खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता): खलारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस प्रत्येक वर्ष इस वर्ष भी मनाया जा रहा है. प्रखंड के 14 पंचायत ग्राम में 21 अप्रैल से लेकर 24 अप्रैल तक मन राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जायेगा. इस संबंध में खलारी प्रखंड से जारी आदेश के अनुसार लोकतंत्र की स्थापना करने के लिये 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के माध्यम से पंचायती राज संस्थान को संवैधानिक स्थिति प्रदान की गई और उन्हें देश में ग्रामीण विकास का कार्य सौपा गया. स्थानीय स्वशासन का अर्थ है स्थानीय लोगों द्वारा निर्वाचित निकायों द्वारा स्थानीय मामलों का प्रबंधन है. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस भारत में पंचायती राज प्रणाली का राष्ट्रीय दिवस है जिसे पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 24 अप्रैल को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर सामुदायिक रूप में किये गए कार्यों को उत्सव, त्यौहार एवं सम्मान के रूप में मनना, स्थानीय सतत विकास लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक दिन के कार्यक्रम का आयोजन, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, विकलांग, अति गरीब, एवं अन्य कमजोर वर्गों की भागीदारी को सुनिश्चित करना।

समाहरणालय, लातेहार
(भू-अर्जन शाखा)
प्रपत्र VII, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अर्जन निदेशालय), या, समाहर्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा
(अधिनियम-30/2013 की धारा-19(1) के अधीन)

संख्या-153/भू0 अ0 दिनांक-20.04.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-बालूमाथ थाना-बालूमाथ थाना संख्या-71 अंचल-बालूमाथ जिला-लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना-बालूमाथ (NH-99 पर) पथ भाया, बालू, लुटी, आरागुण्डी एवं मुरूप लिंक पथ (लम्बाई-36.97 कि0मी0) तक पथ का चौडीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य अपेक्षित है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-बालूमाथ थाना-बालूमाथ थाना संख्या-71 अंचल-बालूमाथ जिला-लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश-**1.455** एकड़ मानक माप का भूखंड, अधिघोषणा किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

क्र0 सं0	ग्राम का नाम	खाता सं0	प्लॉट सं0	भूमि का स्वामित्व	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0
1	बालुमाथ	235	2110	रैयती	मकान सहन	0.021	अयुब मियां, पिता- स्व0 एकराम मियां वो अनवर मियां, पिता- समुइद्दीन मियां, वो अज्ञात	उ0-रास्ता द0-निज पु0-रास्ता प0-2109
2	बालुमाथ	449	2109	रैयती	मकान	0.008	शांति देवी पति विजय कुमार सिंह	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2110 प0-2107
3	बालुमाथ	449	2101/1	रैयती	मकान	0.010	महेश साव पिता स्व0 जगदीश साहु	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2110 प0-2107
4	बालुमाथ	449	2101/2	रैयती	मकान	0.006	राजेन्द्र प्रसाद	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2110 प0-2107
5	बालुमाथ	449	2101/3	रैयती	मकान	0.005	संतोष कुमार	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2110 प0-2107
6	बालुमाथ	449	2101/4	रैयती	मकान	0.004	दिलेश्वर साहु	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2110 प0-2107
7	बालुमाथ	19	2107	रैयती	मकान	0.007	सरयु दयाल पाण्डेय, पिता- स्व0 आदित्य पाण्डेय, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2109 प0-2105
8	बालुमाथ	427	2104	रैयती	मकान सहन	0.017	राजेष सिंह पिता शंभु शरण सिंह	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2105 प0-2102
9	बालुमाथ	330	2102	रैयती	मकान सहन	0.011	अशोक लाल पिता- भीमदास, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2104 प0-2100
10	बालुमाथ	385	2098	रैयती	मकान सहन	0.003	तुलसी साव पिता रिझा साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2101 प0-2037
11	बालुमाथ	32	2096	रैयती	मकान सहन	0.029	शमीम अहमद पिता स्व0 इस्माईल अहमद	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2097 प0-2091
12	बालुमाथ	175	2057	रैयती	मकान सहन	0.005	आकिब वो जाबेद पिता मरहुम मो0 अलीम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2058 प0-2056
13	बालुमाथ	175	2056/1	रैयती	टाड़ दो	0.002	अजहर आलम पिता इजहार हक	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2057 प0-2055
14	बालुमाथ	175	2056/2	रैयती	टाड़ दो	0.002	मो0 अनवर अंसारी पिता जुमराती मियां	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2057 प0-2055
15	बालुमाथ	175	2056/3	रैयती	टाड़ दो	0.002	फिरदौस कुरैसी पिता स्व0 अब्दुल हफीज कुरैसी	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2057 प0-2055
16	बालुमाथ	175	2056/4	रैयती	टाड़ दो	0.002	मो0 मुनताज पिता सहिमुद्दीन	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2057 प0-2055
17	बालुमाथ	175	2056/5	रैयती	टाड़ दो	0.002	आगा खाँ	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2057 प0-2055
18	बालुमाथ	6	2055	रैयती	टाड़ दो	0.012	मो0 सफीक कुरैसी वो रफीक वो साजिद वो तौफिक वो कफिल वल्द मरहुम अब्बास कुरैसी	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2056 प0-2051
19	बालुमाथ	5	2048/1	रैयती	मकान सहन	0.015	हाजी अब्दुला, पिता-मरहुम बली मोहम्मद	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2050 प0-2057
20	बालुमाथ	5	2048/2	रैयती	मकान सहन	0.018	आदिल पिता मरहुम युनुस	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2050 प0-2057
21	बालुमाथ	465	1359/1	रैयती	टाड़ दो	0.064	हाजी अब्दुला, पिता- स्व0 वली मोहम्मद	उ0-रास्ता द0-निज पु0-रास्ता प0-1358
22	बालुमाथ	465	1359/2	रैयती	टाड़ दो	0.030	मो0 सगीर आलम वो मो0 सोहेल अख्तर पिता मो0 मरहुम अम्युब	उ0-रास्ता द0-निज पु0-रास्ता प0-1358
23	बालुमाथ	40	1358/1	रैयती	धान दो	0.004	हाजी अब्दुल्ला पिता मरहुम वली मोहम्मद	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1359 प0-1357
24	बालुमाथ	40	1358/2	रैयती	धान दो	0.009	सबनम बेगम पति मो0 इस्लाम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1359 प0-1357
25	बालुमाथ	40	1358/3	रैयती	धान दो	0.015	मोतीउईहमान पिता मरहुम गुलाम रब्बानी वगैरह	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1359 प0-1357
26	बालुमाथ	40	1358/4	रैयती	धान दो	0.011	जमीलूर रहमान	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1359 प0-1357
27	बालुमाथ	40	1358/5	रैयती	धान दो	0.010	मो0 साजीद पिता मरहुम असरफ अली	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1359 प0-1357
28	बालुमाथ	6	1357	रैयती	धान दो	0.012	मो0 सफीक कुरैसी वो रफीक वो साजिद वो तौफिक वो कफिल कुरैसी वल्द मरहुम अब्बास कुरैसी	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1358 प0-1354
29	बालुमाथ	542	1354/1	रैयती	धान दो	0.004	जुसिमुदीन, पिता- मो0 नुर मियॉ	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1357 प0-1353
30	बालुमाथ	542	1354/2	रैयती	धान दो	0.004	हलीम सौदागर	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1357 प0-1353
31	बालुमाथ	204	1353	रैयती	धान दो	0.005	शहनाज बानो पति मो0 बसीर आलम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1354 प0-1352
32	बालुमाथ	114	1352	रैयती	धान दो	0.005	मो0 नेजामुद्दीन पिता मो0 अब्दुल्ला वो मोतीउर्रमान वो तिकू रहमान वो जझीलूर रहमान	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1353 प0-1350
33	बालुमाथ	111	1350	रैयती	धान दो	0.021	मो0 नेजामुद्दीन पिता मो0 अब्दुल्ला वो मोतीउर्रमान वो तिकू रहमान वो जझीलूर रहमान	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1352 प0-1349
34	बालुमाथ	372	1349	रैयती	धान दो	0.018	महेष साव पिता कैल साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1350 प0-1345
35	बालुमाथ	372	1345/1	रैयती	धान दो	0.010	सबीया खातुन पति मो0 नसीम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1350 प0-1344
36	बालुमाथ	372	1345/2	रैयती	धान दो	0.006	अबरार	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1350 प0-1344
37	बालुमाथ	372	1344/1	रैयती	धान दो	0.004	मेजाहिद पिता आबिद	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1345 प0-1337
38	बालुमाथ	372	1344/2	रैयती	धान दो	0.005	मो0 कयुम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1345 प0-1337
39	बालुमाथ	372	1344/3	रैयती	धान दो	0.013	सबीया खातुन पति मो0 नसीम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1345 प0-1337
40	बालुमाथ	328	1337/1	रैयती	धान दो	0.017	विरेन्द्र साव, पिता- सुखदयाली साव, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1344 प0-1336
41	बालुमाथ	328	1337/2	रैयती	धान दो	0.009	विशेश्वर साव पिता बुधन साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1344 प0-1336
42	बालुमाथ	328	1337/3	रैयती	धान दो	0.021	विरेन्द्र साव, पिता- सुखदयाली साव, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1344 प0-1336
43	बालुमाथ	372	1336/1	रैयती	टाड़ दो	0.010	तिलक साव, पिता- स्व0 भुवनेश्वर साव, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1337 प0-1335
44	बालुमाथ	372	1336/2	रैयती	टाड़ दो	0.012	सुरेन्द्र साव, पिता- स्व0 सुखदयाल साव, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1337 प0-1335
45	बालुमाथ	458	1335	रैयती	मकान सहन	0.009	गेन्दलाल साव, पिता- स्व0 जतरू साव, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1336 प0-1331
46	बालुमाथ	372	1331	रैयती	मकान सहन	0.020	सातो साव पिता स्व0 साधु साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1335 प0-1330
47	बालुमाथ	372	1330	रैयती	मकान सहन	0.014	गेन्दा लाल पिता स्व0 जतरू साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1331 प0-1328
48	बालुमाथ	372	1328/1	रैयती	मकान सहन	0.013	वृजलाल प्रसाद गुप्ता वो परमेश्वर गुप्ता वो नमेष्वर साव पिता स्व0 झालो साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1331 प0-1328
49	बालुमाथ	372	1328/2	रैयती	मकान सहन	0.003	मीना देवी पति सुरेन्द्र साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1331 प0-1328
50	बालुमाथ	372	1325/1	रैयती	मकान सहन	0.014	राजेन्द्र साव, पिता- स्व0 सुखदेयाली साव, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1328 प0-1324
51	बालुमाथ	372	1325/2	रैयती	मकान सहन	0.010	भोला साव, पिता- स्व0 भुवनेश्वर साव, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1328 प0-1324
52	बालुमाथ	328	1324/1	रैयती	टाड़ दो	0.032	विरेन्द्र साव पिता स्व0 सुखदयाली	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1325 प0-1320
53	बालुमाथ	328	1324/2	रैयती	टाड़ दो	0.011	रमेष्वर साव पिता स्व0 भुवनेश्वर साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1325 प0-1320
54	बालुमाथ	372	1320/1	रैयती	टाड़ दो	0.010	महेश्वर साव वो आदित साव वगैरह पिता- धनेश्वर साव, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1324 प0-1319
55	बालुमाथ	372	1320/2	रैयती	टाड़ दो	0.007	महेश साव, पिता- स्व0 कैल साव, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1324 प0-1319
56	बालुमाथ	372	1319	रैयती	टाड़ दो	0.013	शंभू साव पिता स्व0 भुवनेश्वर साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1320 प0-1317
57	बालुमाथ	365	1317	रैयती	मकान साहन	0.013	महेश साव, पिता- स्व0 कैल साव, निवासी- निजग्राम	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1319 प0-1316
58	बालुमाथ	372	1316/1	रैयती	टाड़ दो	0.0075	शंकर साव पिता दिनेश साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1317 प0-1315
59	बालुमाथ	372	1316/2	रैयती	टाड़ दो	0.0075	प्रयाग साव पिता दिनेश साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1317 प0-1315
60	बालुमाथ	147	1314/1	रैयती	टाड़ दो	0.0010	आनंद साव वगैरह पिता स्व0 देवचरण साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1315 प0-सिवाना
61	बालुमाथ	147	1314/2	रैयती	टाड़ दो	0.0040	इन्द्रदेव साव पिता स्व0 लटन साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1315 प0-सिवाना
62	बालुमाथ	147	1314/3	रैयती	टाड़ दो	0.0040	चन्द्रदेव साव पिता स्व0 लटन साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1315 प0-सिवाना
63	बालुमाथ	147	1314/4	रैयती	टाड़ दो	0.0040	श्याम लाल साव पिता स्व0 बुधन साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1315 प0-सिवाना
64	बालुमाथ	376	1255/1	रैयती	मकान मय सहन	0.007	सुरेश प्रसाद पिता स्व0 मोहन साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-रास्ता प0-1256
65	बालुमाथ	376	1255/2	रैयती	मकान मय सहन	0.008	मो0 हारूण पिता स्व0 इसुफ मियां	उ0-रास्ता द0-निज पु0-रास्ता प0-1256
66	बालुमाथ	376	1255/3	रैयती	मकान मय सहन	0.025	अफजल वगैरह वल्द मरहुम नान्हु मियां	उ0-रास्ता द0-निज पु0-रास्ता प0-1256
67	बालुमाथ	377	1256/1	रैयती	टाड़ दो	0.005	मो0 मिस्टर पिता मरहुम नान्हू मियां	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1255 प0-1258
68	बालुमाथ	377	1256/2	रैयती	टाड़ दो	0.011	मो0 नौशाद पिता मरहुम नान्हू मियां	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1255 प0-1258
69	बालुमाथ	377	1256/3	रैयती	टाड़ दो	0.004	साजदा खातुन पति अनवर हुसैन	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1255 प0-1258
70	बालुमाथ	377	1256/4	रैयती	टाड़ दो	0.004	मो0 शफीक आलम पिता नेजामुद्दीन	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1255 प0-1258
71	बालुमाथ	427	1272	रैयती	मकान सहन	0.016	राजेश सिंह पिता शंभु शरण सिंह	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1271 प0-1273
72	बालुमाथ	427	1273	रैयती	मकान सहन	0.029	राजेश सिंह पिता शंभु शरण सिंह	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1272 प0-1274
73	बालुमाथ	427	1274	रैयती	मकान सहन	0.009	'राजेश सिंह पिता शंभु शरण सिंह	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1273 प0-1276
74	बालुमाथ	144	1276/1	रैयती	मकान सहन	0.002	राजु साव पिता किसुन साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1274 प0-1277
75	बालुमाथ	144	1276/2	रैयती	मकान	0.002	अंबूज प्रसाद पिता षिव नारायण प्रसाद	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1274 प0-1277
76	बालुमाथ	144	1276/3	रैयती	मकान	0.002	लखन लाल पिता षिव नारायण प्रसाद	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1274 प0-1277
77	बालुमाथ	144	1276/4	रैयती	मकान	0.005	बजरंग बली प्रसाद पिता मिसरी दास	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1274 प0-1277
78	बालुमाथ	144	1276/5	रैयती	मकान	0.005	राम स्वरूप लाल पिता दुखन दास वगैरह	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1274 प0-1277
79	बालुमाथ	477	1290	रैयती	मकान सहन	0.012	नाटो प्रजापति पिता बुकु रमा कुम्हार	उ0-निज द0-रास्ता पु0-रास्ता प0-1293
80	बालुमाथ	477	1293	रैयती	मकान सहन	0.027	तदैव	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1290 प0-1294
81	बालुमाथ	7	1294	रैयती	पुरानी परती	0.008	सफीक कुरैसी वो रफीक कुरैसी पिता मरहुम अब्बास कुरैसी वो जमाल कुरैसी पिता अली वकस मियां वो जसीम कुरैसी वगैरह पिता मरहुम मनीर आलम वो मो0 मिन्हाज आलम पिता मरहुम रज्जाक मियां	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1293 प0-1295
82	बालुमाथ	99	1295	रैयती	मकान सहन	0.020	जसीम कुरैसी वगैरह पिता मनीर मियां	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1254 प0-1296
83	बालुमाथ	26	1296/1	रैयती	मकान सहन	0.009	नसीमा खातुन पति कलीम कुरैसी	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1295 प0-1297
84	बालुमाथ	26	1296/2	रैयती	मकान सहन	0.002	जमालुदीन वो कमालुदीन	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1295 प0-1297
85	बालुमाथ	159	1297	रैयती	मकान सहन	0.011	जमालुद्दीन वो कमालुद्दीन पिता मो0 सलीम मियां	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1296 प0-1305
86	बालुमाथ	24	1305	रैयती	मकान सहन	0.017	सेराज सिदिकी, पिता- स्व0 अहमद मियां, निवासी- निजग्राम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1297 प0-1307
87	बालुमाथ	545	1307	रैयती	मकान सहन	0.005	मो0 हाजी लईक मियां पिता मौलाना रफीक	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1305 प0-1308
88	बालुमाथ	543	1308	रैयती	टाड़ दो	0.018	हाजी नेजामुदीन, पिता- नुर मोहम्मद, निवासी- निजग्राम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1307 प0-1310
89	बालुमाथ	147	1310/1	रैयती	धान दो	0.003	मो0 आरिक सिंद्धीकि पिता स्व0 गुलाम मुस्तफा उर्फ अहद मियां	उ0-निज द0-रास्ता पु0-2922 प0-1311
90	बालुमाथ	147	1310/2	रैयती	धान दो	0.012	मो0 रिजवान पिता मो0 अलीमुद्दीन अहमद	उ0-निज द0-रास्ता पु0-2922 प0-1311
91	बालुमाथ	147	1310/3	रैयती	धान दो	0.004	मो0 शमीम पिता मो0 अलीमुद्दीन अहमद	उ0-निज द0-रास्ता पु0-2922 प0-1311
92	बालुमाथ	147	1310/4	रैयती	धान दो	0.004	मो0 नसीम पिता मो0 जसीमुद्दीन	उ0-निज द0-रास्ता पु0-2922 प0-1311
93	बालुमाथ	147	1310/5	रैयती	धान दो	0.003	मो0 ईर्षाद पिता हाजी नेजामुद्दीन	उ0-निज द0-रास्ता पु0-2922 प0-1311
94	बालुमाथ	147	1310/6	रैयती	धान दो	0.005	मो0 अब्बास पिता मो0 खुसबास	उ0-निज द0-रास्ता पु0-2922 प0-1311
95	बालुमाथ	147	1310/7	रैयती	धान दो	0.004	मनान मियां	उ0-निज द0-रास्ता पु0-2922 प0-1311
96	बालुमाथ	147	1310/8	रैयती	धान दो	0.004	मो0 रफीक पिता मो0 समसुद्दीन	उ0-निज द0-रास्ता पु0-2922 प0-1311
97	बालुमाथ	147	1310/9	रैयती	धान दो	0.010	मो0 जेयाउद्दीन पिता मरहुम अब्दुल रउफ	उ0-निज द0-रास्ता पु0-2922 प0-1311
98	बालुमाथ	283	1311/1	रैयती	धान दो	0.011	शमीमा जैदी वगैरह	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1310 प0-1312
99	बालुमाथ	283	1311/2	रैयती	धान दो	0.007	अस्मीना खातुन पति मो0 तैयब	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1310 प0-1312
100	बालुमाथ	283	1311/3	रैयती	धान दो	0.014	उमैरा खातुन पति मो0 तौफिक	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1310 प0-1312
101	बालुमाथ	283	1311/4	रैयती	धान दो	0.012	मो0 नौषाद पिता हाजी नेजामुद्दीन	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1310 प0-1312
102	बालुमाथ	283	1311/5	रैयती	धान दो	0.012	मो0 मोनू वो मो0 अकरम वो इरफान पिता मो0 असलम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1310 प0-1312
103	बालुमाथ	283	1311/6	रैयती	धान दो	0.007	मो0 मोख्तार पिता नुर मोहम्मद	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1310 प0-1312
104	बालुमाथ	283	1311/7	रैयती	धान दो	0.014	मुस्तकीमा खातुन पति आफताब आलम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1310 प0-1312
105	बालुमाथ	283	1311/8	रैयती	धान दो	0.014	गुलषन आरा खातुन पति मरहुम सगरूद्दीन	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1310 प0-1312
106	बालुमाथ	22	1312	रैयती	धान दो	0.063	इजहारूल हक पिता मोहियुदीन	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1311 प0-सिवाना
107	बालुमाथ	133	317/1	रैयती	धान दो	0.006	गोपाल राम, पिता- स्व0 मनुराम, निवासी- निजग्राम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1312 प0-316
108	बालुमाथ	133	317/2	रैयती	धान दो	0.003	गेन्दलाल साव, पिता- स्व0 जतरू साव, निवासी- निजग्राम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1312 प0-316
109	बालुमाथ	552	316/1	रैयती	टाड़ एक	0.0025	गेन्दलाल साव, पिता- स्व0 जतरू साव, निवासी- निजग्राम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-317 प0-315
110	बालुमाथ	552	316/2	रैयती	टाड़ एक	0.0035	सतो साव, पिता- स्व0 साधु साव, निवासी- निजग्राम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-317 प0-315
111	बालुमाथ	552	316/3	रैयती	टाड़ एक	0.0030	दिनेश साव, पिता- स्व0 साधु साव, निवासी- निजग्राम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-317 प0-315
112	बालुमाथ	552	316/4	रैयती	टाड़ एक	0.0020	मालती देवी पति बासुदेव साव	उ0-निज द0-रास्ता पु0-317 प0-315
113	बालुमाथ	338	309/1	रैयती	टाड़ एक	0.020	राजेन्द्र साव वो विरेन्द्र साव पिता स्व0 खुखदयाली साव	उ0-निज द0-रास्ता पु0-310 प0-304
114	बालुमाथ	338	309/2	रैयती	टाड़ एक	0.010	कोल्हा साव पिता स्व0 भुवनेश्वर साव	उ0-निज द0-रास्ता पु0-310 प0-304
115	बालुमाथ	217	304/1	रैयती	टाड़ एक	0.004	गोपाल राम पिता स्व0 मनु राम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-309 प0-303
116	बालुमाथ	217	304/2	रैयती	टाड़ एक	0.0055	संजय कुमार राम पिता स्व0 बालेश्वर राम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-309 प0-303
117	बालुमाथ	217	304/3	रैयती	टाड़ एक	0.0055	बुधेष्वर राम पिता स्व0 साधो राम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-309 प0-303
118	बालुमाथ	532	302/1	रैयती	टाड़ एक	0.003	रीना देवी पति संतोष साव	उ0-निज द0-रास्ता पु0-303 प0-301
119	बालुमाथ	532	302/2	रैयती	टाड़ एक	0.027	वृजलाल गुप्ता पिता स्व0 झालो साव	उ0-निज द0-रास्ता पु0-303 प0-301
120	बालुमाथ	532	302/3	रैयती	टाड़ एक	0.005	बालेष्वर राम पिता स्व0 धनु राम	उ0-निज द0-रास्ता पु0-303 प0-301
121	बालुमाथ	147	1315/1	रैयती	टाड़ दो	0.009	अजय साव वगैरह पिता स्व0 दुखन साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1316 प0-1314
122	बालुमाथ	147	1315/2	रैयती	टाड़ दो	0.009	कलेष्वर साव पिता स्व0 बंधु साव	उ0-रास्ता द0-निज पु0-1316 प0-1314
123	बालुमाथ	39	2047	रैयती	मकान मय सहन	0.015	आदिल पिता स्व0 युनुस	उ0-रास्ता द0-निज पु0-2048 प0-रास्ता
124	बालुमाथ	402	1309/2992 1	रैयती	धान दो	0.009	हाजी नेजामुद्दीन पिता नुर मोहम्मद	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1308 प0-1310
125	बालुमाथ	402	1309/2992 2	रैयती	धान दो	0.008	हाजी मो0 मतीउर रहमान पिता रमजान मियां	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1308 प0-1310
126	बालुमाथ	402	1309/2992 3	रैयती	धान दो	0.009	अब्दुल रशीद पिता रमजान मियां	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1308 प0-1310
127	बालुमाथ	283	1257/1	रैयती	मकान मय सहन	0.001	मो0 मिस्टर पिता मो0 नान्हु मियां	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1256 प0-1261
128	बालुमाथ	283	1257/2	रैयती	मकान मय सहन	0.004	सुनिल प्रसाद	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1256 प0-1261
129	बालुमाथ	149	301/1	रैयती	टाड़ 1	0.0065	ब्रहमदेव साव पिता स्व0 जगन साव	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1256 प0-1261
130	बालुमाथ	149	301/2	रैयती	टाड़ 1	0.0045	अशोक साव पिता स्व0 भुवनेश्वर साव	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1256 प0-1261
131	बालुमाथ	149	301/3	रैयती	टाड़ 1	0.0100	सूरज देव साव पिता स्व0 जगन साव	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1256 प0-1261
132	बालुमाथ	149	301/4	रैयती	टाड़ 1	0.0070	ब्रहमदेव साव पिता स्व0 जगन साव	उ0-निज द0-रास्ता पु0-1256 प0-1261
133	बालुमाथ	565	3139	रैयती	थाना	0.10	भारत सरकार	उ0-रास्ता द0-अंश पु0-रास्ता प0-3134
कुल-						1.455		

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0-30/2013 की धारा-15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :-**शून्य**

ग्राम-बालूमाथ थाना-बालूमाथ थाना संख्या-71 अंचल-बालूमाथ जिला-लातेहार क्षेत्रफल-**1.455** एकड़ यानि-0.5888 हेक्टेयर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार उपर दिये गये हैं :- **शून्य**

ह0/-
उपायुक्त, लातेहार

PR 295669 Land Reforms(23-24)#D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, शनिवार, 22 अप्रैल 2023 | पेज 5

श्रीलेदर्स परिवार ने अपने संस्थापक सुरेश डे के विचारों को याद कर मनाया संस्थापक दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : 21 अप्रैल को हर साल श्रीलेदर्स परिवार अपने संस्थापक सुरेश डे के जन्म दिन को संस्थापक दिवस के रुप में धूमधाम से मनाता आ रहा है। अपनी कर्मभूमि जमशेदपुर से ताल्लुक रखने वाले जोशपूर्ण युवा सुरेश दा ने जब जवानी की दहलीज पर कदम रखा तब देश स्वाधीनता संग्राम की ज्वाला में धड़क रहा था, युवा खून उबाल पर था और इसी जोश में चंद साथियों के साथ सुरेश दा ने अंग्रेजों से मुकाबला करने का संकल्प ले लिया, सशस्त्र अंग्रेजी सेना से निहत्थे लड़ना उन्हें मंजूर नहीं था, इसलिए चटगांव जो अब बांग्लादेश में है का शस्त्रागार लूट लिया और सशस्त्रधारी हो गए, बौखलाई ब्रिटिश सेना ने आक्रमण किया, जलालाबाद की पहाड़ियों पर तपती गर्मी में भूखे प्यासे रहते हुए भी सुरेश दा और उनके साथियों ने

घुटने नहीं टेके, मास्टर दा सूर्य सेन के नेतृत्व में संघर्ष हुआ कई जख्मी हुए और कईयों ने मौत को हस्ते हुए गले लगाया, सुरेश दा को बाएं हाथ पर गोली लगी, मरा समझकर सभी छोड़ गए थे, पर सुरेश दा के जीवन का मकसद अभी अधूरा था, कुछ समय बाद गिरफ्तारी हुई पर साक्ष्य के अभाव में जेल से रिहा हो गए, जब देश आजाद हो गया तब सन् 1952 में जमशेदपुर के साकची में श्रीलेदर्स की स्थापना हुई, आज 70 साल से अधिक हो गए, सुरेश दा अब हमारे बीच नहीं है पर उनके आदर्शों और उनकी बातों पर श्रीलेदर्स परिवार आज भी कायम है। उक्त बातें श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने बिष्टुपुर, के रोड स्थित श्रीलेदर्स शोरूम में आरोजित सुरेश डे की जयंती पर कही। इस अवसर पर शेखर डे, सुशांतो डे, ज्योस्तना डे, संजय मिश्रा, पी के नंदी, अरिजीत सरकार, गोविंद राव के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

संस्थापक के सोच को देश विदेश में अलग पहचान दिलाना हमारा लक्ष्य : शेखर डे

श्री शेखर डे ने बताया आज हम अपने संस्थापक के पदचिन्ह पर चल कर आगे बढ़ रहे है। जमशेदपुर की पहचान दो कंपनियों से है, एक टाटा स्टील और दूसरा श्रीलेदर्स! संस्थापक सुरेश डे की दो मूल मंत्र वाजिब दाम - विश्वमान को श्रीलेदर्स परिवार आगे बढ़ाने में लगी हुई है। आज श्रीलेदर्स के शोरूम देश के हर कोने के साथ विदेशों में भी स्थापित हो चुकी है। कहा विश्व युद्ध के बाद जापान जिस प्रकार आगे बढ़ा है उसी प्रकार श्रीलेदर्स भी अपना दो पंख के सहारे अपने व्यवसाय को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने में लगा है, जिसमे एक तरफ संथापक सुरेश डे और दूसरी तरफ उनकी धर्मपत्नी किरणमय डे का योगदान है। आज उनकी जयंती पर हम उन्हें नमन करते है।

श्रीलेदर्स ने समय के साथ किया बदलाव : सुशांतो डे

इस मौके पर अपने दादा और संस्थापक सुरेश डे को नमन करते हुए श्रीलेदर्स के पार्टनर सुशांतो डे ने कहा कि, हमे अपने पुर्वजों के बलिदान को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्य का अनुश्रण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। श्रीलेदर्स समय और बाजार में उपलध्य तकनीकी का उपयोग कर अपने व्यवसाय बढ़ाने में विश्वास रखती है। आज हम ई कॉमर्स प्लेटफार्म के जरिए देश के कोने कोने में अपने उत्पाद को पहुंचा रहें है।

श्रीलेदर्स के संस्थापक सुरेश चंद्र डे के जयंती पर कुष्ठ आश्रम में लोगों को कराया नाश्ता

जमशेदपुर : श्रीलेदर्स के संस्थापक स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे के जन्मदिन पर उनके सुपुत्र समाजसेवी सह श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने जमशेदपुर के जुगसलाई थाना क्षेत्र स्थित, नव जागृत मानव समाज कुष्ठ आश्रम परिसर में वहां रह रहे 50 पीड़ित एवं असहाय लोगों के लिए उत्तम नाश्ते, फल आदि का वितरण कर जहां अपनी सेवाएं प्रदान की। प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन, दी मिलानी एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर ने स्वर्गीय सुरेश चंद्र डे को उनके जन्मदिन पर शत शत नमन किया।

तीन भाइयों ने ली मारवाड़ी सम्मेलन की आजीवन सदस्यता

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर भालूबासा शाखा अंतर्गत भूइयांडीह निवासी स्वर्गीय मालीराम सरोज (अधिवक्ता) के तीन पुत्रों ने शुक्रवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। श्रीराम सरोज (अधिवक्ता), गोविंद सरोज, हरिओम सरोज ने अपने आवास पर भालूबासा शाखा अध्यक्ष पंकज छावछरिया एवं उनकी टीम के समक्ष सदस्यता ग्रहण की। मौके पर मुख्य रूप से शाखा महामंत्री मालीराम अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, मनोज खेमका, मनोज खंडेलवाल, नारायण केवलका आदि उपस्थित थे।

साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी में ईद पर नाटक का मंचन

पदमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी, पटमदा में ईद पर्व को लेकर स्कूल के बच्चों द्वारा गुरुवार को एक सुंदर नाटक की प्रस्तुति दी गई। जिसमें आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया गया। स्कूल के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने ईद की शुभकामनाएं देते हुए सभी से त्योहार को मिलजुल कर मनाने की अपील की। विद्यालय की शिक्षिका सुश्री इरम नाज ने ईद-उल-फितर क्यों और कैसे मनाया जाता है, उस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने बद्र के युद्ध में जीत हासिल की थी। इसी खुशी में लोग ईद मनाते हैं। मस्जिद में सुबह नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगते हैं। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

सोड़ो में पुआल चकती में लगी आग

ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के सोड़ो गांव में आग लगने से एक पुआल चकती जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने मिलकर पानी देकर घरों को आग लगने से बचा लिया। आग लगने का कारण अभी तक पता नही चल पाया है। मिली जानकारी के अनुसार सोड़ो में मृत्युंजय नापीत का घर के पास पुआल चकती कर रखा हुआ था। गुरूवार की देर शाम को अचानक आग लग गई। परिजन कुछ समझ पाते तबतक आग धु धु कर जलने लगी। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। हांलांकि ग्रामीणों के सहयोग से घरों को बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि करीब 30 हजार की क्षति हुई है। उन्होंने आपदा प्रबंधन से मुआवजा देने का मांग किया है। शुक्रवार को सुचना मिलते ही मुखिया नयन सिंह मुण्डा घटनास्थल पहुंचे व क्षती का जायजा लिया।

जिलिंगगोड़ा डैम में डूबने से युवक की मौत

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): गम्हरिया थाना अंतर्गत जिलिंगगोड़ा डैम में डूबने से बर्मामाइंस कैरेज कॉलोनी निवासी बी बंशी (18) की मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम की है। घटना की सूचना पाकर गम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंची और लगभग दो घंटे की मेहनत के बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से बंशी के शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार बंशी अपने दोस्तों के साथ गुरुवार को जिलिंगगोड़ा डैम में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। उसके साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया किन्तु वे उसे नहीं बचा पाए। तत्पश्चात उन्होंने इसकी सूचना बंशी के परिजनों और गम्हरिया पुलिस को दी।

शेन इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस का हुआ आयोजन बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): पर्यावरण के प्रति बच्चों को

जागरूक बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर शेन इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की प्राचार्या पुष्पा भल्ला और प्राचार्या रमा श्रीनिवास सहित रोटरी क्लब की अध्यक्ष निकिता मेहता, सचिब उमंग झुनझुनवाला एवं गर्विता टोंक ने बच्चों के साथ मिलकर वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की । इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए फैंसी ड्रेस के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई । साथ ही, पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से बनाया और पर्यावरण संरक्षण को दर्शाया। इस मौके पर पर्यावरण की महत्ता और इसके संरक्षण विषय पर शिक्षकों द्वारा क्विज का आयोजन भी किया गया। प्राचार्या रमा श्रीनिवास ने सभी बच्चों से 10 -10 वृक्ष लगाने का आह्वान किया। इस मौके पर विद्यालय की उप प्राचार्या केया अदक, हेड मिस्ट्रेस सिमरन सग्गू समेत विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने ऐक्ट आफ काइंडनेस के तहत शरबत बनाकर स्कूली बच्चों के बीच बिक्री की

गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): केरला पब्लिक स्कूल, गम्हरिया के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने ऐक्ट आफ काइंडनेस के तहत अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस दौरान बच्चों ने सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में ही शरबत बनाकर स्कूली बच्चों के बीच ही उसकी बिक्री की। फिर उससे कमाए गए पैसों से सूजी, दलिया, तेल,सेरेलक, दूध आदि खरीदकर बाराद्वारी स्थित निर्मल शिशु भवन में बच्चों के बीच वितरण किया। इस दौरान बच्चों ने अपना कुछ समय उन छोटे-छोटे बच्चों के साथ बिताया तथा यह अनुभव किया कि बिना माता-पिता के बच्चे अपनी जरूरतें तो पूरी कर लेते हैं,लेकिन माता-पिता का जो प्यार उन्हें मिलना चाहिए उससे वह वंचित हो जाते हैं। उन्होंने उन बच्चों को भी उनके माता-पिता मिलें ताकि वे एक सुखी जीवन बिता सकें इसके लिए प्रार्थना भी किया।

एसएसपी ने किया चलित शीतल पेय अग्र-जल का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : राजस्थान कल्याण परिषद (श्री अग्रसेन भवन साकची) द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी के मद्देनजर चलित शीतल पेयजल अग्र-जल वाहन को वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्धारा झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने राजस्थान कल्याण परिषद के सदस्यों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि सभी समाज को ऐसे नेक कार्य के लिए आगे आने की आवश्यकता है। जिला एसपी कार्यालय से शुभारंभ हुए यह अग्र-जल वाहन 60 दिनों तक सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर शीतल पेयजल की सुविधा आम लोगों को प्रदान करेगा। इससे बाहर से बाजारों में आने वाले लोग लाभान्वित होंगे। मौके पर संस्था के ओम प्रकाश रिंगसिया ने कहा कि 60 दिनों पश्चात आवश्यकता होने पर यह सुविधा और आगे भी बढ़ाई जा सकती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजस्थान कल्याण परिषद के ओम प्रकाश रिंगसिया, नरेश कांवटिया, महावीर मोदी, उमेश शाह, दीपक पारीक, सांवरमल अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, कमलेश मोदी, सुनील देबूका, दिनेश मुन्ना अग्रवाल, रमेश मुनका, नितेश धूत, निर्मल पटवारी सहित समाज के कई गणमान्य उपस्थित थे।

कमीशन खोरी की भेंट चढ़ा सड़क समय से पहले हुआ जर्जर

प्रभात मंत्र संवाददाता

नीमडीह : सरायकेला खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के छातारडीह से दयापुर सड़क बनने के एक साल में ही जर्जर हो गया है। राज्य संपोषित मद से ग्रामीण कार्य प्रमंडल सरायकेला द्वारा निर्मित एवं तत्कालीन विधायक साधुचरण महतो के कर कमलों से शिलान्यास किया गया यह सड़क बेरासी सिरूम पंचायत के नदुटांढ़ के पास पीसीसी सड़क बनाया गया है। सड़क का खास्ताहाल ये है कि पुरा पीसीसी उखड़ गया है। पीसीसी का बड़ा बड़ा परत उखड़कर राहगीरों को चिढ़ा रहा है। पीसीसी का परत उखड़ने से सड़क पर यातायात बाधित हो गया है। लोगों का कहना है कि सड़क

बनकर तैयार होकर सिर्फ एक वर्ष ही हुआ है। कहीं न कहीं सड़क कमीशन खोरी का भेंट चढ़ गया है। संबेदक को ग्रामीणों द्वारा सुचना देने के बाद भी मरम्मत नहीं किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण मजदूर अंगद महतो ने सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि मैं इसमें काम कर चुका हूं। ठीकेदार घटिया निर्माण कर अपना ठेकेदारी किया है। हम गरीब मजदूरों का नही सुनते हैं और घटिया निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि निर्माण करने के समय ठीकेदार को बताया गया था,कि निर्माण कार्य घटिया हो रहा है। आनंद महतो ने कहा कि हम मजदुरों का कौन सुन रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क अवरूद्ध हो गया है। कहा कि इसका उच्च स्तरीय जांच हो और सड़क को दुरुस्त किया जाय ।

ईद उल फितर को लेकर बोड़ाम थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : ईद उल फितर का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के साथ विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु बोड़ाम थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बोड़ाम बीडीओ नाजिया अफरोज जबकि संचालन थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने किया। बैठक में शांतिपूर्ण ढंग से ईद उल फितर मनाने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि शांति सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रशासन पैनी नजर रखेगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर किसी तरह के फैलने वाले अफवाहों से बचने की अपील की है। कहा किसी तरह गलत मैसेज को ना ही पोस्ट करें और ना ही फारवर्ड करें। बैठक में जिला पार्षद प्रतिनिधि मानिक महतो, प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, बमनाली बनर्जी, प्रबोध कुमार महतो, श्यामा पद महतो, किशनलाल महतो, शिवचरण सिंह आदि उपस्थित थे।

तीन दिनों से बंद पड़े आश्रम आवासीय विद्यालय कुचाई का युवा कांग्रेसियों ने किया दौरा

पुनः बच्चों का पठन-पाठन चालू कराने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ एवं अंधकारमय को देखते हुए।कुचाई प्रखंड क्षेत्र के चोरपाडीहा में स्थित आश्रम आवासीय विद्यालय तीन दिनों से बंद पड़े होने की सूचना पाकर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश मुंडुईया प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा एवं कोल्हान संयोजक प्रकाश महतो ने विद्यालय का दौरा कर जल्द से जल्द बच्चों का पुनः पठन-पाठन चालू कराने को लेकर उपायुक्त अरवा राजकमल को एक

ज्ञापन सौंपा। मालूम हो कि सत्र 2021-22 एवं 22-23 का कल्याण विभाग द्वारा उक्त विद्यालय को संचालित करने वाली एनजीओ आसरा को आवंटन देना बंद कर दिया है। ना ही पिछले एक वर्षो से एनजीओ का नवीनीकरण भी नहीं हुआ है। जिससे विद्यालय के लगभग 200 बच्चों का भविष्य अंधकारमय होने जा रहा है। वहीं कल्याण विभाग की लापरवाही व आवंटन उपलब्ध नहीं कराने के कारण विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक शिक्षिकाओं का परेशानी और बढ़ गई है। मौके पर जिला अध्यक्ष श्री मुंदुईया ने कहा कि उक्त विषय को संज्ञान में लेते हुए। अनुसूचित जनजाति एवं गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर करने वाले 200 छात्रों की भविष्य को देखते हुए। अति शीघ्र पुनः विद्यालय को सुचारु रुप से चालू करने की कृपा करें। अन्यथा जिला युवा कांग्रेस कमेटी मजबूर होकर उक्त विद्यालय के छात्र एवं उनके अभिभावकों को लेकर उग्र आंदोलन करेगी।

लोयोला में मल्टी फेथ प्रेयर हॉल का उद्घाटन

जन कल्याण का काम करना ही बड़ा धर्म : फर्नांडिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : स्थानीय लोयोला स्कूल परिसर के नवनिर्मित मल्टी फेथ प्रेयर हॉल का उद्घाटन करते हुए पूर्व प्राचार्य फादर पायस फर्नांडिस एसजे ने कहा कि जन कल्याण के लिए काम करना सबसे बड़ा धर्म है। धर्म को हम अलग-अलग नाम से पुकारते हैं परंतु उसका सार सत्य है। मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। जेसुइट सोसाइटी सभी छात्रों को उनके विश्वास और आध्यात्मिकता की और अग्रसर करने को प्रोत्साहित करती रही है और उसी सुंदर और अनूठी सोच को लोयोला में धरातल

पर उतारा गया है। हम सभी धर्म विश्वास को मानवीय नजरिए से परखने का काम करें। वही इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का भी उद्घाटन किया गया। इससे पहले पवित्र समारोह की शुरुआत फादर पायस फर्नांडीस एसजे, फादर विनोद फर्नांडीस एसजे, एवं अन्य ने दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर जूनियर सेक्शन सीनियर सेक्शन के वाइस प्रिंसिपल तथा एकेडमिक स्टाफ एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

एक्सएलआरआई ने जीता ईएफएमडी ग्लोबल केस राइटिंग कंपीटीशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआई) ने प्रतिष्ठित ईएफएमडी (यूरोपियन फाउंडेशन फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट) ग्लोबल केस राइटिंग कंपीटीशन अवार्ड 2022 जीता है. एक्सएलआरआई केस रिसर्च एंड सिमुलेशन डेवलपमेंट सेंटर (एक्सएल-सीआरएसडीसी) की ओर से पिछले दिनों एक केस स्टडी की गयी थी. जिसे संस्थान के प्रोफेसर त्रिलोचन त्रिपाठी व प्रोफेसर बेणुधर साहू ने लिखा है. उक्त केस स्टडी को अमेरिका के द अमेरिकन यूनिवर्सिटी इन काहिरा (एयूसी) के स्कूल ऑफ बिजनेस ने मिडिल इस्ट एंड नॉर्थ अफ्रीका बिजनेस केटेगरी में सर्वश्रेष्ठ केस स्टडी करार दिया है. एक्सएलआरआई की ओर से बताया गया कि उक्त केस स्टडी में यूएइ की एक फर्म ट्रकर के बिजनेस मॉडल

को लेकर एक रिसर्च की गयी है. जिस रिसर्च में इस बात का उल्लेख किया गया है कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) व मशीन लर्निंग (एमएल) का इस्तेमाल कर ट्रकर के बिजनेस मॉडल में अमूल चूल परिवर्तन किया गया. एआइ व एमएल के इस्तेमाल से अपने ग्राहकों तक तेजी से कैसे किसी त्रुटि के पहुंचा जा सकता है, इससे संबंधित केस स्टडी को तैयार किया गया था.

जैस्मिका बास्के ने ग्रहण किया नाबार्ड डीडीएम का पदभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक(नाबार्ड) के जिला विकास प्रबंधक(डीडीएम) सिद्धार्थ शंकर का स्थानान्तरण होने पर उनके स्थान जैस्मिका बास्के को डीडीएम बनाया गया है। शुक्रवार को जैस्मिका बास्के ने निर्वतमान डीडीएम से सरायकेला-खरसावां एवं पूर्वी सिंहभूम का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान जिला विकास प्रबंधक सिद्धार्थ शंकर का पदस्थापन नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय रांची किया गया है। सिद्धार्थ शंकर ने जैस्मिका बास्के को बेहद सक्षम पदाधिकारी बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में नाबार्ड के विभिन्न नई योजनाओं को विस्तार और तीव्रता मिलेगी।

पृथ्वी सप्ताह समारोह में जेएसएसपी के 2000 छात्रों ने लिया भाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : 15-21 अप्रैल तक जुस्को स्कूल साउथ पार्क में अर्थ वीक सेलिब्रेशन 2023 मनाया गया जिसमे स्कूल के करीब 2000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। सप्ताह भर चलने वाले पृथ्वी दिवस समारोह का समापन आज स्कूल परिसर में पौधरोपण अभियान और अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों के साथ हुआ। जिसका थीम स्प्रेडिंग ग्रीनोवेशन - इन्वेस्ट इन अवर प्लेन था। पौधारोपण अभियान के तहत आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया लिमिटेड के सहयोग से जुस्को स्कूल साउथ पार्क में 50 अशोक

पौधे लगाए गए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में बिकास नंदी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट आरएचआई मैग्नेसिटा इंडिया लिमिटेड, जीजू थॉमस, सीनियर मैनेजर जेईएम फाउंडेशन, अक्षय शर्मा मार्केटिंग एंड परचेज हेड, पीएंडएम सिटी सेंटर मॉल। अपशिष्ट प्रबंधन और पृथक्करण के तहत मिडिल और हाई स्कूल में कोरू फाउंडेशन के सहयोग से छात्रों ने 5 प्रकार के रिसाइकिल योग्य कचरे को एकत्र किया और उन्हें बोतलों, डिब्बे, प्लास्टिक के पैकेट, स्टेशनरी आइटम और ई-कचरे के रूप में अलग किया। इस अवसर पर मिली सिन्हा, प्रिंसिपल जुस्को स्कूल साउथ पार्क, ने कहा, हमारी धरती माँ की रक्षा के लिए छोटे कदमों के महत्व पर जोर दिया, जो कल एक स्थायी हरित विश्व का निर्माण कर सकता है।गतिविधियों का आयोजन और समन्वय तामी सिकदर, सीनियर स्कूल समन्वयक और गुरमीत कौर, वाइस प्रिंसिपल, जेएससीपी द्वारा किया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संपादकीय

जनसंख्या वृद्धि की चुनौती

जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़कर भारत पहले पायदान पर आ गया है। अर्थात भारत विश्व में अब सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड की रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत में अब चीन के मुकाबले लगभग 30 लाख ज्यादा लोग हैं। आंकड़ों के अनुसार, भारत की जनसंख्या 142 करोड़ 86 लाख है। वहीं चीन की जनसंख्या 142 करोड़ 57 लाख ही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष की शुरूआत में ही वैश्विक विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया था कि 2023 में भारत सबसे जनसंख्या वाला देश बन जाएगा। यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड के नए आंकड़ों ने इस पर मुहर भी लगा दी है। इस रिपोर्ट के अनुसार एक वर्ष में भारत की जनसंख्या 1.56 प्रतिशत बढ़ी है। अब इसे उपलब्धि के तौर पर देखा जाए या चुनौती के रूप में, यह विचारणीय प्रश्न है। कुछ लोग मानते हैं कि जनसंख्या को चुनौती के रूप में नहीं देखना चाहिए, जनसंख्या तो किसी भी देश की ताकत होती है। परंतु इसके दूसरे पहलू पर विचार करें, तो सीमित संसाधनों के कारण अत्यधिक जनसंख्या चुनौती बन जाती है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या को संभालना कठिन कार्य है। बड़ी जनसंख्या को बुनियादी सुविधाएं (भोजन, रोजगार और आवास) उपलब्ध कराना किसी भी व्यवस्था के लिए मुश्किल कार्य हो सकता है। भारत जैसे देश में यह चुनौती और कठिन इसलिए बन सकती है क्योंकि यहाँ राजनीतिज्ञों के दिमाग में सिर्फ वोटबैंक होता है। थोक में वोट पाने के लिए राजनीतिक दल ऐसी घोषणाएं करते हैं, जिनसे बड़ी जनसंख्या देश की ताकत बनने की जगह उस पर बोझ बनने लगती है। यदि राजनीतिक दल अपने स्वार्थों को छोड़ दें तब बड़ी जनसंख्या को रचनात्मक दिशा देकर उसे ताकत बनाया जा सकता है। उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि विश्व में सबसे अधिक युवा जनसंख्या भारत में है। इसलिए ही दुनियाभर के विशेषज्ञ इस सदी को भारत की सदी मानकर चल रहे हैं क्योंकि भारत के पास सर्वाधिक रचनात्मक एवं सृजनात्मक और ऊर्जा से भरी हुआ युवा कार्यबल है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार भारत में 25 प्रतिशत जनसंख्या 14 वर्ष तक की उम्र वालों की है। वहीं, 10-19 वर्ष तक के 18 प्रतिशत लोग हैं। 10-24 वर्ष तक के लोगों की संख्या 26 प्रतिशत है, तो 15-64 वर्ष के बीच लगभग 68 प्रतिशत लोग हैं। यह जो सर्वाधिक युवाओं की जनसंख्या है, यही भारत के पक्ष को थोड़ा आशान्वित बनाता है। चीन सहित यूरोप के अनेक देशों में बूढ़े लोगों की संख्या अधिक है, जो उनके लिए चिंताजनक है। याद हो, इसी कारण चीन ने जनसंख्या से संबंधित अपनी कठोर नीति में परिवर्तन किया। पहले वहाँ एक ही संतान पैदा करने का नियम था। बहरहाल, विश्वपटल पर तेजी से आगे बढ़ रहे भारत जैसे देश के संदर्भ में सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर विचार करें, तब यह आवश्यक प्रतीत होता है कि भारत सरकार तेजी से बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने एवं जनसंख्या संतुलन को बनाने में उचित कदम उठाए।

> यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड की रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत में अब चीन के मुकाबले लगभग 30 लाख ज्यादा लोग हैं। आंकड़ों के अनुसार, भारत की जनसंख्या 142 करोड़ 86 लाख है। वहीं चीन की जनसंख्या 142 करोड़ 57 लाख ही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष की शुरूआत में ही वैश्विक विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया था कि 2023 में भारत सबसे जनसंख्या वाला देश बन जाएगा। यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड के नए आंकड़ों ने इस पर मुहर भी लगा दी है। इस रिपोर्ट के अनुसार एक वर्ष में भारत की जनसंख्या 1.56 प्रतिशत बढ़ी है। अब इसे उपलब्धि के तौर पर देखा जाए या चुनौती के रूप में, यह विचारणीय प्रश्न है। कुछ लोग मानते हैं कि जनसंख्या को चुनौती के रूप में नहीं देखना चाहिए, जनसंख्या तो किसी भी देश की ताकत होती है। परंतु इसके दूसरे पहलू पर विचार करें, तो सीमित संसाधनों के कारण अत्यधिक जनसंख्या चुनौती बन जाती है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या को संभालना कठिन कार्य है। बड़ी जनसंख्या को बुनियादी सुविधाएं (भोजन, रोजगार और आवास) उपलब्ध कराना किसी भी व्यवस्था के लिए मुश्किल कार्य हो सकता है।

1980 के दशक तक जरनैल सिंह भिंडरावाले की अपील सरकार के लिए मुसीबत खड़ी करने लगी थी

नया अवतार लेता खालिस्तान का विचार

डॉ प्रियंका सौरभ

> पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न स्तरों पर खालिस्तान आंदोलन की उत्पत्ति भारत की स्वतंत्रता और बाद में धार्मिक रेखाओं के साथ विभाजन के लिए खोजी गई है। पंजाब प्रांत, जो भारत और पाकिस्तान के बीच विभाजित था, ने सांप्रदायिक हिंसा देखी और लाखों शरणार्थियों को जन्म दिया। ऐतिहासिक सिख साम्राज्य की राजधानी, लाहौर, साथ ही गुरु नानक की जन्मस्थली ननकाना साहिब जैसे पवित्र सिख स्थल पाकिस्तान में चले गए। जबकि अधिकांश सिखों ने खुद को भारत में पाया, वे देश में एक छोटे से अल्पसंख्यक (जनसंख्या का 2%) थे। पंजाबी भाषी राज्य के निर्माण के लिए पंजाबी सूबा आंदोलन के साथ अधिक स्वायत्तता के लिए राजनीतिक संघर्ष शुरू हुआ।

खालिस्तान आंदोलन वर्तमान पंजाब (भारत और पाकिस्तान दोनों) में एक अलग, संप्रभु सिख राज्य के लिए लड़ाई है। ऑपरेशन ब्लू स्टार (1984) और ऑपरेशन ब्लैक थंडर (1986 और 1988) के बाद भारत में इस आंदोलन को कुचल दिया गया था, लेकिन यह सिख आबादी के वर्गों के बीच सहानुभूति और समर्थन पैदा करना जारी रखता है, खासकर कनाडा, ब्रिटेन, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में सिख डायस्पोरा में। हाल के दिनों में पंजाब में खालिस्तान अलगाववादी आंदोलन के विचार का प्रचार कर रहे सिख उग्रवादी जरनैल सिंह भिंडरावाले का अनुयायी अमृतपाल सिंह भागने में सफल रहा है। खालिस्तान आंदोलन की उत्पत्ति भारत की स्वतंत्रता और बाद में धार्मिक रेखाओं के साथ विभाजन के लिए खोजी गई है। पंजाब प्रांत, जो भारत और पाकिस्तान के बीच विभाजित था, ने सांप्रदायिक हिंसा देखी और लाखों शरणार्थियों को जन्म दिया। ऐतिहासिक सिख साम्राज्य की राजधानी, लाहौर, साथ ही गुरु नानक की जन्मस्थली ननकाना साहिब जैसे पवित्र सिख स्थल पाकिस्तान में चले गए। जबकि अधिकांश सिखों ने खुद को भारत में पाया, वे देश में एक छोटे से अल्पसंख्यक (जनसंख्या का 2%) थे। पंजाबी भाषी राज्य के निर्माण के लिए पंजाबी सूबा आंदोलन के साथ अधिक स्वायत्तता के लिए राजनीतिक संघर्ष शुरू हुआ। राज्य पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट (1955) ने इस मांग को खारिज कर दिया, लेकिन 1966 में पंजाब राज्य को पुनर्गठित किया गया (हिंदी-हिंदू-बहुसंख्यक हिमाचल प्रदेश और हरियाणा, और पंजाबी-सिख-बहुसंख्यक पंजाब में विभाजित)। पंजाबी सूबा आंदोलन ने अकाली दल को प्रेरित किया, जिसने पंजाब राज्य के लिए स्वायत्तता (भारत से अलगाव नहीं) की मांग करते हुए आनंदपुर साहिब प्रस्ताव (1973) को समाप्त किया। यह मांग 1971 तक वैश्विक हो गई थी – जब न्यूयॉर्क टाइम्स में एक विज्ञापन ने खालिस्तान के जन्म की घोषणा की। 1980 के दशक तक जरनैल सिंह भिंडरावाले की अपील सरकार के लिए मुसीबत खड़ी करने लगी थी। वह और उनके अनुयायी (ज्यादातर सामाजिक सीढ़ी के निचले पायदान से) तेजी से हिंसक हो रहे थे। 1982 में, अकाली दल के नेतृत्व के समर्थन से, उन्होंने धर्म युद्ध मोर्चा नामक

सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया और पुलिस के साथ प्रदर्शनों और झड़पों का निर्देश देते हुए स्वर्ण मंदिर के अंदर निवास किया। ऑपरेशन ब्लू स्टार (1984 में स्वर्ण मंदिर से उग्रवादियों को बाहर निकालने और भिंडरावाले को बेअसर करने के लिए भारतीय सेना द्वारा) और ऑपरेशन ब्लैक थंडर (1986 और 1988) के बाद भारत में खालिस्तान आंदोलन को कुचल दिया गया था। जबकि ऑपरेशन अपने उद्देश्य में स्पष्ट रूप से सफल रहे, उन्होंने दुनिया भर के सिख समुदाय को गंभीर रूप से घायल कर दिया (स्वर्ण मंदिर को अपवित्र करके) और खालिस्तान की मांग को भी तेज कर दिया। आबादी का बड़ा हिस्सा उग्रवादियों के खिलाफ हो गया और भारत आर्थिक उदारीकरण की ओर बढ़ गया। पंजाब लंबे समय से शांतिपूर्ण रहा है, लेकिन यह आंदोलन विदेशों में कुछ सिख समुदायों के बीच रहता है। डायस्पोरा मुख्य रूप से ऐसे लोगों से बना है जो भारत में नहीं रहना चाहते हैं। इन लोगों में कई ऐसे लोग भी शामिल हैं जो 1980 के दशक के बुरे दिनों को याद करते हैं और इस तरह खालिस्तान का समर्थन वहां मजबूत बना हुआ है। ऑपरेशन ब्लू स्टार और स्वर्ण मंदिर की बेअदबी पर गहरा गुस्सा सिखों की नई पीढ़ियों में कुछ के साथ प्रतिध्वनित होता रहता है। हालाँकि, भिंडरावाले को कई लोगों द्वारा शहीद के रूप में देखा जाता है और 1980 के दशक को काले समय के रूप में याद किया जाता है, यह खालिस्तान के कारण के लिए ठोस राजनीतिक समर्थन में प्रकट नहीं हुआ है। एक छोटा अल्पसंख्यक है जो अतीत से जुड़ा हुआ है, और वह छोटा अल्पसंख्यक लोकप्रिय समर्थन के कारण महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इसलिए कि वे बाएं और दाएं दोनों से विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ अपने राजनीतिक प्रभाव को बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता के लिए खालिस्तान आंदोलन का पुनरुत्थान कश्मीर और पूर्वोत्तर विद्रोह के समान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। इससे पंजाब का भविष्य अंधकारमय हो सकता है, एक खराब कानून और व्यवस्था की स्थिति निवेशकों को पंजाब में निवेश करने से रोक सकती है, इस प्रकार इसकी अर्थव्यवस्था और बिगड़ती जा रही है और सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में प्रभाव फैल रहा है। सिखों के लिए एक अलग राज्य बनाने का विचार पंजाब में दम तोड़ चुका है; हालाँकि, इसने प्रवासी भारतीयों में एक बड़े दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है जो अब लंबे समय तक अन्य देशों में बस गए हैं और इस तरह भारत के साथ अपनी मातृभूमि के रूप में अपना संबंध खो चुके हैं। जो किसी भी अंतरराष्ट्रीय सीमा का उल्लंघन करता है, इस प्रकार पाकिस्तान और अन्य देशों में अलगाववादियों द्वारा इसका दुरुपयोग किया जाता है। द्विपक्षीय संबंधों को खालिस्तान मुद्दे ने पहले ही भारत-कनाडा संबंधों को नुकसान पहुंचाया है और अब भारत सरकार की आपत्ति के बावजूद इन देशों में रेफरेंडम 2020 के संचालन के कारण भारत-ब्रिटेन के बीच तनाव बढ़ रहा है। खालिस्तान को जड़ से उखाड़ने के लिए उठाए जाने वाले कदम हमें ठोस रखने होंगे और नई चुनौतियों को पहचानना होगा। पारंपरिक हितधारकों और नए सोशल मीडिया रिक्रूट द्वारा पेश की गई चुनौती को पहचानना आवश्यक है। विदेशी सरकारों के साथ सहयोग भारतीय सुरक्षा और खुफिया बलों को खालिस्तानी ताकतों द्वारा की जाने वाली भारत विरोधी गतिविधियों पर नजर रखने और उनके धन स्रोतों को प्रतिबंधित करने के लिए विदेशी सरकारों के साथ सहयोग करने की आवश्यकता है। सुरक्षा प्रयासों में वृद्धि के साथ भारत सरकार को करतारपुर कॉरिडोर के खुलने के बाद से खालिस्तानी सोशल मीडिया गतिविधि में वृद्धि का मुकाबला करने के लिए सुरक्षा प्रयासों को बढ़ाना चाहिए। आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य को फिर से विकास के रास्ते पर लाने के लिए घरेलू स्तर पर पंजाब और केंद्र सरकार और सुरक्षा बलों को राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए सहयोग करना चाहिए।

कश्मीर रहा है सनातन हिंदू संस्कृति का गढ़

> भारत को अंग्रेजों से राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त हुई तब धर्म के नाम पर भारत के एक बड़े भूभाग को अलग कर पाकिस्तान बना दिया गया था।उस समय भी जम्मू, कश्मीर और लद्दाख ये तीनों अलग अलग क्षेत्र थे और यह तीनों क्षेत्र एक ही राजा के अधीन थे तथा 26 अक्टोबर 1947 को इस क्षेत्र के शासक महाराज हरी सिंह ने अपने क्षेत्र के भारतीय संघ में विलय समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए थे। विभाजन की इस त्रासदी के समय भी पाकिस्तानी सेना ने कबाईलियों के साथ मिलकर जम्मू कश्मीर क्षेत्र पर आक्रमण कर इसके बहुत बड़े भू भाग पर कब्जा कर लिया था। इस आक्रमण का भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देते हुए कब्जा मुक्ति का अभियान बहुत सफलतापूर्वक चला रही थी लेकिन बीच में ही तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा कर दी जिसके कारण लगभग आधा जम्मू कश्मीर आज भी पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। यह तत्कालीन नेहरू सरकार की सबसे बड़ी राजनैतिक भूल मानी जाती है, जिसके चलते यह क्षेत्र पिछले लगभग 70 वर्षों तक अशांत क्षेत्र बना रहा है।

अतिप्राचीन भारत में कैलाश पर्वत के आसपास भगवान शिव के गणों की सत्ता थी। उक्त इलाके में ही दक्ष राजा का भी साम्राज्य था। ऐसा माना जाता है कि कश्यप ऋषि कश्मीर के पहले राजा थे। कश्मीर को उन्होंने अपने सपनों का राज्य बनाया था और कश्यप ऋषि के नाम पर ही कश्यप सागर (कैस्पियन सागर) और कश्मीर का प्राचीन नाम पड़ा था। शोधकर्ताओं के अनुसार कैस्पियन सागर से लेकर कश्मीर तक ऋषि कश्यप के कुल के लोगों का राज फैला हुआ था। कश्यप की एक पत्नी कद्रू के गर्भ से नागों की उत्पत्ति हुई जिनमें प्रमुख 8 नाग थे- अनंत (शेष), वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख और कुलिक। इन्हीं से नागवंश की स्थापना हुई। आज भी कश्मीर में इन नागों के नाम पर ही कई स्थानों के नाम हैं। कश्मीर का अनंतनाग नागवंशियों की राजधानी हुआ करता था। हाल में अखनूर से प्राप्त हड़प्पा कालीन अवशेषों तथा मौर्य, कुषाण और गुप्त काल की कलाकृतियों से जम्मू के प्राचीन इतिहास का पता चलता है। 1184 ईसा पूर्व के राजा गोनंद से लेकर राजा विजय सिम्हा (1129 ईसवी) तक के कश्मीर के प्राचीन राजवंशों और राजाओं के प्रमाणिक दस्तावेज उपलब्ध हैं। जम्मू कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र पहले हिन्दू शासकों और फिर बाद में मुस्लिम सुल्तानों के अधीन रहा। बाद में यह क्षेत्र अकबर के शासन में मुगल साम्राज्य का हिस्सा बन गया। वर्ष 1756 से अफगान शासन के बाद वर्ष 1819 में यह क्षेत्र पंजाब के सिख साम्राज्य के अधीन हो गया था। जब भारत को अंग्रेजों से राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त हुई तब धर्म के नाम पर भारत के एक बड़े भूभाग को अलग कर पाकिस्तान बना दिया गया था। उस समय भी जम्मू, कश्मीर और लद्दाख ये तीनों अलग अलग क्षेत्र थे और यह तीनों क्षेत्र एक ही राजा के अधीन थे तथा 26 अक्टोबर 1947 को इस क्षेत्र के शासक महाराज हरी सिंह ने अपने क्षेत्र के भारतीय संघ में विलय समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए थे। विभाजन की इस त्रासदी के समय भी पाकिस्तानी सेना ने कबाईलियों के साथ मिलकर जम्मू कश्मीर क्षेत्र पर आक्रमण कर इसके बहुत बड़े भू भाग पर कब्जा कर लिया था। इस आक्रमण का भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देते हुए कब्जा मुक्ति का अभियान बहुत सफलतापूर्वक चला रही थी लेकिन बीच में ही तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा कर दी जिसके कारण लगभग आधा जम्मू कश्मीर आज भी पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। यह तत्कालीन नेहरू सरकार की सबसे बड़ी राजनैतिक भूल मानी जाती है, जिसके चलते यह क्षेत्र पिछले लगभग 70 वर्षों तक अशांत क्षेत्र बना रहा है। हालांकि कश्मीर सनातन हिंदू संस्कृति का गढ़ रहा है परंतु कश्मीर का इतिहास और भूगोल दोनों ही बदल दिए गए हैं। हमें ऐसा आभास कराया जाता है कि कश्मीर क्षेत्र इस्लाम के कब्जे के क्षेत्र रहा है। तत्कालीन नेहरू सरकार की जम्मू कश्मीर से सम्बंधित दूसरी सबसे बड़ी गल्ती थी राज्य में धारा 370 लागू करवाना। इस धारा के अंतर्गत केंद्र सरकार को रक्षा, विदेश एवं संचार जैसे कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष समस्त क्षेत्रों के लिए भारत सरकार के कानून जम्मू कश्मीर में लागू करने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेना आवश्यक होता था। अतः भारत सरकार के कानून जम्मू कश्मीर में लागू नहीं होते थे। इसका परिणाम यह निकलता था कि भारत के अन्य राज्यों से कोई भी भारतीय नागरिक जम्मू कश्मीर की सीमा के अंदर जमीन या सम्पत्ति नहीं खरीद सकता था। जम्मू कश्मीर के लिए भारतीय तिरंगा के अलावा एक अलग राष्ट्रीय ध्वज भी होता था, इसलिए वहां के नागरिकों द्वारा भारतीय तिरंगा के सम्मान नहीं करने पर उन पर कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं हो सकता था। यहां तक कि जम्मू और कश्मीर के सम्बंध में भारत की सुप्रीम कोर्ट द्वारा यदि कोई आदेश दिया जाता है, तो वहां के लिए यह जरूरी नहीं है कि वे इसका पालन करें। जम्मू और कश्मीर की कोई महिला यदि भारत के किसी अन्य राज्य के किसी व्यक्ति से शादी कर लेती है, तो उस महिला से उसके कश्मीरी होने का अधिकार छिन जाता था। इसके विपरीत यदि कोई कश्मीरी महिला पाकिस्तान में रहने वाले किसी व्यक्ति से निकाह करती है, तो उसकी कश्मीरी नागरिकता पर कोई असर नहीं होता था। साथ ही, कोई पाकिस्तानी नागरिक यदि कश्मीरी लड़की से शादी करता था और फिर कश्मीर में आकर रहने लगता था तो उस व्यक्ति को भारतीय नागरिकता भी प्राप्त हो जाती थी। यह किस प्रकार के नियम बनाए गए थे जिनके अनुसार एक भारतीय नागरिक जम्मू कश्मीर में नहीं बस सकता था परंतु एक पाकिस्तानी नागरिक यहां बस सकता था और आतंकवाद फैला सकता था। कुल मिलाकर धारा 370 के चलते, नागरिकों के हितार्थ पूरे देश में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कई योजनाओं का लाभ जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख के नागरिकों को नहीं मिल पा रहा था एवं इन क्षेत्रों का विकास भी नहीं हो पा रहा था क्योंकि अत्यधिक आतंकवाद के चलते कोई भी उद्योगपति अपना निवेश इस क्षेत्र में करने को तैयार ही नहीं होता था।

देश दुनीया से

सर्जिकल और एअर स्ट्राइक से पाक तो कुछ दिनों बाद संभल गया था, मगर कांग्रेस अब तक नहीं संभल पाई है

> कांग्रेस के नेता जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के एक साक्षात्कार में कही गयी बात पर विश्वास करते हुए पुलवामा हमले के लिए मोदी सरकार को दोषी ठहरा रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि कांग्रेस ने पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान एक पूर्व सेना अधिकारी के दावों के हवाले से सर्जिकल स्ट्राइक को संदिग्ध बनाने का प्रयास किया था और अब सत्यपाल मलिक के हवाले से वह पुलवामा हमले को संदिग्ध बनाने का प्रयास कर रही है। यहां कांग्रेस से कुछ सवाल हैं- जब भी चीन और पाकिस्तान से जुड़ा मुद्दा होता है तब कांग्रेस देश के साथ क्यों खड़ी नजर नहीं आती? इसके अलावा क्या पुलवामा हमले को लेकर कांग्रेस के आरोप एक तरह से पाकिस्तान को क्लीन चिट देना नहीं है? क्योंकि पाकिस्तानी मीडिया कांग्रेस नेताओं के बयानों को चौबीसों घंटे दिखा रहा है। सर्जिकल और एयर स्ट्राइक से पाकिस्तान तो कुछ दिनों बाद संभल गया था मगर शायद कांग्रेस अब तक नहीं संभल पाई है। यही नहीं, जो कांग्रेस नेता वर्तमान सरकार की आतंकवाद से निबटने संबंधी नीति पर सवाल उठा रहे हैं और पुलवामा में सैनिकों की दुखद मौत के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं उन्हें बताना चाहिए कि जब उनके शासन में हमारे जवानों की गर्दन काट कर सीमा पार आतंकवादी भाग जाया करते थे तब क्या बदला लिया गया था? कांग्रेस को यह भी बताना चाहिए कि 26/11 के मुंबई हमले के बाद सेना को पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई करने से क्यों रोका गया था? कांग्रेस को बताना चाहिए कि क्यों उसके शासन में भीड़भाड़ वाले इलाकों में ही नहीं बल्कि आलीशान होटलों और अदालत परिसरों में भी श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट होना आम बात थी? कांग्रेस बताये कि क्यों उसके राज में पूर्वोत्तर उग्रवाद और कश्मीर आतंकवाद से जूझता रहता था और देश के कई दर्जन जिले माओवाद की समस्या से ग्रसित थे? कांग्रेस को समझना चाहिए कि वक्त बदल चुका है। भारत का स्पष्ट संदेश है कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं। आपको याद ही होगा कि पुलवामा हमले के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा कर दिया था कि भारत तगड़ी जवाबी कार्रवाई कर सकता है। भारत ने कार्रवाई की और ऐसी की कि दुश्मन देश के सेनाध्यक्ष के हाथ पैर कांप रहे थे। कांग्रेस के राज में हर जगह एक ही उद्घोषणा होती थी कि लावारिस वस्तु बम हो सकती है लेकिन उरी, पुलवामा, डोकलाम, गलवान और तवांग के बाद हर दुश्मन को यह स्पष्ट हो गया है कि भारत को आजमाने की कोशिश मत करना।

रोजेदारों के लिए अल्लाह का इनाम है ईद उल फितर

भाई चारे का संदेश देता है ईद का त्योहार

आरिफ वकार @ प्रभात मंत्र

अरबी के दसवें महीने यानी सववाल महीने के चांद के दीदार के बाद ईद मनाया जाता है। ईद उल फितर इस्लाम धर्म का सबसे बड़ा और पवित्र त्यौहार है। ईद को मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है। रमजान के पवित्र माह के 1 महीने के उपवास की समाप्ति के बाद चांद को देखकर ईद मनाने की परंपरा है। इसलिए दुनिया के अलग-अलग देशों में ईद की तारीख अलग-अलग पड़ती है।

अल्लाह की तरफ से रमजान के एक महीने के उपवास का तोहफा है ईद

रमजान माह के रोजे को फर्ज करार दिया गया है, ताकि इंसानों को भूख-प्यास का महत्व पता चले। भौतिक वासनाएं और लालच इंसान के वजूद से जुदा हो जाए और इंसान कुरआन के अनुसार अपने को ढाल लें। रमजान के पवित्र महीने में इस्लाम धर्म के अनुयायी पूरे 1 महीने रोजा यानी उपवास रखते हैं। रमजान महीने में मुसलमानों को रोजा रखना अनिवार्य है। हर वह मुसलमान जो सेहतमंद है उसके लिए रोजा अनिवार्य है। पैगंबरे मोहम्मद साहब ने कहा कि जब अहले ईमान रमजान के पवित्र महीने के एहतेरामों से फारिग हो जाते हैं और रोजों-नमाजों तथा उसके तमाम कामों को पूरा कर लेते हैं, तो अल्लाह एक दिन अपने उक्त इबादत करने वाले बंदों को बख्शीश व इनाम से नवाजता है। इसलिए इस दिन को ईद कहते हैं और इसी बख्शीश व इनाम के दिन को ईद-उल फितर का नाम देते हैं।

ईद से जुड़ी प्रमुख परंपराएं, महत्व और इतिहास

इस्लाम के इतिहास के मुताबिक ईद उल फितर की शुरुआत जंग-ए-बदर के बाद हुई थी। इस युद्ध में मुसलमानों की जीत हुई थी। युद्ध का नेतृत्व स्वयं पैगंबर मोहम्मद साहब ने किया। युद्ध में जीत के बाद लोगों ने ईद मना कर अपनी खुशी जाहिर की थी। ईद खुशियों का त्योहार है। ईद का पर्व त्याग और धर्म के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह बताता है कि इंसानियत के लिए अपनी इच्छाओं का त्याग करना चाहिए जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके। ईद उल फितर में मीठे पकवान खास तौर से सवई, लच्छे और शीर खुरमा बनाया जाता है। ईद के दिन ईद की नमाज के बाद लोग आपस में गले मिलकर अपने गीले सिकवे को दूर करते हैं और एक दूसरे को बधाई देते हैं। इस्लाम धर्म का यह त्यौहार भाईचारे का संदेश देता है। ईद उल फितर के दिन लोग सुबह नए और अच्छे कपड़े पहन कर ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा करते हुए मुल्क के अमन चैन की दुआ मांगते हैं। ईद उल फितर के मौके पर लोग अल्लाह का शुक्रिया इसलिए अदा करते हैं क्योंकि अल्लाह उन्हें महीने भर उपवास रखने की ताकत देते हैं।

नागरिक बोध

बिहार में मौजूदा कानुन व्यवस्था की उड़ रही है धज्जियां

बिहार में कानून व्यवस्था चरमरा जाने से उपद्रवियों के हौसले बुलंद है। प्रदेश में प्रशासन की कमजोरी पड़ती धाक के चलते बिहार में अनेक घटनाए आकार ले रही है। बिहार के मुख्यमंत्री कानून व्यवस्था की ढीली पकड़ को विपक्ष की चापलूसी और बदले की भावना का आरोप लगाते रहते है। बिहार में लालू की राजद से जब से गठबन्धन किया है उसके बाद बिहार में घटनाओ का अंबार लगा है। हररोज दहशतगर्दी से लोग जीवन गुजार रहे है। ख़ौफ़ज़दा जनता के मन मे भय व्याप्त है। बिहार में घटने वाली घटनाओं को सरकार हल्के में ले रही है। इन वारदातों से बड़े पैमाने पर असामाजिक तत्वों द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है। पूर्वी चंपारण में जहरीली शराब में 30 से ज्यादा लोगो की मौत के बाद प्रशासन ने कई पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। जहरीली शराब में हुई मौतों के लिए बिहार सरकार ने मृतकों के परिवार को चार चार लाख रुपए देने का ऐलान कर पिछली बार जहरीली शराब से मरने वाले शराबियों के परिजनों को मदद नही की गई। आरा के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र में विवाहिता की हत्या कर दी गई। बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण पुलिसकर्मियों पर सवालिया निशान लगाया जा रहा है। यू तो बिहार में कानून व्यवस्था पर कोई टिपण्णी करते पाये जाते है तो विपक्ष को आड़े हाथ लेकर कोसा जाता है, बडबोलेपन के आदि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी विपक्ष में रहते नीतीश सरकार की कानून व्यवस्था पर बहुत आरोप लगाए ,गठबंधन में आने के बात नीतीश भी लालू के परिवार के साथ घनिष्ट संबंध बढ़ने के साथ ही तेजस्वी के नवजात बच्चे को दुलार करते देखे गए है। कानून व्यवस्था की दुहाई देने वाले नेताओं पर प्रदेश को लेकर कोई औचित्य नही है। जिस तरह खनन को रोकने के लिए खनन इंस्पेक्टर पुलिस काफले के साथ ट्रक लोडिंग के स्थान पर जाकर रुकवाने की कोशिश करती है तो हमलावरों ने महिला इंस्पेक्टर पर लाठिया भांजी गई। पुलिस का जरा भी ख़ौफ़ होता तो हिरासत में लिए गए हमलावरों के परिजनों के उपद्रव को शांत करने में पुलिस अपनी भूमिका निभा सकती थी।लेकिन हमलावरो की पैरवी करने वाली नीतीश सरकार को निष्पक्षता के साथ महिला इंस्पेक्टर पर हमले को लेकर उपद्रवियों को पाठ पढ़ाने के लिए चट्टी का दूध याद दिलाना चाहिए। कानून हाथ मे लेने का किसी का हक नही है। महिला अधिकारी को हमलावरो के बीच घिरती देख पुलिस भागने में सफल रही । उल्लेखनीय हैं कि भीम आर्मी के नेता को गोलीमार कर हत्या जैसे संगीन जुल्मों से बिहार में वारदाते बढ़ती जा रही है। नीतीश जब एनडीए के गठबंधन के साथ थे तो पुलिस प्रशासन उनके विचारधारा से चलती थी। लेकिन अब लालू और तेजस्वी सरंक्षण में हमलावर आजाद घूम रहे है। सरकार को ध्यान देना चाहिए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, शनिवार, 22 अप्रैल 2023 | पेज 7

नाबालिग बच्ची की सामूहिक दुष्कर्म के बाद की गई निर्मम हत्या का हुआ उद्भेदन, पांच आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत के हाका गांव में गत 15 अप्रैल को एक नाबालिग बच्ची की बसामूहिक दुष्कर्म कर हत्या कर देने के मामले का शुक्रवार को लातेहार जिला पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। और इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि हुटाप पंचायत के हाका गाँव में एक नाबालिग बच्ची का शव उसके घर के पीछे खेत से पुलिस ने बरामद किया था। उन्होंने बताया की जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि नाबालिग बच्ची एक दिन पूर्व संध्या से ही गांव से गायब हुई थी। नाबालिग लड़की का शव का निरीक्षण करने से प्रतीत हुआ कि नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने के पश्चात गला दबा कर उसकी हत्या कर उसके शव को उसके घर के पीछे खेत में रख दिया गया था। इस मामले में उसके पिता के बयान के आधार पर चन्दवा थाना कांड संख्या-92/2023, धारा-376ए/ 376ए बी/377/302/201 भादवि एवं 4/6/8/10 पोक्सो एक्ट अंकित किया गया। **किया गया था एसआईटी गठित :** इस मामले के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम के द्वारा इस मामले में संलिप्त सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के द्वारा बताया गया कि पीड़िता के घर के पास से ही पीड़िता को इनलोगों के द्वारा उठा लिया गया था और उसके घर के पीछे झाड़ियों में बारी बारी से बलात्कार किया गया एवं हत्या कर उसके शव को पीड़िता के घर के पीछे रख दिया गया।

बीडीओ ने सिमरिया चौक पर चलाया स्वच्छता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : पंचायती राज्य केंद्रीय मंत्री के निर्देशानुसार शुक्रवार को सिमरिया सुभाष चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान बीडीओ नीतू सिंह की अध्यक्षता में चलाई गई। पंचायती राज्य केंद्रीय मंत्री ने चार दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिसके प्रथम दिन 21अप्रैल को सिमरिया सुभाष चौक पर पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। पंचायती राज दिवस मुख्य रूप से 24 अप्रैल मनाया जाएगा। यह अभियान स्वच्छता स्वास्थ पाल एवं महिला नेतृत्व पंचायत का निर्माण से संबंधित वातावरण को बढ़ावा देने को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बच्चों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख रोहन साहू, जिप सदस्य देवनंदन साहू, बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर, जेई, बीपीओ, झामुमो नेता पूरन राम, मालेश्वर साव, भूपेंद्र ठाकुर, मुखिया सुधीर सिंह, पंसस परमेश्वर यादव के साथ काफी संख्या में महिला पुरूष व ग्रामीण उपस्थित थे।

अज्ञात कोयला वाहन का आतंक, दो को मारी टक्कर गंभीर

टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र में कोल वाहनों का आतंक दिनोदिन बढ़ता जा रहा है। लोगो को सड़क पर चलना दुभर हो चुका है। टंडवा पिपरवार मुख्य सड़क के लरंगा स्थित दो आदिवासी समधी को अज्ञात कोयला हाइवा वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया।बताया गया की लारंगा निवासी सुखदेव उरांव अपने घर से अपने समधी कोयवातरी निवासी बासुदेव उरांव के साथ दुकान गए थे इसी बीच अज्ञात कोयला वाहन दोनो को टक्कर मारकर फरार हो गया। ग्रामीणों व राहगीरों ने सड़क किनारे घायल अवस्था में देखा तो तुरंत दोनो को टंडवा अस्पताल लाया गया जहा प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। जहा दोनो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जिप सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव ने घटना पर दुख जताया और ट्रांसपोर्टिंग कंपनी से समुचित इलाज कराने की मांग किया है।

मुखिया के पहल पर दिव्यांग को मिला ट्राई साइकिल

लावालौंग (प्रभात मंत्र संवाददाता): मुखिया नेमन भारती के पहल पर तत्काल अमल करते हुए कल्याण विभाग द्वारा बान्दू गांव निवासी दिव्यांग प्यारचंद साहू को मिला ट्राई साइकिल।जिसे पाकर पाकर प्यारचंद साहू के चेहरे पर खुशी प्रतीत हो रहा है इसके पूर्व प्यारचंद को कहि आवा गमन के काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था ट्राई साइकिल से आवा गमन काफी सुबिधा जनक हो गया। इस दौरान मुखिया नेमन भारती ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के दिव्यनग लोगो को ट्राई साइकिल एवं सरकार मिलने वाला तरह के लाभो को इनलोगो के बीच पहुचाने के लिए प्रयासरत है।

एसडीओ ने चिकनी कोना और मेढ़ारी का किया दौरा

महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता): महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन ने महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम मेढ़ारी और चिकनी कोना गांव का किया दौरा। इस दौरान आदिम जनजातियों को पीटीजी के माध्यम से मिलने वाले खाद्यान्न सामग्रियों का वितरण समेत मापक यंत्रों की जांच की साथ ही गांव में बुजुर्गों और दिव्यांगों को मिलने वाले पेंशन और जरूरतमंद लोगों को राशन कार्ड संबंधित आवेदनों पर भी लोगों से संपर्क किया। चिकनी कोना ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में पेयजल की समस्या और ग्रामीणों को पेंशन, सड़क आदि समस्याओं को प्रभात मंत्र ने प्रमुखता से दर्शाया था जिस पर संज्ञाह्वन लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी निखिल सूरीन ने विद्यालय में जल्द ही पेयजल की व्यवस्था करने का आदेश दिया।

धमकुड़िया भवन कटईटोला में किया झंडाबदली कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातु : बारीयातु प्रखंड के डाढा पंचायत अंतर्गत कटईटोला धर्मकुड़िया स्थल मे गुरुवार को धर्म गुरु रामदेव उरांव के नेतृत्व मे झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झंडा बदली कार्यक्रम के सम्बन्ध मे धर्म गुरु उरांव ने कहा कि हम सब आदिवासी प्राकृतिक पूजक हैं। प्रकृति को स्वछ रखने के लिए जिस तरह पेंड़ पौधे प्रत्येक वर्ष पुराने पत्ते को छोड़कर नये पत्ते धारण करते हैं, उसी के तर्ज पर प्रत्येक वर्ष पुराने झंडा हटाकर नये झंडा बदली कार्यक्रम किया जाता है. डाढा कटाईटोला के आदिवासी युवक युवती महिला पुरुष धर्मकुड़िया स्थल परिसर मे धूम-धाम के साथ ढोल मांदर के थाप पर प्रार्थना सभा का आयोजन करते हुए पारम्परिक गीत के साथ कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम मे सरना धर्मवालम्बी ने जय धर्मेश, चाला मां से संसार के मानव जाति जीव जंतु पेंड़ पौधे, जल जंगल जमीन सहित संपूर्ण प्रकृति को सदैव सच और स्वच्छ रखने की कामना किए। मौके पर रामेश्वर उरांव, रामकिशुन उरांव, चुरामन उरांव, रामे उरांव, धाना उरांव, कोशिका उराईन, राजमनी उराईन, जीतनी उराईन, शांति उराईन, एवं उपेंद्र उरांव झामो, शिला, मंत्री, सरिता, गेंदिया, माघे, यशोदा, रूनीय सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

बीडीओ ने किया प्रधानमंत्री आवास योजना से हुए कार्यों का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

कान्हाचट्टी : कान्हा चट्टी प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया इस दौरान बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने वाले लाभुक जहां घर बनवाने में काफी लापरवाही कर रहे हैं।वहीं पैसे लेकर सैकड़ों लाभुक ठंडे पड़े हुए हैं।वैसे लाभुकों के घर जाकर डोर टू डोर भौतिक सत्यापन किया साथ ही बीडीओ द्वारा राजपुर पंचायत के राजपुर, डंगराडीह, लडिया गांव में चौपाल लगाकर लाभुकों से कहा कि जिन लोगों के द्वारा आवास योजना का राशि लेकर आवास का निर्माण पूर्ण नही कराया गया है।उनपर सर्टिफिकेट केस कर राशि की वसूली की जाएगी साथ ही अपूर्ण आवास वाले लाभुकों को एक सप्ताह में गृह निर्माण पूर्ण करने की हिदायत दी गई। **कोल्हैया पंचायत में आम बागवानी के लिए किया स्थल निरीक्षण :** आवास निरीक्षण के बाद बीडीओ ने बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों के चयन के लिए कोल्हैया पंचायत स्थित विभिन्न गांवों का दौरा किया।इस दौरान उन्होंने आम की बागवानी के लिए स्थल निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि इस योजना के तहत वैसी परती जमीन का चयन किया जाना है,जहां समुचित घेराबंदी की जा सके। साथ ही पौधों को पर्याप्त धूप मिल सके और पौधों की सिचाई के लिए पानी मिल सके निरीक्षण के दौरान बीडीओ के साथ बीसी प्रतिमा कुमारी, बीपीओ नीरज पासवान, रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार वर्मा मौजूद थे।

अकीदतमंदो ने मांगी अमन-चैन की दुआ

बारियातु (प्रभात मंत्र संवाददाता): बारीयातु प्रखंड मुख्यालय समेत सभी पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों मुसलमानों ने शुक्रवार को विभिन्न मस्जिदों में रमजान महीना के आखिरी जुमा को अलविदा की नमाज अदा की। माह-ए-रमजान मे पड़ने वाले आखिरी जुमा को अलविदा जुमा कहते हैं। अलविदा का मतलब होता है किसी चीज के रुखसत होने का। यानी रमजान हमसे रुखसत हो रहा है इसलिए इस मौके पर जुमे में अल्लाह से खास दुआ की जाती है कि आने वाला अगला रमजान हम सब को नसीब हो। रमजान के महीने में आखिरी जुमा (शुक्रवार) को ही अलविदा जुमा कहा जाता है।अलविदा को लेकर युवाओं समेत बच्चों व वृद्धों में काफी उत्साह देखा गया। अलविदा कि नमाज अदा करने के लिए मुख्यालय के जमा मस्जिद, इटके जमा मस्जिद, साल्वे जमा मस्जिद, मदीना मस्जिद, शिबला, रक्तादाग, फुलसु, बठेट सहित सभी मस्जिदों में मुस्लिम धर्मलंबियों ने जुमातुलविदा की नमाज अदा की। मस्जिदों के खतीब व इमामों ने रमजान के लिए अलविदाईया खुतबा पढ़ा। इधर अलविदा की नमाज से पहले संबंधित मस्जिदों के इमामों ने तकरीर की। इसमें जकात व फितरा अदायगी पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न हर बालिग मर्द व औरत पर रमजान के फर्ज रोजा की तरह जकात देना फर्ज है। ताकि आपके जकात व सदका की राशि उन गरीबों तक पहुंचाए जो अब तक ईद तैयारी न किया हो। ईद की नमाज में हम सब गरीब अमिर सभी नए कपड़े में एक साथ नमाज अदा कर सकें। इसके पश्चात संबंधित मस्जिदों के इमामों ने जुमा की दो रिकअत फर्ज नमाज पढ़ाई। इसके बाद आपसी एकता,कौम व मिल्लत की तरक्की,आपसी सौहार्द, मुल्क की उन्नति,अमन व शांति की अल्लाह से दुआएं मांगी।वहीं प्रखंड अलहेलाल कमेटी के अध्यक्ष हाजी मो खोबैब व सचिव मो शमीम अंसारी ने बताया कि शुक्रवार संध्या को चांद नजर आ जाती है तो शनिवार को ईद की नमाज़ अदा की जाएगी बारियातु जामा मस्जिद में 8 बजे हाफिज जसिमुद्दिन, साल्वे जामा मस्जिद में 8 बजे हाफिज मो इमतियाज,इटके ईदगाह में 8:30 बजे मौलाना शमसाद, शिबला जामा मस्जिद में हाफिज शमसेर , नावाडीह मस्जिद में 8:30 बजे हाफिज इरफान, बठेठ मस्जिद में 8:30 बजे हाफिज महताब आलम, फुलसु ईदगाह में 8:30 हाफिज शमीम, रक्तादाग जामा मस्जिद में 7 बजे हाफिज आरिफ़ बिल्लाह के द्वारा नमाज अदा कराई जायेगी।

अलविदा जुम्मा की अदा हुई नमाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में शुक्रवार को माहे रमजान की आखरी जुम्मा अलविदा की नमाज अदा की गई। जहां छेंचा रहमतपुर के जामा मस्जिद में इमाम हलीम साहब ने नमाज पढ़ाई वही बरवाडीह जामा मस्जिद में हाफिज रहमत अली, कादरी नगर अहिर पुरवा में हाफिज बसीर साहब ने नमाज पढ़ाई। इस मौके पर अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए मगफिरत की दुआएं मांगी गई साथ ही पूरे जहां में अमन और शांति के लिए दुआएं की गई। मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए अलविदा जुम्मे का दिन बहुत ही खास होता है, इस साल तो और भी खास है कि 29 वहां रोजे का रोजेदार इफ्तार के बाद ईद के चांद का दीदार करेंगे अगर चांद नजर आता है तो आज ही ईद मनाई जाएगी नहीं तो 30 वहां रोजा पुरा कर रविवार को ईद मनाई जाएगी। नमाज ईद उल फितर का वक्त छेंचा रहमतपुर 7:30 बजे बरवाडीह जामा मस्जिद 8:15 बजे और कादरी नगर अहिर पुरवा मस्जिद 8:30 बजे मुकर्रर किया गया है।

स्कूली बच्चों व शिक्षको ने निकाली स्वच्छता अभियान के तहत प्रभात फेरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

लावालौंग : प्रखंड के कल्याणपुर मध्य बिद्यालय के शिक्षकों और बच्चों द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को स्वच्छता रैली सह प्रभात फेरी निकाला गया प्रभात फेरी में हेडुम मुखिया संतोष राम, शिक्षक अमरेश रजक, पंकज यादव। जिसमें शिक्षको एवं बच्चों ने कल्यापुर विद्यालय से गांव भर्मण किया और ग्रामीण लोगों को आओ कदम से कदम बढ़ाए भारत को स्वछ बनाये, स्वछ भारत स्वास्थ्य भारत जैसे नारे से जागरूक किया। इस दौरान मुखिया संतोष राम ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व का संदेश देते हुए सरकार के योजना एकदम स्वछता की ओर को ध्यान में रखते हुए अपने आस पास साप सफाई रखे और अपने क्षेत्रों को स्वच्छ बनाये और कई प्रकार रोगों के से मुक्ति पाये।

महुआडांड़ में ईद के नमाज का वक्त तय किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ : प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुमा के नमाज के बाद अंजुमन कमिटी और जिम्मेदारो के द्वारा ईद के नमाज का वक्त तय किया।जिसमे जामा मस्जिद और मदीना मस्जिद में ईद की नमाज 8.30 बजे एवं गौशिया मस्जिद में 8.15 बजे अदा कराई जाएगी। जामा मस्जिद में इमाम मुफ्ती शब्बर रजा, मदीना मस्जिद में खालिद हाफिज साहब और गौशीया मस्जिद में इमाम शमसेर रजा के द्वारा ईद की नमाज पढ़ाई जायेगी। गौरतलब है कि यदि जुमा को चांद नजर आएगा तो शनिवार को ईद की नमाज अदा की जाएगी अन्यथा रोजे की तीस की गिनती पूरी कर रविवार को ईद की नमाज अदा की जाएगी।

बीडीओ ने बच्चों के खाता नहीं खोलवाने पर बीआरपी को लगाई फटकार

किसी भी सूरत में नो इंट्री में कोल वाहनों का नही होने दिया जाएगा परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को प्रमुख रोहन साव की अध्यक्षता में सभी विभागों की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में बीडीओ नीतू सिंह, जिप सदस्य देवनंदन साहू, उपप्रमुख दामोदर गोप मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में बारी बारी से सभी विभागों की समीक्षा की गई। जिसमें पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, जल नल योजना, बच्चो के पोषाहार, कृषि ऋण माफी योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना और पीएम किसान योजना शामिल है। इन योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ इसके कार्य गति पर चर्चा किया गया। साथ ही बैठक में पंचायत सेवको लंबित पीएम आवास योजना को अविलंब पूरा निर्देश दिया गया। वही रोजगार सेवकों को मनरेगा योजना के कार्यो में पूरी पारदर्शिता लाने को निर्देश दिया गया। बैठक में प्रमुख ने जबड़ा पार नदी के ग्रामीणों को बिजली कनेक्शन नहीं देने और झूठे केस में फसाने की धमकी देने और अवैध रूप से पैसा वसूली करने पर बिजली विभाग के कर्मियों को जमकर फटकार लगाई है। बैठक में जिप सदस्य ने संबंधित कर्मचारियों को पीएम किसान योजना को मनमाने ढंग से बंद करने को लेकर जमकर फटकार लगाई। उपप्रमुख ने सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्रों में मीनू चार्ट का बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सीडीपीओ को कार्यालय से लाभुको का आवेदन गायब होने की शिकायत पर सुधार लाने को कहा। बीडीओ ने बीआरपी को बच्चो के खाता समय से नही खुलवाने पर फटकार लगाई और कहा कि बच्चो की भविष्य के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यो में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कारवाई की जाएगी। बैठक के अंत में नो इंट्री में कोल वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि किसी भी सूरत में वाहनों का परिचालन होने नही दिया जाएगा। मौके पर अखिलेश उपाध्याय, परमेश्वर यादव, मिथुन कुमार रजक, मीरा देवी, भोला सिंह, अक्षवट सिंह, प्रखंड प्रधान सहायक अजय कुमार, अविनाश कुमार जेई अजय कुमार, नीतीश कुमार, आशीष कुमार, निहाल वारसी पंचायत समिति सदस्य के अलाव प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

पीएमजीएसवाइ के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही है घोर अनियमितता

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : नक्सल प्रभावित लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत लाभर सीआरपीएफ पिकेट से नावाडीह होते हुए अम्बाटिकर तक ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्य मे संवेदक द्वारा गुणवत्ता को ताक पर रख कर भारी अनियमितता बरती जा रही है।वही योजना स्थल पर कार्य कर रहे मजूदूरो को न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी वो भी लेट लतीफ दिया जाता है।पुछे जाने पर इस बात की पुष्टि मजदूरों ने भी की है।मजदूरों ने कहा कि कार्य स्थल पर पानी का भी व्यवस्था नहीं है।योजना मे पानी का छिड़काव भी नही किया जा रहा है। जिस कारण लोगो को भारी परेसानिया भी हो रही है।वहीं चुंगरु पंचायत के मुखिया बालदेव परहिया ने कहा कि यह पथ पूर्व से ही ग्रेड् वन किया गया था।

इसी में डस्ट छिटकर ढलाई कर दिया जा रहा है।उन्होंने कहा की उक्त सड़क का गुणवत्ता को ताक पर रख कार्य कराया जा रहा है।घटिया मैटेरियल का योजना मे प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। **लोगों को तोहफे में मिल रही है कई बीमारियां :** ग्रामीण महेंद्र प्रजापति ने कहा कि डस्ट से हमलोग सभी ग्रामीण परेशान हैं, घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है कई लोग बीमार हो गए है। चेकअप कराने के बाद पता चला कि यह सब विमारी डस्ट धुल कण कि वजह से हो रहा है वहीं अन्य ग्रामीणों ने भी कहा कि योजना मे डस्ट छिटने के बाद पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है।जिसके वजह से धुल फांकना पड़ रहा है। और हमलोग कई तरह के बीमारियों की चपेट में आ रहे है। **प्राक्कलन घोटाले की आ रही है बू :** योजना स्थल पर लगाए गए बोर्ड पर सड़क की प्राकलित राशि का अंकित नहीं होना भी लोगों को समझ से परे है। लोगों की माने तो सड़क निर्माण कार्य में प्राक्कलन घोटाले की बू आ रही है। जबकि नियमतः किसी भी सरकारी योजना मे योजना स्थल पर बोर्ड लगाना और उक्त बोर्ड मे सभी जानकारी देना अनिवार्य है।लेकिन यहां आवश्यक जानकारी समेत प्रकाल्न राशि अंकित नहीं होने से योजना में भ्रष्टाचार होने की भी पूरी आशंका व्याप्त है।योजना गुणवतापूर्ण संवेदक को कराना है।अगर कार्य गुणवत्ता पूर्ण नही की जा रही है।तो जचोपरांत कारवाई की जाएगी।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, शनिवार, 22 अप्रैल 2023 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

पतरातू क्षेत्र के सभी मस्जिदो में रोजदारो ने की अलविदा जुमे की नमाज अदा

पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): शुक्रवार को पतरातू और आसपास क्षेत्रों के मस्जिदों में हज़ारों रोजदार द्वारा अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई।रोजेदारों के लिए यह दिन बहुत खास रहा।उन्हें इस दिन का बेसब्री से इंतजार था।

ऐसी मान्यता है कि अलविदा की नमाज में जो भी साफ दिल से दुआ मांगी जाए वह जरूर पूरी होती। क्योंकि अलविदा जुम्मा को अल्लाह ने खास बताया है।ऐसे तो जुम्मे की नमाज पूरे साल खास होती है। लेकिन रमजान जैसे पाक महीने पर यह खास और भी बन जाता है । रमजान उल मुबारक महीना अब रुखसत ले रहा है। रहमतों,बरकतों वाला यह महीना सभी को आपस में प्यार मोहब्बत और अल्लाह के बताए हुए मार्ग पर चलना सिखाता है । इधर,पतरातू बाजार टांड,जयनगर पतरातू, सांकुल, रोचाप, हफूआ, मस्जिद कॉलोनी पीटीपीएस, सोलिया,पलानी,तालाटांड,और क्वारीगेट गेगदा आदि जगहों पर अलविदा जुमे कि नमाज अदा की गई ।

मार्शल आर्ट्स के प्रसिद्ध प्रशिक्षक टाइगर एसएनटीली को रसदा में दी गई श्रद्धांजलि

पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता): रसदा स्थित इंटरनेशनल मार्शल आर्ट्स कराटे ट्रेनिंग सेंटर में धनबाद के प्रसिद्ध मार्शल आर्ट्स के प्रशिक्षक एसएनटीली के निधन का समाचार मिलते ही उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य प्रशिक्षक विकास पाठक के नेतृत्व में उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया। टाइगर इंडोकान मार्शल आर्ट के संस्थापक धनबाद के मार्शल आर्ट के प्रसिद्ध प्रशिक्षक सूर्य नारायण गुप्ता उर्फ एस एन टी ली उम्र 65 का निधन विगत 14 अप्रैल को दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वे कैंसर से पीड़ित थे। सूचना मिलते ही खेल-प्रेमियों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। वे पतरातू इंटरनेशनल मार्शल आर्ट्स सेंटर में भी वे ट्रेनिंग देने कई बार आ चुके थे। उनके नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में रिकॉर्ड दर्ज हैं।

दिव्यांगों के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण

विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी एवं सीडीपीओ के द्वारा विभिन्न पंचायतो से आये दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल वितरित की गई । जानकारी के अनुसार चेडरा पंसस मुन्नी देवी एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार रजक के प्रयास फलस्वरूप चेडरा पंचायत से जीतू कुमार ,लालू राम, बेड़ाहरियारा,ग्राम बादी खरना से राजेश कुमार यादव ,बनासो पंचायत से पुरन ठाकुर,बक्सपुरा पंचायत से कौलेश्वर महतो,हीरालाल महतो,नवादा पंचायत से मुकेश साव को ट्राइसाइकिल वितरित की गई । इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल महामंत्री गुरु प्रसाद साव,उप-मुखिया राहुल कुमार साव,महेंद्र प्रजापति,महेश प्रसाद बर्णवाल समेत लाभुक के परिजन एवं आम जन मौजूद रहे ।

तमाम मस्जिदों में माह-ए-रमजान का अंतिम जुमा अलविदा की गई अदा

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): मेरू मस्जिद में माह-ए-रमजान का अंतिम जुमा यानी अलविदा की नमाज शुक्रवार को दोपहर 12ः30 से 2ः00 बजे के बीच अदा की गई। अलविदा जुम्मा की नमाज में मेरु के अलावा आस पास के लोगों के अलावा बी.एस.एफ. के लोग भी नमाज अदा करने पहुंचे थे। मस्जिद में अलविदा जुम्मा की खुतबा पढ़ी गई नमाज अदा करने के बाद खुसूसी अमन वा चैन मुल्क की हिफाजत की दुआ मांगी गई। इस दौरान मस्जिद में बड़ी तायदाद में लोग अलविदा जुम्मा की नमाज पढ़ने मस्जिद समय से पहले ही पहुंचने लगे थे। कमेटी की ओर से दरी,चटाई, शामियाना, पानी आदि के इंतजाम किए गए। आज ईद की चांद नजर आने के बाद कल ईद की नमाज अदा की जाएगी। मेरू मस्जिद में सुबह 08ः30 बजे जमात खड़ी हो जायेगी और ईद की नमाज मुकम्मल किया जायेगा।

उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त सहित अधिकारिओं को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : रामनवमी संरक्षण समिति ने शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी 2023 के समापन पर जिले के उपायुक्त नैन्सी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आई ए एस शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आई पी एस कुमार शीयांश सदर अनुमंडलाधिकारी विद्याभूषण कुमार सी सी आर डी एस पी आरिफ इकराम अंचलाधिकारी सदर राजेश कुमार को अंगवस्त्र व रामचरित मानस की पुस्तक देकर सम्मानित

किया संरक्षण समिति को साधुवाद देते हुए रामनवमी के सफल समापन पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा की कोई भी आयोजन हो उसको सफल समापन में सबों की सहभागिता होती है संरक्षण समिति महासमिति, सद्भावना विकास मंच सहित अन्य संगठनों ने मिल कर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के साथ कदम से कदम मिला कर रामनवमी के सफल संपादन में अपनी महत्ती भूमिका अदा की है वहीं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने कहा की रामनवमी के सफल समापन का श्रेय रामनवमी के सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस, प्रशासन के अधिकारी, पदाधिकारी, कर्मी, सहित रामनवमी संरक्षण समिति, महासमिति, सद्भावना विकास मंच एवं अन्य संगठनों को जाता है जिन्होंने अपनी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी के शांतिपूर्ण समापन में अपना बहुमूल्य योगदान दिया संरक्षण समिति के द्वारा सम्मानित किया जाने पर उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा की वाकई हजारीबाग की रामनवमी इंटरनेशनल है आगे उन्होंने हजारीबाग के युवाओं से अपील करते हुए कहा की रामनवमी को नशामुक्त बनाने के लिए युवा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और हजारीबाग की रामनवमी की ख्याति में चार चाँद लगायें रामनवमी 2023 के सफल समापन पर रामनवमी संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत प्रधान ने कहा की राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी के सफल समापन मैं जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय , उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित , व प्रशिक्षु आई ए एस शताब्दी मजूमदार रामनवमी जुलुस के दौरान लगातार अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए मातृशक्ति के कुशल नेतृत्व का परिचय दिया है वहीं जिले के पुलिस कप्तान चौथे मनोज रतन ए एस पी कुमार शीयांश, सदर अनुमंडलाधिकारी विद्याभूषण कुमार अंचलाधिकारी राजेश कुमार सहित जिले के सभी पुलिस, प्रशासनिक पदाधिकारी ने जुलुस के दौरान चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखते हुए रामनवमी के शांतिपूर्ण समापन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

डीएवी स्कूल में टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू में छात्र-छात्राओं के बीच टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन बजाज कैपिटल के द्वारा आयोजित किया गया। स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय कंपीटीशन का है। आप सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़े। खुद को हायर लेबल के कंपीटीशन के लिए तैयार कीजिए। इस तरह का आयोजन स्कूलों में होते रहने से बच्चो की प्रतिभा निखरती है। बच्चो की सफलता पर उन्हें प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। साथ ही सफल छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

महीनों से बंद एसी और पंखे को मरीजों के लिए चालू करवाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : शेख भिखारी कॉलेज और अस्पताल हजारीबाग में महीनों से बंद ऐ सी और पंखे को सभी मरीजों के लिए चालू करवाया। जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा के निर्देशन में बंद पड़े ए सी और पंखों को चालू करवाया। मरीज इस भीषण गर्मी में बिना पंखे और एसी के सदर अस्पताल में रहने को मजबूर थे । महीनों से कई पंखे और ऐ सी बंद था। जिला पदाधिकारियों

में जिला उपाध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल, पार्टी के महासचिव प्रेमचंद राम, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी और युवा नेता विनय कुमार यादव अस्पताल प्रबंधन से मिल कर मरीजों के लिए पंखे और ऐसी को ठीक करवाया । वे लगातार दो दिन से प्रयासरत थे भिखारी कॉलेज और अस्पताल हजारीबाग सदर अस्पताल में कई मरीजों के बेड के नजदीक पंखे खराब थे। गर्मी के कारण मरीज बहुत परेशानी झेल रहे थे । ए सी भी बंद था 2 दिनों के मशक्कत के बाद आज अस्पताल सुपरिटेंडेंट और सिविल सर्जन को इस ओर ध्यान दिलाया गया और तत्काल प्रभाव से बंद पड़े पंखे को चालू कराया और ऐ सी भी चालू कराया गया । यह काम सभी मरीजों के लिए किया गया । सभी मरीजों के लिए पंखे लगाए गए और ऐ सी चालू किया गया। अस्पताल प्रबंधन में हलचल देखी गई। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है उक्त जानकारी पार्टी के प्रवक्ता राकेश ठाकुर ने दी।

मॉडल दुकान का विधायक ने किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : नगर परिषद रामगढ़ के द्वारा प्राक्कलित राशि लगभग 91 लाख की मद से व्यवहार न्यायालय परिसर के समीप मॉडल दुकान का शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि रामगढ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया गया।मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि कोर्ट परिसर में लोग ठेला लगाकर दुकान चला रहे है जिससे उन्हें कई तरह के दिक्कत का सामना करना पड़ता है।उन्हें

किसी तरह की समस्या न इस उद्देश्य से परिसर में मॉडल दुकान बनाया जाएगा जिससे दुकानदारों को काफी मदद मिलेगी। मौके पर वार्ड पार्षद शिला देवी, चितु महतो,देवधारी महतो, रोशन कुमार,आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो,भोला महतो, ललन सिंह, शम्भू बेदिया, नसरुद्दीन अंसारी, सुरेंद्र राम, सुजीत राम, गिरीशंकर महतो, सुरेंद्र साव आदि उपस्थित थे।

कोतो में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : पंचायत सचिवालय कोतो में राष्ट्रीय पंचायती राज्य दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे विभिन्न प्रकार के निर्देशित कार्यक्रम को सुचारू रूप से करने का निर्णय लिया गया। मुखिया निधि सिंह ने कहा प्रखंड द्वारा निर्देशित सभी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बना ली गयी है जिसमें पंचायत के सभी चयनित प्रतिनिधि, स्वयंसेवकगण, सेविका सहायिकागण,सभी सहिया दीदी सभी स्वयं सहायता समूह की दीदीगण एवं सम्मानित ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है। और चार दिन तक सभी की उपस्थिति के लिए कहा गया है। सर्व प्रथम अपने पंचायत में सफाई,गंदगी,शांति व्यवस्था, समाजिक व्यवस्था को लेकर मुखिया निधि सिंह के साथ सभी प्रतिनिधि व अन्य ने भी शपथ लिया।तथा उपस्थित सभी लोगों ने खुले में शौच पर हर सुरत में रोक लगाने का निर्णय लिया तथा पंचायत सचिवालय प्रांगन से साफ-सफाई अभियान

चलाया, और प्रभात फेरी भी निकाली। मुखिया निधि सिंह ने कहा कि जल्द ही नशा मुक्ति अभियान भी चलाया जाएगा जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भाग लेगे। मौके पर मुख्य रूप से जय प्रकाश सिंह ननकी, पंसस वीणा देवी,वार्ड सदस्य सांवरी देवी,सरिता देवी,संदीप उरांव,उमा देवी,सेविका शीला देवी,सैमुनिशा, रोजगार सेवक प्रमोद कुमार रीता देवी,दिलीप महतो,गोविंद कुमार, तुषार मिश्रा,प्रथम चौधरी,अमरेंद्र कुमार आदि उपस्थित हुए।

बड़कागांव में अकीदत व उल्लास के साथ अलविदा की नमाज अदा की गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

बड़कागांव : शुक्रवार को बड़ी अकीदत और उल्लास के साथ अलविदा की नमाज अदा की गई। बड़कागांव प्रखंड के जामा मस्जिद बादम, जामा मस्जिद बड़कागांव, जामा मस्जिद बलिया, मस्जिद ए मुकद्दस बादम, सीरमा मस्जिद, डाडी मस्जिद, सिंदुवारी मस्जिद, चेपा मस्जिद, बड़कागांव चट्टी मस्जिद, महुदी मस्जिद, महुगाई मस्जिद, हाहे मस्जिद, चंदौल मस्जिद सहित अन्य जगहों पर अलविदा की नमाज पढ़कर आपसी भाई-चारे की नजीर पेश की गई। अलविदा जुमा की नमाज में बच्चे, बड़े और बूढ़ों में काफी उत्साह देखा गया। समय से पहले ही लोग नहा धो कर साफ़ कपड़े पहन कर और इतर और सुरमा लगा कर मस्जिद जाने लगे। प्रखंड के सभी मस्जिदों

में हजारों की संख्या में अकीदत मंदों ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी। सभी मस्जिदों खचाखच भीड़ भरी रही। नमाज से पूर्व ईद के नमाज के समय का भी ऐलान किया गया। जामा मस्जिद बादम में ईद की नमाज सुबह 8 बजे पढ़ी जाएगी।

रमजान के पवित्र महीने के आखरी जुमा को अलविदा कहा जाता है। अलविदा जुम्मा साल में सिर्फ और सिर्फ एक ही बार अदा करने का मौका मिलता है। रमजान के पवित्र महीने में इस जुमे की अहमियत, बरकत, अजमत और शान बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। अलविदा जुमा इस लिए भी बहुत खास है क्यूंकि ये रमजान के जाने का पैगाम लाती है जो कहीं ना कहीं दुख की बात बन जाती है लेकिन वहीं ये जुमा ईद का बुलावा भी लाती है। अल्लाह की ज्यादा से ज्यादा इबादत के साथ रमजान के पवित्र महीने को अलविदा कहना चाहिए। हमारे भी मन में यह शंका ना रह जाए कि हमने अच्छे से इबादत नहीं की अपने रब को राजी नहीं किया।

अलविदा की नमाज से पहले इमाम नमाजियों को संबोधित करते हुए कहा कि खुदा पाक की यह बहुत बड़ी मेहरबानी है कि उसने हम सब को रमजान के रोजे रखने, कुरान पाक की तिलावत करने और तरावीह पढने की तौफीक दी। ये मुबारक महीना अब हमारे बीच से विदा हो रहा है। जिस तरह से रमजान में हम गलत कामों से दूर रहे, जरूरत मंदो की मदद की वैसे ही पूरे साल बुरे कामों से दूर रहना है जरूरतमंदों की मदद करना है। नमाज के बाद देश में अमनों-अमान व खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।

ट्वीट पर उपायुक्त ने लिया त्वरित संज्ञान स्कूली बच्चों को मिली राहत

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिले के कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पंचायत का खपरियावां अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय,खपरियावां में अधिष्ठापित दो चापानल पिछले कुछ समय से जर्जर होने के कारण बंद पड़े थे ऐसे में यहां अध्ययनरत सैकड़ों स्कूली बच्चों को पेयजल के लिए काफी परेशानी हो रही थी। स्कूली शिक्षकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इससे सुदृढ़ कराने का काफी प्रयास किया और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संबंधित अधिकारियों को भी इस संबंध में सूचना दी लेकिन विभाग की टेक्निकल टीम यहां पहुंची और फिर पाइप सड़ा हुआ काकर उसी हालत में छोड़ कर चली गई। स्कूल के शिक्षक जितेंद्र मिश्रा ने इसकी जानकारी हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को दी और उनसे बच्चों के हित में इसे तत्काल ठीक कराने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने का आग्रह किया। जिसके बाद विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने 17 अप्रैल 2023 को स्कूली बच्चों का तस्वीर एवं जर्जर पड़े चापाकल का संयुक्त तस्वीर लगा कर उपायुक्त हजारीबाग के ट्विटर आईडी के माध्यम से उन्हें जानकारी देते हुए आग्रह किया कि इसे गंभीरता से लेने की कृपा करें। रंजन चौधरी ने एक अन्य ट्वीट के माध्यम से उपायुक्त हजारीबाग के संज्ञान में लाते हुए बताया की भीषण गर्मी को देखते हुए हजारीबाग जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में जहां चापाकल खराब है उसे जल्द सुदृढ़ कराया जाए ताकि स्कूली बच्चों को पेयजल की समस्या ना हो। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर को भी यह ट्वीट किया और जल्द खपरियावां स्कूल के बच्चों के पेयजल की सुविधा आपूर्ति हेतु डेड पड़े चापानलों को सुदृढ़ कराने की मांग की ।विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी के ट्वीट पर उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय ने त्वरित संज्ञान लिया और उनकी शिकायत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तक पहुंचाते हुए तत्काल खराब चापानलों का मरम्मति कराने का दिशा- निर्देश दिया। जिसके बाद पीएचडी विभाग की टेक्निकल टीम यहां पहुंची और चापाकल मरम्मत कर इसे चालू कराया। सैकड़ों बच्चों को चापानल मरम्मत होने से राहत मिली और उनकी पेयजल की समस्या दूर हुई। हजारीबाग उपायुक्त अपने ट्विटर हैंडल से शिकायतकर्ता विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को जवाब देते हुए लिखा कि वर्णित मामले को संज्ञान में लेते हुए एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए उक्त प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खपरियावां के चापानल को ठीक कर दिया गया है । विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी इस गंभीर विषय पर त्वरित संज्ञान लेने के लिए हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय के प्रति आभार जताया और उन्हें धन्यवाद दिया। इधर उत्क्रमित मध्य विद्यालय, खपरियावां के शिक्षकों और बच्चों ने शुक्रवार को विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी का आभार जताया और उन्हें फोन कर सार्वजनिक रूप से थैंक्यू यू कहा ।

अरगड्डा जीपी कैंप आठ दिवसीय मां काली यज्ञ भंडारे के साथ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : कोयलांचल अरगड्डा जीपी कैंप बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में आठ दिवसीय श्री श्री 1008 मां काली, मां बंगलामुखी, मां कात्यायनी, सूर्यपुत्र शनिदेव व शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। हवन पूजन कार्यक्रम को यज्ञ आचार्यों के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूरी करवाई गई। इसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कुंवारी कन्याओं को भोजन करवाया गया। जिसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण हुआ। यज्ञ अनुष्ठान में बैठे और परिक्रमा कर रहे भक्तों ने मां आदिशक्ति ध सभी देवी देवताओं से अपने गांव अरगड्डा क्षेत्र समेत आस-पास के लिए सुख, शांति समृद्धि, निरोगी जीवन का वरदान मांगा। भक्तों ने भी भंडारे में अपना सहयोग, दान देकर इसे पूर्ण बनाया। महिला, पुरुष, युवाओं ने कतार में खड़े होकर पूड़ी, सब्जी, खीर भंडारे प्रसाद को ग्रहण किया। इस दौरान मां काली, मां बगलामुखी, मां कात्यायनी, शनिदेव महाराज, देवाधिदेव महादेव, माता पार्वती समेत सभी देवी देवताओं के जयकारे लगे। पूरा अरगड्डा नगर क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि भंडारे में दस हजार से भी अधिक भक्तों ने प्रसाद लेकर अपने जीवन को पुण्य का भागी बनाया हैं। समिति सदस्यों ने आम लोगों से यज्ञ की सफलता के लिए धन्यवाद और शुभकामनाएं दी हैं। मौके पर यज्ञाचार्य बाबा राम शरण गिरी समेत कई भक्त श्रद्धालु, यज्ञ और जीपी कैंप हनुमान मंदिर के सदस्य उपस्थित थे।

युगेश बेदिया की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय में बोर्ड बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : नगर परिषद कार्यालय में बोर्ड बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया एवं संचालन अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी जावेद हुसैन के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न योजनाओं का प्रशासनिक स्वीकृति मिली।

मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए हम तत्पर है। लोगों की मूलभूत

समस्याओं का समाधान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

मौके पर वार्ड पार्षद मंजू देवी, हेमनी देवी,अर्जुन यादव, चिंतामन महतो,अनिल कुमार गुप्ता, कौशल्या देवी,शिवशंकर मिश्रा, इंद्रदेव राम,अमरीन मंजर, राजेश राम, गणेश पासवान, प्रदीप कुमार ,फातमा खातून, गीता देवी,सनियारो बारला, अखिलेश कुमार,देवधारी महतो, रोशन कुमार,जयंती देवी, सीता देवी, ललिता कुमारी आदि कार्यालय के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

सडक़ दुर्घटना में घायल युवक को देखने अस्पताल पहुंचे पूर्व विधायक

बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा-परसाबाद मुख्य मार्ग कपका के समीप हुए सडक़ दुर्घटना में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के प्रखण्ड चलकुशा पंचायत चौबे निवासी साजन पाण्डेय पिता रामकिशोर पाण्डेय घायल हो गए।बताया जा रहा है कि युवक नवमीं कक्षा की परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहा था।जिसे घायलावस्था में उसके साथियों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में इलाज के लिए भर्ती कराया।जिसकी सूचना पाकर पूर्व विधायक प्रो0 जानकी प्रसाद यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंचे व चिकित्सकों की देखरेख में घायल युवक का समुचित ईलाज करवाया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

हिंदवेयर के नए टीवीसी कैंपेन 5 स्टार होटल लाइक बाथरूम में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के क्रिकेट स्टार शामिल

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): हिंदवेयर लिमिटेड,जो कि कम्पलीट बाथरूम सोल्यूशंस में एक लीडर है, ने आज अपने नए टेलीविज़न कमर्शियल (टीवीसी) कैंपेन, होटल लाइक बाथरूम को लॉन्च किया, जिसमें क्रिकेट जगत के कुछ सबसे बड़े नामचीन सितारे शामिल हैं। यह कैंपेन आज के ट्रेवलर की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए ठीक वैसे ही बाथरूम को एक्सपीरियंस कराता है जैसा उन्हें 5-स्टार होटल में मिलता है। इस टीवीसी कैंपेन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर तथा पंजाब किंग्स के नामचीन खिलाड़ी शामिल हैं। इस कैंपेन का उद्देश्य हिंदवेयर इटैलियन कलेक्शन के उच्च गुणवत्ता वाले बाथरूम प्रोडक्ट्स एवं सोल्यूशंस को शोकेस करना है जो कि एक शानदार होटल के समान ही एक एलिगेंट एवं आरामदायक बाथरूम एक्सपीरियंस प्रदान करता है। यह काउंटर बेसिन पर एलिमेंट प्लस वॉल माउंटेड और टैंकलेस क्लोसेट जैसे प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित करता है - जिसमे हिंदवेयर इटैलियन कलेक्शन के अमेज़न एवं फोटे तथा ह्यूज कलेक्शंस भी मौजूद हैं। इस कैंपेन को डिजिटल, सोशल, ओटीटी, प्रिंट, रेडियो तथा आउट-ऑफ़-होम एक्टिवेशन सहित एक एक्सटेंसिव 360-डिग्री के प्रमोशन आउटरीच का भी समर्थन प्राप्त होगा।

परशुराम जयंती के उपलक्ष में शहर में निकाली जाएगी आज शोभायात्रा

हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर के देवांगना चौक से शनिवार को संध्या 4ः00 बजे भगवान परशुराम जन्म उत्सव के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसे पूर्व 3ः00 बजे पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाएगी जिसके बाद शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी शहर वासियों को अपनी और आकर्षित करेंगी। ऐसी शोभायात्रा शहर में दूसरी बात निकाली जा रही है जिसमें समस्त धर्म प्रेमियों का विशेष सहयोग है। कार्यक्रम को लेकर शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर बैनर पोस्टर लगाए गए हैं। दक्षिण भारत में पशु राम जन्म उत्सव को विशेष महत्व दिया जाता है परशुराम जन्म उत्सव होने के कारण इस तिथि में भगवान परशुराम की आविभांव की कथा भी सुनी जाती है इस दिन परशुराम जी की पूजा करके उन्हें अर्घ्य देने का बड़ा माहात्म्य माना गया है। मान्यता है कि इसी दिन जन्म से ब्राह्मण और कर्म से क्षेत्रीय भृगुवंशी परशुराम का जन्म हुआ था।इस अवसर पर शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने बताया कि भगवान परशुराम के जन्म उत्सव पर शहर में दूसरी बार भव्य रुप से निकाली जाएगी शोभायात्रा। शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरेगी शोभायात्रा। आकर्षक रूप से शोभायात्रा में भगवान परशुराम की झांकी शहरवासियों को अपनी और आकर्षित करेंगी। शोभायात्रा में समस्त शहरवासी सादर आमंत्रित।

सिरका में अलविदा जुम्मा की नमाज पढ़ी गई लोगों ने अमन के लिए दुआएं मांगी

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): रमजान माह के पाक मौके पर शुक्रवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सिरका जामा मस्जिद में अलविदा जुम्मा की नमाज पढ़ा। सभी ने ऊपर वाले से मुल्क में अमन चैन बना रहे, सभी आपस में मिलजुल कर रहे, इसके लिए दुआएं मांगी। इस दौरान नमाज शाही इमाम मौलाना अब्दुल वहाब साहब के द्वारा लोगों को पढ़ाया गया। साथ ही रमजान में खुदा की इबादत, लोगों की भलाई, मदद करने के बारे में बतलाया गया। लोगों ने बताया कि रात में चांद दिखने पर दूसरे दिन ईद मनाई जाएगी। जिसकी नमाज जामा मस्जिद में सुबह 8ः30 बजे होगी। सभी ने एक दूसरे को मुबारकबाद भी दिया।

अरगड्डा जामा मस्जिद में रमजान के अंतिम जुम्मे की नमाज हुई अदा

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): कोयलांचल अरगड्डा, बुधबाजार सिरका, गांव चपरी, हेसला, मनुआ, फुलसराय के जामा मस्जिदो में शुक्रवार को रमजान के अंतिम जुम्मे की नमाज मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अदा की। इस दौरान सभी ने कतार में बैठकर अल्लाह ताला से सबो के लिए दुआएं मांगी। लोगों ने एक दूसरे को रमजान के पाक अलविदा जुम्मा नमाज अदा करने के बाद मुबारकबाद दिया।

चपरी समाजसेवी के माता का निधन, लोगों ने किया शोक व्यक्त

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): मांडू के गांव चपरी समाजसेवी धनेलाल बेदिया की माता स्वर्गीय पुनिया देवी उम्र करीब 90 वर्ष का निधन बीते दिन गुरुवार संध्या हो गया। इससे ग्रामीण समाजसेवियों, आमजनों के बीच शोक की लहर दौड़ पड़ी। अंतिम संस्कार शुक्रवार को मंगरदहा नदी तट पर किया गया। वे अपने पीछे पुत्र धनेलाल बेदिया, राजन बेदिया, बालेश्वर बेदिया समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। शोक व्यक्त करने वालों में समाजसेवी शिवदेव बेदिया, राजू बेदिया, परमेश्वर बेदिया, पंकज बेदिया, राजेंद्र बेदिया, सुरेश बेदिया, जुगेश बेदिया, कामेश्वर बेदिया, देवेंद्र बेदिया, शोषित बेदिया, शंकर बेदिया, आदित्य बेदिया, सूरज बेदिया, बालगोविंद बेदिया, लालचंद बेदिया लाका बेदिया, रामवृक्ष बेदिया, प्रयाग बेदिया समेत कई लोग शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना
(नोटिस)

नाम– (1) लल्लु सिंह, पिता बालकेश सिंह, ग्राम लादी, थाना हरिहरगंज, जिला , जिला पलामू, एवं (2). दीपक रजवार पिता स्व0 तपेश्वर रजवार, ग्राम चौआचटान, थंना हुसैनाबाद, जिला पलामू, बरडीहा थाना कांड सं0– 67/17, दिनांक–19.12.17 धारा– 147/148/323/324/325/386/452/ 504/भा0द0वि C.L.A ACT & 10/13 U.A.P.ACT के प्राथमिकी अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। माानीय न्यायालय में प्रथम श्रेणी गढवा के द्वारा आपके विरूध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थाई पता से फिरार है आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय मे अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

PR 295699 Police (23-24)_D

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड सभी पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर 21 से 24 अप्रैल तक कई कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसके नियमित प्रखंड के सभी गांवों में शुक्रवार को स्कूली बच्चों, शिक्षकों, स्वयं सहायता समूह के दीदीयो, जल सहिया, जनप्रतिनिधियों और गांव के प्रबुद्ध लोगों के साथ स्वच्छता, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल मैत्री हेतु जागरूकता के लिए प्रभात फेरी निकाला गया। प्रभात फेरी के दौरान

गांव गांव में नारे गूंज रहे थे कि ÷स्वच्छता को अपनाना है गंदगी दूर भगाना है÷, ÷ जन-जन ने यह ठाना है गंदगी दूर भगाना है ।÷ प्रभात फेरी के उपरांत सभी पंचायत भवनों में एकत्रित होकर स्वच्छता का शपथ लिए उसके उपरांत गांव के स्वच्छता स्वास्थ्य एवं बाल मित्र आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।इसी कार्यक्रम के निमित्त पूरियो पंचायत में प्रखंड प्रमुख विनीता कश्यप के नेतृत्व में मुखिया नीरज कुजूर व बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा स्कूल के बच्चों , जनप्रतिनिधियों,आम नागरिकों स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया एवं स्वयं सहायता समूह के दीदीयो के साथ में पूरे गांव की प्रभात फेरी की गई। प्रभात फेरी के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया।

विधायक ने विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : शुक्रवार को नामकुम प्रखण्ड के निम्नलिखित विधायक निधि से निर्मित योजनाओं की शिलान्यास खिजरी विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप जी के करकमलों द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से

1. ग्राम हरातु में अनिल मुण्डा के घर से मालती देवी के घर तक पी.सी.सी. पथ का निर्माण।
2. टाटीसिलवे आदर्श नगर में पी.सी.सी. पथ का निर्माण।
3. नामकुम प्रखंड के सिलवे उलातु में श्मशान शेड का निर्माण।
4. टाटीसिलवे के तीनसरिया श्मशान घाट में श्मशान शेड का निर्माण। इस अवसर पर विधायक ने कहा की पथ निर्माण एवम श्मशान शेड के निर्माण से आमजनो को बहुत लाभ होगा। इसकी मांग पूर्व से कि गई थी। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक राजेश कच्छप,,मुखिया नूतन पाहन, सुनीता देवी,, पंचायत समिति सदस्य अरविंद लोहरा, इंदु देवी, उप मुखिया अजय कुमार, ग्राम प्रधान गोपाल मुंडा, किस्टो कुजुर,कांग्रेस नेता अशोक मिश्र, विनोद पुरी इत्यादि गनमान्य लोग के अलावा सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

पीटीपीएस डैम कटुआ कोचा में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : पीटीपीएस डैम कटुआकोचा नाव घाट पर रोज़ेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का आयोजन कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्यअतिथि विधायक अंबा प्रसाद शरीक हुई। इस अवसर पर पूरे मुल्क के तरक्की और अमन चैन के लिए दुआ मांगी गयी।देश में खुशहाली रहे इसकी भी दुआ मांगी गई। साथी सभी को ईद की मुबारकबाद विधायक एवम् प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर समाजसेवी वारिस खान, मुस्तफा अंसारी,तारिक रज़ा,राकेश कुमार, नौशाद अंसारी,साबिर अंसारी, अफ़रिद, इरफान, सुल्तान, टिंकू मुबारक, नाज़िर, राजा, गागिल, अहमद रज़ा आदि उपस्थित थे।

कर्नाटक विस चुनाव में हजारीबाग विधायक मांग रहें हैं वोट, इधर सदर विस क्षेत्र में उनके प्रतिनिधि बेटियों तक पहुंचा रहें हैं उनका संदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल पिछले एक सप्ताह से कर्नाटक विधानसभा चुनाव- 2023 में पार्टी के पक्ष में कार्य कर रहे हैं। विधायक मनीष जायसवाल को बेंगलुरु शहरी क्षेत्र के यशवंतपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। जब से उन्हें यह दायित्व मिला है वे लगातार बेंगलुरु में रहकर पार्टी के पक्ष में बैठक कर रणनीति बना रहे हैं और अब वोटरों के बीच पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांग रहे हैं। इधर विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर सदर विधानसभा क्षेत्र के किसी भी जरूरतमंद लोगों को

उनकी कमी ना खली इसलिए उनके सभी विधायक प्रतिनिधि लगातार क्षेत्र में जमे हुए हैं। सभी विधायक प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में जनता के बीच बने हुए हैं और विशेषकर क्षेत्र की ज़रूरतमंद बहन/ बेटियों को उनके शादी से पूर्व उनके दर पहुंचकर विधायक मनीष जायसवाल की ओर से लहंगा भेंट करने में जुटे हैं। कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू ने विधायक मनीष जायसवाल की अनुपस्थिति में कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों का सघन दौरा कर करीब 30 से अधिक बहन/बेटियों को उनके अभिभावकों के समक्ष विधायक मनीष जायसवाल का भेंट पहुंचाया। इसी प्रकार कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव का दौरा कर करीब 50 बहन/बेटियों तक लहंगा पहुंचाने का काम किया और लहंगा भेंट कर विधायक मनीष जायसवाल की ओर से शादी की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी। सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में सदर प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार ने पहुंचकर विधायक मनीष जयसवाल की ओर से करीब 40 बहन/बेटियों को लहंगा भेंट किया और विधायक मनीष

लोटवा डैम में नहाने गए युवक की डूबने से हुई मौत, 24 घंटे बाद युवक का निकाला गया शव

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : इचाक लोटवा डैम से सटे इचाक एवं पदमा थाना सीमांकन क्षेत्र पर चमेली झरना में बने पत्थर खदान के गहरे पानी में डूबने से प्रिंस कुमार (उम्र करीब 18 वर्ष) पिता संजय मेहता की मौत हो गई। लगभग 24 घंटे के बाद युवक के शव को एनडीआरएफ की टीम ने काफी मशक्कत के बाद खोज निकाला। इस संबंध में कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और लीजधारक व पदाधिकारियों पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। कहा कि यह वैध खदान था तो खदान मालिक एवं सरकार तथा पदाधिकारियों का दायित्व लोगों की जान माल की सुरक्षा करना था। खनन विभाग का कर्तव्य बनता है कि इसे बैरिकेट या ट्रेंच काटकर खदान में आने जाने का रास्ता बंद करना या चमेली खदान के मालिक वेरीकेट करें या पूरा भर कर समतल कर दे। आज लापरवाही के

कारण युवक प्रिंस कुमार मौत के गाल में समा गया। इस संबंध में कांग्रेसियों ने उपायुक्त से खनन पदाधिकारी, लीज लेने वाले लोगों के ऊपर भी प्राथमिकी दर्ज करने का मांग किया है। साथ ही सरकार से मृतक के परिजन को 50 लाख का मुआवजा देने का मांग किया है। साथ ही जिला प्रशासन से मांग किया है कि जांच कमिटी बनाकर इसकी गहनता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। कांग्रेसियों ने कार्रवाई नही होने पर पदाधिकारियों के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की चेतावनी भी दिया। इसके अलावा चंदवारा के ढाब, बरही के चँदाबीघा, बरकट्ठा समेत सभी जगहों पर लीज धारकों को जिला प्रशासन सुरक्षा मानकों को लेकर निर्देशित करने की बात कही। मौके पर विस विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मंडल अध्यक्ष सिकंदर राणा, रघुवीर यादव उपस्थित रहें।

बरहीडीह में राष्ट्रीय स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बरहीडीह में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने मुखिया शमशेर आलम एवं विद्यालय प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली। स्कूली बच्चों ने पंचायत को साफ सफाई के बुलंद नारों के साथ बरही चौक के चारों मुख्य मार्गो में भ्रमण किया। इस दौरान बच्चे स्वच्छ पंचायत और स्वच्छ भारत के तख्तियां लेकर उत्साह के साथ शामिल थे। सभी बच्चें के मुख से एक ही स्वर में नारे लगा रहे थे कि गंदगी दूर भगाना है और स्वच्छ पंचायत बनाना है। प्रभात फेरी में शिक्षक अजय प्रजापति, मनोज ठाकुर, रंजीत कुमार सिंह एवं मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम ने अहम योगदान निभाया। प्रभात फेरी रैली में स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, विधालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार अग्रवाल, शिक्षक अजय प्रजापति, रंजीत कुमार सिंह, मनोज ठाकुर, लालमणि सिंह, दिनेश रविदास,शशि किशोर, शिक्षिका कंचन कुमारी, रानी खातून, आशा कुमारी,सोनामती कुमारी शहनाज खातून, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, मुरारी पासवान, दीनू प्रजापति ने सहयोग दिया।

रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने रामगढ़ जिले की नयी कमेटी का घोषणा कि

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के द्वारा ला मैरिटल होटल के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया । जिसमें रामगढ़ जिले की नयी कमेटी का घोषणा किया गया जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि कमेटी में जिन लोगों को पद दिया गया है वह पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता पूरे ईमानदारी से अपने क्षेत्र में काम को निर्वहन करें साथ सभी पदाधिकारी गण शुभकामनाएँ दिया।

आज मनेगी ईद, तैयारी में जुटे लोग बाजारों में खरीदारी के लिए जुटी भीड़

जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता): चांद रात यानी शुक्रवार को खरीदारी को लेकर बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जामताड़ा शहर के सुभाष चौक, टावर चौक, बाजार रोड देर रात खरीदारों से गुलजार रहा। ईद को लेकर बाजारों की रौनक देखने को बन रही थी। लोग अपनी पसंद के कपड़े से लेकर खाने-पीने के सामानों की खरीदारी करने में व्यस्त दिखे। आलम यह था कि देर रात तक लोगों ने जमकर खरीदारी की।बता दें कि इबादत का महीना रमजान मुस्लिम समाज के लोगों ने सादगी के साथ गुजारा और ज्यादा से ज्यादा बारगाहे इलाही में इबादत की।

पुलिस अधीक्षक, यातायात का कार्यालय, राँची

ईद–उल–फितर (ईद) का त्योहार प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष दिनांक–**22/23.04.2023** को चाँद दृष्टिगोचर होने के उपरांत मनायी जायेगी। उक्त अवसर पर विभिन्न ईदगाह तथा मस्जिदों में अत्याधिक भीड़–भाड़ होने की संभावना है। इसके मद्देनजर राँची शहरी क्षेत्र में यातायात संधारण व्यवस्था निम्न प्रकार से होगी :–

1. हरमू बाईपास रोड प्रातः 07:30 बजे से नमाज समाप्ति लगभग 10:00 बजे तक किशोरगंज चौक से न्यू मार्केट चौक के बीच वाहनों का परिचालन बन्द रहेगा। हरमू से न्यू मार्केट की ओर जाने वाले वाहन पुरानी राँची, बड़ा तालाब, शहीद चौक, रेडियम चौक होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। न्यू मार्केट से हरमू मुक्तिधाम की ओर परिचालित होने वाले वाहन रेडियम चौक, शहीद चौक, बड़ा तालाब, पुरानी राँची होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।
2. मेन रोड में सर्जना चौक से रतन पी.पी. के बीच परिचालित होने वाले वाहनों को आवश्यकतानुसार निम्न मार्गों से रूट डायवर्ट किया जाऐगा :–

- फिरायालाल चौक से सुजाता चौक की ओर परिचालित होने वाले वाहन सर्जना चौक, मिशन चौक, कर्बला चौक, बहुबाजार चौक, मुण्डा चौक, सुजाता चौक होकर अपने गंतव्य तक जाऐंगे।
- सुजाता से फिरायालाल चौक की ओर परिचालित होने वाले वाहन रतन पी.पी. चौक, कर्बला चौक, मिशन चौक होकर अपने गंतव्य तक जाऐंगे।

पुलिस अधीक्षक यातायात,
राँची

PR 295651 Police(23-24)#D

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड।
नगर निगम,गिरिडीह।

अति अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

1.अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**UDD/GMC/2nd Call/14/2022-23** दिनांक – 21.04.2023

क्रमांक	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रू0)	अग्रधन की राशि (रू0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	4	5
1.	मकतपुर मार्केट में 24 अदद दुकान निर्माण।	46,28,900.00	92,578.00	10,000.00	180 दिन
2.	वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की तिथि	दिनांक– 25.04.2023 (पूर्वाहन 11:00 बजे से)			
3.	वेबसाईट पर निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	दिनांक– 03.05.2023(अपराहन 3:00 बजे तक)			
4.	परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात कार्यालय नगर निगम गिरिडीह में जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक– 04.05.2023(अपराहन 3:00 बजे तक)			
5.	निविदा खोलने की तिथि	दिनांक–04.05.2023 (अपराहन 4:00 बजे तक)			
6.	निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी का नाम	उप नगर आयुक्त, नगर निगम, गिरिडीह			
7.	निविदा से संबंधित जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर	7366966300, 9910015792, 8789992167, 9934579620,			
8.	ई–प्रोक्यूरमेंट सेल का हेल्पलाइन नंम्बर	0651-2491232			

नोटः– केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेवसाईट **http:WWW.Jharkhandtenders.gov.in/** नगर निगम गिरिडीह के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

उप नगर आयुक्त,
नगर निगम,गिरिडीह।

PR 295697 Urban Development(23-24)D

कार्यालय - जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू (मनरेगा)

Phone No. 06562-295137 Email. ID - ddc-pal@nic.in

अतिअल्पकालीन निविदा

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक (N) 433 (अनु0), दिनांक 30.03.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी हेतु पलामू जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में जैविक खाद, दवा, कीटनाशक एवं Polythene Sheet सामग्रियों का क्रय किया जाना है। जिले में पंजीकृत ग्राम संगठन/कृषक उत्पादक कम्पनी/कृषक उत्पादक समूह/कृषक को–ऑपरेटिव जिनके पास नीचे अंकित सामग्रियों के कारोबार करने का प्रमाण पत्र एवं GST निबंधन उपलब्ध है, इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्र0	सामग्री का नाम	विवरणी
1	जैविक खाद (Organic Fertilizer)	Vermi-Compost (in kg)
		FYM (compost) (in kg)
		Neem Oil cake (in kg)
		Karanj Oil cake (in kg)
		Bone meal (in kg)
		SSP (in kg)
		Dolomite (in kg)
2	फफुन्दनाशक (Fungicide)	Trichoderma viridi 1.5% WW (2x10^6-10^8 CFU gm)
		Chlorothalonil 75% WP (in kg)
		Copper Oxychloride (Blue copper Or equivalent)
3	कीटनाशक (Insecticides)	Fipronil 0.3 GR (in kg)
		Azadirechtin 3000 PPM (in litre)
		Lambda-Cyhalothrin 5% EC (in litre)
		Bifenthrin 2.5% EC;Biflex TC or equivalent
4	रसायनिक खाद (Fertilizer)	Totoeare/Agromin or Equivalent
		Urea
		NPK 10:26:26 (Sufala or equivalent)
		SSP
		MoP (Potash)
5	पौलिथीन (Polythene)	Polythene for Jalkund (18ft X 14ft) 250micron UV resistant
6	अन्य	Nail (कील) (Per kg) (3")
		GI Wire (तार) (Per kg)
		Bamboo (One Pc. 50')

इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सिलबंद लिफाफे में दिनांक 03.05.2023 के अपराहन 01.00 बजे तक निविदा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिन 03.05.2023 अपराहन 03:00 बजे निविदादाता या प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। लिफाफा पर साफ–साफ शब्दों में बिरसा हरित ग्राम योजना अंकित कर जमा कर सकते हैं। निविदा की शर्त पलामू के Official Website-www.palamu.nic.in एवं डी0आर0डी0ए0 के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है

उप विकास आयुक्त –सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू

PR 295757 District (23-24)_D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
धनबाद/गिरिडीह
रांची, शनिवार, 22 अप्रैल 2023 | पेज 10

बच्चों को दिया गया अग्निशमन का प्रशिक्षण

झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) : डीएवी बनियाहीर स्कूल परिसर में अग्निशमन दल झरिया, धनबाद द्वारा बच्चों को अग्निशमन संयन्त्र के संचालन का प्रशिक्षण और उसके उपयोग की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बच्चों को अग्निशमन के अन्य तरीकों व आग से बचाव का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस ज्ञानवर्धक और उपयोगी कार्यक्रम हेतु प्राचार्य एस मोदक ने अग्निशमन दल के प्रभारी व उनके सहकार्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्य महोदय ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस उपयोगी जानकारी का आवश्यकता के अनुरूप उपयोग करें और अपने परिजनों को भी लाभान्वित करें।

विदाई समारोह का आयोजन

मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह के

प्रांगण में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आज विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मुरारी प्रसाद के सेवानिवृत्ति पर संपूर्ण विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें विदाई दी गई। आचार्य मुरारी प्रसाद प्राचार्य सुनील कुमार सिंह उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा, संघचालक विशु रवानी कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद तथा सदस्य उत्तम गयाली के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आचार्य अजय कुमार पांडे ने विदाई के अवसर पर आचार्य मुरारी प्रसाद को कर्मठ कार्यकुशल एवं विद्या भारती योजना को आगे बढ़ाने वाला कार्यकर्ता बताया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि माननीय विशु रवानी ने कहा कि आचार्य मुरारी प्रसाद जी योग्य कर्मठ अनुशासित एवं विद्या भारती योजना के अनुसार कार्य करने वाले आचार्य रहे हैं,मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी उपस्थित थे।

कलश यात्रा का आयोजन

बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : तोपचांची के गेंदनावाडीह में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 108 श्री रुद्र महायज्ञ का कलश आचार्य विनोद शास्त्री के नेतृत्व में कलश यात्रा किया गया । जिसमें में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। कलश यात्रा में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्र उच्चारण से माहौल भक्ति में हो गया। इस अवसर पर सिंह ने यज्ञ में स्थापित देवी-देवताओं का पुजन किया। इस दौरान गेंदनावाडीह उपमुखिया छाया देवी, संतोष महतो ,आकाश सिंह, धनेश्वर महतो, बैजनाथ महतो, कार्तिक महतो,राम नरेश महतो, त्रिपुरारी सिंह, गोविंद महतो, बासुदेव सिंह, ब्रजमोहन राम,सुमन मिश्रा, ईश्वर महतो,डोमन महतो, सोनू चौधरी, हीरा लाल तुरी, उमेश महतो,आदि उपस्थित हुए।

लिटरेसी इंडिया व टेलीपरफॉर्मेंस ने झारखंड में शुरू किया पाठशाला 2.0 कार्यक्रम

बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) : लिटरेसी इंडिया, एक गैर-लाभकारी

संगठन और टेलीपरफॉर्मेंस इंडिया, डिजिटल एकीकृत व्यापार सेवाओं के अग्रणी प्रदाता, ने झारखंड के झरना जिले के पश्चिम महल पंचायत बोकारो में एक आदिवासी समुदाय में पाठशाला 2.0 कार्यक्रम शुरू किया है। इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के सरकार के प्रयासों का समर्थन करते हुए, कार्यक्रम आदिवासी बच्चों, युवाओं और किशोर लड़कियों को शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने पर विशेष ध्यान देता है। इंटरैक्टिव स्मार्ट कक्षाओं के कार्यान्वयन के साथ, छात्र अब अवधारणाओं की कल्पना कर सकते हैं, इंटरैक्टिव पाठों में भाग ले सकते हैं और महत्वपूर्ण सोच कौशल विकसित कर सकते हैं। कार्यक्रम ने पारंपरिक कक्षाओं को गतिशील सीखने के वातावरण में बदल दिया है, जिससे अकादमिक प्रदर्शन और महत्वपूर्ण सोच कौशल में सुधार हुआ है। इसके परिणामस्वरूप %इनोवेशन इन साइंस परसूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च% कार्यक्रम के लिए दो छात्रों का चयन हुआ है, जो भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इसके अलावा, झरना स्कूल के 11 शिक्षकों के एक समूह ने गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों के लिए स्मार्टबोर्ड और ई-कंटेंट जैसे डिजिटल टूल का उपयोग करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

रमजान के आखिरी जुम्मे की नमाज में उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : रमजान के पाक महीने की अलविदा जुमा की नमाज धनबाद के विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय द्वारा अदा की गई। मस्जिदों में काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इकट्ठा होकर जुमातुलविदा की नमाज अदा किये और क्षेत्र के लिए अमन-चैन की दुआ मांगी। मौलाना मसूद अजहर ने बताया कि रमजान के पाक महीने मे जुमे की नमाज का विशेष महत्व है। बताया कि अगर आज चांद का दीदार होता है तो कल शनिवार को पूरे देश में बड़े ही धूमधाम के साथ ईद मनाई जाएगी।

ईद-उल-फितर त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने जारी किया संयुक्त आदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : ईद-उल-फितर (ईद) को दृष्टिगत रखते हुए एवं विधि व्यवस्था के संधारण हेतु उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इस वर्ष ईद-उल-फितर (ईद) 2023 का त्योहार दिनांक 22.04.2023 को चाँद के दृष्टिगोचर होने के अनुसार मनाया जाएगा। प्रत्येक वर्ष यह त्योहार शांतिपूर्वक मनाया जाता रहा है किन्तु ऐसा देखा गया है कि कभी-कभी छिटपुट घटनाओं को भी उग्ररूप दे दिया जाता है तथा छोटी-छोटी बात को लेकर भी साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न हो जाता है। साम्प्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों/पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी विशेषकर मस्जिद/ईदगाह एवं पूजा घरों पर निगरानी रखेंगे ताकि ईद की नमाज के समय विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं होने पाये। प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थान पर पहुँचने के पश्चात दोनों सम्प्रदाय के प्रमुख एवं गणमान्य व्यक्तियों से सम्पर्क स्थापित कर सद्भावना, शान्ति व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने का हर संभव प्रयास करेंगे। ईद-उल-फितर 2023 के अवसर पर जिला स्तर एवं अनुमण्डल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है जो दिनांक 22.04.2023 के अपराह्न से दिनांक 24.04.2023 के अपराहन तक कार्यरत रहेगा। जिला नियंत्रण कक्ष एवं अनुमण्डलीय नियंत्रण कक्ष का स्थान एवं दूरभाष संख्या निम्न प्रकार है।

1. जिला नियंत्रण कक्ष- दूरभाष संख्या 06532-228829
2. खोरीमहुआ अनुमंडल कार्यालय- 7766081647
3. डुमरी अनुमंडल कार्यालय - 9431313378
4. बगोदर सरिया अनुमंडल कार्यालय - 9473435905

इफ्तार पार्टी का आयोजन, मुखिया ने ईद शांतिपूर्ण माहोल में मनाने की दी

प्रभात मंत्र संवाददाता

बेंगाबाद : मधवाडीह पंचायत के बैदाडीह बबलू खान के आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोज किया गया । मौके पर मधवाडीह मुखिया सदीकअंसारी, पूर्व पसस अब्दुल वाहिद खान, उप मुखिया प्रतिनिधि मेराज आलम लेयाकत खान, इरफान खान सहित सैकडों की संख्या में उपस्थित हुए। मौके पर सभी ने रमजान मुबारक महिने में आपसी एकता व भाईचारे का परिचय देते हुए ईद मनाने का आह्वान किया । इधर मुखिया सदीक अंसारी ने पंचायत दौरा कर शांतिपूर्ण माहोल में ईद त्यौहार मनाने की सलाह दी ।

पानी के लिये मचा हाहाकार, ग्रामीणों ने किया सड़क

प्रभात मंत्र संवाददाता

झरिया : जयरामपुर क्षेत्र में समर्सेबुल पंप के खराब हो जाने से पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में पिटवाटर के लिए हाहाकार मचा हुआ है। साथ ही आउटसोर्सिंग परियोजना से बड़े पैमाने पर उड़ रही धूलकण से ग्रामीण का हाल बेहाल हो गया हैं। लोगों का धैर्य भी जवाब दे दिया। सुबह होते ही क्षेत्र के भड़के ग्रामीण अलग अलग जत्था बना कर जुलुश कि शक्ल में बीयर कंपनी चौक पर पहुंचकर जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के तत्वाधान में आउटसोर्सिंग तथा जयरामपुर भागा कि मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम के चलते आउटसोर्सिंग का कार्य एवं कोयले कि ट्रांसपोर्टिंग ठप हो गई। बाध्य होकर क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने पिटवाटर कि तत्काल आपूर्ति करने, तीन नंबर पिट में अतिरिक्त मोटर पंप लगाने एवं उड़ते धूलकण पर रोक लगाने कि मांग को लेकर सड़क जाम कर परियोजना का कामकाज ठप किया गया है। लगभग तीन घंटे तक हुई सड़क जाम कि

सूचना पर परियोजना पदाधिकारी एके पाण्डेय एवं विद्युत अभियंता द्वारिका प्रसाद ने आकर आंदोलनकारी लोगों को तत्काल उनकी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। मौके पर रामबाबू सिंह, रूपक सिन्हा, समरजीत सिंह, दीपक सिंह, राकेश सिंह, अनिल पासवान, सुनील पासवान, हिरालाल पासवान, भोला भुईयां, सहदेव भुईयां, सुन्दर भुईयां, समाजसेविका प्रतिमा देवी, सोनिया देवी, बेबी देवी, मिना देवी, चिन्ता देवी, रिता देवी आदि थे।

आपसी विवाद में चापानल निर्माण कार्य अधर में, पानी के लिए तरस रहे

दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र

टुंडी : टुंडी प्रखंड के मनियांडीह थाना क्षेत्र के भोस्की गांव में दो पक्षों के आपसी विवाद होने से चापानल निर्माण कार्य अधर में लटक का समाचार प्राप्त हुआ है। प्राप्त समाचार के अनुसार मनियांडीह थाना क्षेत्र के जाताखूंटी पंचायत अंतर्गत ग्राम भोस्की निवासी नवाब अंसारी ने अपने घर के नजदीक एक चापानल अपने खर्चे से लगवा रहा था ताकि इस भीषण गर्मी में पानी की संकट न हो तथा मुख्य मार्ग होने के नाते राहगीरों को भी पानी मिलें इसी बीच

उसी गांव के कुछ लोग आये और विरोध करने लगे विरोधियों का कहना है कि चापानल निर्माण कार्य से हमलोगों को कोई परेशानी नहीं है पर चापानल का दूषित पानी मेरे ज़मीन न पड़े। अब इस पर दोनों पक्षों में काफी तनाव जैसी स्थिति पैदा हो गई है। दोनों पक्षों द्वारा मनियांडीह थाना में आवेदन दे दिया गया है। अभी फिलहाल चापानल निर्माण कार्य को बंद रखा गया है ताकि दोनों पक्षों में विवाद न बढ़े।इसी बीच चापानल निर्माण कार्य करा रहे नवाब अंसारी का कहना है कि पानी के नाम पर मात्र एक कुआं है जो कभी भी इस भीषण गर्मी में सुख सकता है इस लिए चापानल निर्माण कार्य का होना बहुत जरूरी हो गया है । मैं प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों से अपील करना चाहूंगा कि मेरे घर के सामने चापानल निर्माण कार्य होने दिया जाएं ताकि आने वाले भीषण गर्मी में परिवारों वालों के अलावा राहगीरों को भी पानी मिल सकें।

राधानगर को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर पदयात्रा : प्रदीप महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : राधानगर प्रखंड बनाओ समिति के प्रदीप महतो ने बाघमारा के सभी जनमानस से अपील करते हुए कहा कि 29 अप्रैल को राधानगर प्रखंड बनाने को लेकर शहीद शक्तिनाथ महतो समाधी स्थल सिजुआ से विनोद बिहारी चौक, महुदा मोड़ तक विशाल पदयात्रा किया जाएगा।

इस पद यात्रा में महुदा सहित अन्य जगहों से हजारों लोग भाग लेंगे। राधानगर प्रखंड बन जाने के बाद प्रखंड आने-जाने की दुरी कम होगी।

जाति, आवासीय आय प्रमाण पत्र बनाने में सुविधा होगी। जमीन की दाखिल खारिज तथा रसीद कटाने एवं आदि अन्य कार्य के लिए आम जनता की सुविधा होगी।

महाप्रबंधक अनुपम शर्मा द्वारा रेलवे सुरक्षा बल को ड्रोन कैमरा व मोटरसाइकिल किया गया प्रदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : महाप्रबंधक कार्यालय के प्रागंण में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा एवं महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, हाजीपुर एस.सी.पाढ़ी द्वारा अपराध नियंत्रण, भीड़ नियंत्रण, उपद्रव जैसी घटनाओं के समय असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु अत्याधुनिक तकनीक वाले ड्रोन कैमरे रेलवे सुरक्षा बल को सुपुर्द किया गया ।

इसके साथ ही रेलवे सुरक्षा बल के विभिन्न मंडलों/इकाइयों को मोटरसाइकिल भी प्रदान किये गये । इससे रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को काफी मदद मिलेगी । पूर्व मध्य रेल में घटित होने वाले घटना स्थलों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए रेलवे सुरक्षा बल के जवान पहुंच सकेंगे तथा अपराधियों की धरपकड़ एवं मामले का उद्भेदन जल्द से जल्द किया जा सकेगा ।

इन ड्रोन कैमरों एवं मोटरसाइकिलों की मदद से रेलवे सुरक्षा बल को रेल संपत्ति की सुरक्षा एवं रेल परिचालन में अवरोध उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने में काफी सहुलियत होगी ।

इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : झरिया बनियाहीर की रहने वाली महिला मटकुरिया रोड ट्रंकुईल नर्सिंग होम में कल शाम पेट में दर्द की शिकायत लेकर भर्ती हुई थी। परिजनों का कहना है की डॉक्टरों की लापरवाही से महिला की मौत हुई है। परिजन ने हॉस्पिटल में किया हंगामा। वहीं मौके पर बैंक मोड़ की पुलिस अस्पताल पहुंचकर परिजनों को समझाया जिसके बाद परिजन शव को लेकर अपने घर गए। वहीं अस्पताल के मालिक रवि जुनेजा ने मीडिया को बताया कि दरअसल कल शाम को महिला एडमिट हुई थी जिसका इलाज चल रहा था अचानक

काडियो अरेस्ट होने के कारण महिला की मौत हुई है। फिलहाल परिजन पुलिस के सामने शव को अस्पताल से लेकर चले गए।

ओल्ड पेंशन लागू करने के लिए ईसीआरकेयू का प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : एन पी एस समाप्त कर सभी को ओल्ड पेंशन का लाभ दिलाने के लिए ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में अन्य सभी केन्द्रीय विभागों,राज्य सरकार के कर्मचारियों तथा अन्य श्रमिक संगठनों के यूनियनों द्वारा ओपीएससंयुक्त संघर्ष मोर्चा जेएफआरओपीएस द्वारा ओ पी एस बहाल करने के मांग को लेकर प्रत्येक माह के 21 तारीख को राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन,धरना प्रदर्शन,जुलूस एवं रैलियों का आयोजन किये जाने की निर्णय लिया गया है।इसी के तहत आज ईसीआरकेयू धनबाद शाखा

एक ही मिशन पुरानी पेंशन

दो द्वारा 21अप्रैल को एक ही मिशन पुरानी पेंशन नारा के साथ एन पी एस समाप्त कर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की मांग को लेकर धनबाद पुराना स्टेशन स्थित पावर हाउस में जागरुकता कार्यक्रम के तहत गेट मीटिंग किया गया। इस गेट मीटिंग का अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष एनके खवास और मीटिंग का संचालन शाखा सचिव सोमेन दत्ता ने किया। जिसमें बड़ी संख्या में रेलकर्मियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।आज का इस गेट मीटिंग कार्यक्रम में एनके खवास,सोमेन दत्ता के अलावे परमेश्वर कुमार,एस मंजेश्वर राव, एके दास, एके दा,टीके साहू,एसके खमार, प्रदिसो सिन्हा, इस्लाम अंसारी, सुदर्शन कुमार महतो और मोहम्मद जफर सिद्दीकी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिये।

उत्क्रमित प्राथमिक विधालय खुटाबांध में फाई स्मार्ट क्लास का हुवा शुभारम्भ

ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब बच्चों को मिलेगा डिजिटल शिक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमुआ : प्रखंड के नवडीहा ओपी अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विधालय खुटाबांध में बच्चों को बेहतर शिक्षा और डिजिटल इंडिया से जोड़ने के उद्देश्य को लेकर फाई स्मार्ट क्लास की ओर से शुक्रवार को शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी द्वारा फीता काटकर डिजिटल शिक्षा केंद्र का उद्घाटन किया । इसे सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से राज्य परियोजना प्रबंधक पिंकू वर्मा , जिला परियोजना कोडिनेटर विवेक कुमार , जमुआ प्रखंड परियोजना राजेंद्र प्रसाद वर्मा ,बेंगाबाद प्रखंड परियोजना राजेश कुमार वर्मा , पंचायत कोडिनेटर पूनम कुमारी (नवडीहा) , मनीषा कुमारी (सियाटांड़), निशा कुमारी (कुरहो बिन्दो), खुशबु कुमारी (चोरगोता),बेबी कुमारी (मेढ़ो चपरखो) की उपस्थिति रही। इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को 1 घंटे का बेहतर शिक्षा अंग्रेजी माध्यम मात्र 1 रुपए की प्रतिदिन की शुल्क में ऑनलाइन डिजिटल क्लासेज के द्वारा दिया जाएगा। जिसमें बच्चों को जनरल नॉलेज सहित भारत की राज्य की तमाम जानकारियां

मोबाइल से जुड़ा हुआ तकनीकी जानकारियां एवं गणित के कई ट्रिक्स बच्चों को ऑनलाइन के माध्यम से साझा किया जाएगा, यह पहल आज गिरिडीह के नावाडीह से सुरुवात हुवा साथ में राज्य के हर पंचायत में इस तरह के केंद्र खोलकर बच्चों को शिक्षा देकर स्मार्ट बनाने का कार्य किया जाएगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

हॉकी सिमडेगा का महाभियान, छुपा ना रह जाए एक भी प्रतिभावान

कोलेबिरा प्रखंड के बरवाडीह स्कूल मैदान में हुआ सब जूनियर महिला और पुरुष हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : अभी तक जिला के 19 स्थलों में 75 पंचायत के खिलाड़ियों के लिए हो चुका है चयन ट्रायल और 16 वर्ष से कम उम्र सीमा के 800 खिलाड़ी हुए है चयनित। हॉकी सिमडेगा द्वारा आयोजित होने वाले सिमडेगा जिला स्तरीय सबजूनियर महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में सिमडेगा जिला का कोई भी प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी खेलने से वंचित ना रह जाए।जिसके लिए हॉकी सिमडेगा ने एक कार्यक्रम चलाया है, हॉकी सिमडेगा का महाभियान छुपा ना रह जाए एक भी प्रतिभावान के तहत तीन चार पंचायत को एक जगह मिलाकर सिमडेगा जिला के सभी 94 पंचायतों के लिए 24 स्थलों में 16वर्ष से कम उम्र सीमा के महिला और पुरुष हॉकी खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल आयोजित कर टीम का गठन किया जा रहा है और इस टीम

को सिमडेगा जिला स्तरीय सब महिला और पुरुष हॉकी चैम्पियनशिप में खेलने का अवसर दिया जाएगा। जिसके तहत दिन शुक्रवार को कोलेबिरा प्रखंड के डोम टोली पंचायत, नवा टोली पंचायत,रंसिया पंचायत,कोलेबिरा पंचायत और बंदरचुवा पंचायत के महिला और पुरुष हॉकी खिलाड़ियों के लिए बरवाडीह विद्यालय के खेल मैदान में चयन ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित कर महिला और पुरुष हॉकी टीम का गठन किया गया। हॉकी सिमडेगा के पंखस्त्रियूस टोप्पो की उपस्थिति में आयोजित चयन ट्रायल को सफल बनाने में मुख्य रूप से संत जेवियर उच्च विद्यालय बरवाडीह के प्रधानाचार्य फादर ब्रिटस, कोच एंटोनिया सोरेंग, अनिल केरकेट्टा, असीम इत्यादि की प्रमुख भूमिका रही।अभी तक जिला के 94 पंचायतों में से कुल 19स्थलों में 75 पचायतो के लिए चयन ट्रायल आयोजित हो चुका है और इन 19 स्थल में आयोजित चयन ट्रायल से 16 वर्ष से कम उम्र सीमा के 800 खिलाड़ी चयनित किए गए है। 22 अप्रैल को निम्नलिखित स्थलों में होगा चयन ट्रायल - कोलेबिरा प्रखंड दक्षिणी प्रभाग के लिए दिनांक 22अप्रैल को सुबह 08बजे अघारमा विद्यालय के मैदान में ट्रायल आयोजित होगी। जिसमे अघरमा पंचायत, शाहपुर पंचायत, और बरसलोया पंचायत के महिला और पुरुष हॉकी खिलाडी भाग ले सकते है। बानो प्रखंड दक्षिणी प्रभाग के लिए दिनांक 22 अप्रैल 2023को पूर्वाहन 8.00 बजे से हुरदा खेल मैदान जिसमे गेनमेर पंचायत, जमताई पंचायत, साहुबेड़ा पंचायत, डूमुरिया पंचायत और रायकेरा पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है। बानो प्रखंड पूर्वी प्रभाग के लिए दिनांक 22 अप्रैल दोपहर 01.30 बजे से बाकी स्कूल मैदान में जिसमे बांकी पंचायत, उकौली पंचायत, बिनतुका पंचायत, बड़काडोइल पंचायत के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

दो बाइक का टक्कर में चार लोग हुए घायल बीडीओ-सीओ ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल के समीप बाइक के टक्कर में चार लोग घायल बीडीओ, सीओ और स्थानीय लोगो का मदत से घायलों को इलाज के लिये भेजा गया समसायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा। विपरीत दिशा से आ रहा दो बाइक के टक्कर में चार युवक घायल सभी को हल्की चोटें आई है। घटना की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा व अंचलाधिकारी विजय कुमार द्वारा स्थानीय लोगो के सहयोग इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा भेज गया। जहाँ डॉ दिव्या निशि द्वारा इलाज कर घायलों को बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। घायलों का पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा निवासी जमरुद्दीन अन्सारी का 16 वर्षीय पुत्र सलमान अन्सारी तथा कुंदगड़ी निवासी बिरसा उराँव का 28 वर्षीय पुत्र शोमेशर उराँव तथा कल्हेपाट निवासी चन्द्र उराँव का 27 वर्षीय पुत्र संतोष उराँव व स्व बिरिया उराँव का 32 वर्षीय पुत्र तेतरू उराँव के रूप किया गया । जिसमें तीनो अपनी बाइक स्प्लेंडर प्लस जे एच 0 A से लोहरदगा की ओर सेन्हा के तरफ आ रहे थे। वही सलमान अन्सारी अपनी बाइक सी टी 100 से लोहरदगा की ओर जा रहा था। उसी दौरान बाइक में टक्कर हो गया और सभी चारों घायल हो गये। वही इलाज के उपरांत डॉक्टरों ने बताया कि सभी लोग खतरा से बाहर है।

लोहरदगा पहुंचे महामहिम, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन अपने रांची-बिशुनपुर-रांची भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आज शुक्रवार को लोहरदगा जिला पहुंचे। लोहरदगा जिला की सीमा पर उनका भव्य स्वागत उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा गुलदस्ता भेंट कर किया गया। परिसदन,लोहरदगा परिसर में महामहिम को इस मौके पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत महामहिम का काफिला विकास भारती, बिशुनपुर (गुमला) के लिए रवाना हो गया।

अनियंत्रित होकर पलटी ऑटो में सवार 8 जख्मी ग्रामीणों के सहयोग से पहुंचा अस्पताल

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): घटना सदर थाना क्षेत्र के हरमू नदी पर बनी पुल के पास की है जहां एक गाड़ी संख्या जेएच 08 बी 7823 अनियंत्रित होकर ऑटो के पलटने से 8 लोग घायल हो गए ऑटो में सवार 8 लोगो मे 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वही 4 लोगो को हल्की फुल्की चोटे आई है, स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर 12 बजे के आस पास ऑटो दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी,जानकारी के अनुसार सभी ऑटो सवार लोग किस्को प्रखंड के मेरले गांव से शादी विवाह की बातचीत के लिए सदर प्रखंड के बाघा गांव जा रहे थे इसी क्रम में हरमू कोयल नदी के अंतिम छोर पार करने के दौरान अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गई जिसमें सवार सभी लोगों को चोटें आई है, इस घटना के होने से घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ लग गई राहगीरों तथा स्थानीय लोगों की मदद से सभी लोगो को सदर अस्पताल भेज दिया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है डाक्टरों ने जांच के बाद बताया कि 4 लोगो को गंभीर चोटें आई है तथा 4 लोगो हल्की फुल्की चोटे आई है, इस घटना मामले में स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने तुंरत ही घटनास्थल पहुँचकर मामले की जानकारी लेते हुए मामले की छानबीन कर रही है।

अक्षय तृतीया व ईद के मद्देनजर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन तथा देशभर के गैरसरकारी संगठनों की भारत सरकार से अपील

बाल विवाह के खिलाफ बने मजबूत कानून और 18 साल तक के बच्चों को मिले मुफ्त शिक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : इस वर्ष आगामी 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया एवं ईद के अवसर को ध्यान में रखते हुए कैलाश सत्यार्त्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन (केएससीएफ) द्वारा ÷बाल विवाह मुक्त भारत÷ पर राष्ट्रीय परिचर्चा एवं विमर्श का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से जुटे गैरसरकारी संगठनों ने सरकार से एक सुर में बाल विवाह के खिलाफ मजबूत कानून बनाने और मौजूदा कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही सरकार से बाल विवाह निषेध कोष बनाने और 18 साल तक के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा का प्रावधान करने की भी मांग की गई। यह राष्ट्रीय परिचर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि भारत में बालविवाह का आयोजन

ज्यादातर अक्षय तृतीया तथा ईद के अवसरों पर ही होता है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन बाल विवाह उन्मूलन को लेकर अभियान चला रहा है। फाउंडेशन ने पिछले साल 16 अक्टूबर को बाल विवाह के खिलाफ दुनिया के सबसे बड़े जमानी आंदोलन की शुरुआत की है। यह परिचर्चा इसी अभियान का एक कदम है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउडेशन के बैनरतले जुटे गैरसरकारी संगठन इस बात पर सहमत हैं कि देश में भले ही बाल विवाह कराने वाले लोगों को दंडित करने के लिए विशेष कानून अर्थात बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 (प्रोहिबिजन ऑफ चाइल्ड मैरिज एक्ट, 2006, [पीसीएमए]) है, फिर भी बाल विवाह को समूल नष्ट करने के लिए वर्तमान कानून को संशोधित कर मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही मौजूदा कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चत करने की जरूरत है। वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए गैरसरकारी संस्थाओं ने कई प्रकार के उपायों पर बात की। कानून के संबंध में कई अनुशंसाओं पर बात की गयी, जिनमें वर्तमान कानूनों का कड़ाई से क्रियान्वयन, कड़े दंड के साथ कानून में संशोधन, आवश्यक रिपोर्टिंग और अधिकारियों के उत्तरदायित्व सम्मिलित हैं। यह इस परिचर्चा में निर्णय लिया गया कि सरकार एवं राजनीतिक दलों से यह अपील की जाए कि वह मुफ्त शिक्षा की आयु सीमा को 18 वर्ष तक कर दें। इससे बाल विवाह रोकने में बहुत मदद होगी। सुझाव में यह भी निकलकर आया कि बाल विवाह को रोकने वाले संस्थानों को मजबूत किया जाए एवं अधिकारियों के ज्ञान एवं क्षमता निर्माण पर कार्य किया जाए।

रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : रमजान के पवित्र माह का अंतिम शुक्रवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा अलबिदा जुम्मे का नमाज अदा कर क्षेत्र में अमन चैन और खुशहाली के लिये दुवा मांगी गई। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदो मे शांति व सौहार्द से एक साथ जुम्मे की नमाज अदा की गई। वही सैकड़ो मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोगो द्वारा नमाज पढ़ कर क्षेत्र में अमन चैन और खुशहाली के लिये दुवा मंगा गया। प्रखंड मुख्यालय के अलावे शुक्रवार को पाक पवित्र माह रमजान का अंतिम शुक्रवार को अलवेदा जुम्मे का नमाज प्रखंड क्षेत्र के अरु, सेरेंगहातु, उगरा, अरु बाँधटोली, तोड़ार, सेन्हा, झखरा, चितरी डाँडू, भंगाड़ी सहित सभी मस्जिदों में बच्चे, बूढ़े नवजवानों द्वारा अलवेदा जुम्मे की नमाज अदा की गई। अपने

अल्लाह के लिये सज्दे में एक साथ हजारो सिर झुका और अमन चैन, खुहहली का दुवा मांगा गया। साथ ही प्रखंड मुख्यालय स्थित छोटी व बड़ी मस्जिद के अलावे प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सभी स्थानो पर एक साथ ईद का नमाज पढ़ने के लिये समय तय किया गया है ।और ईद के दिन चांद दिखने पर प्रखंड क्षेत्र के सभी ईदगाह में सुबह 9 बजे ईद का नमाज अदा करने का निर्णय लिया गया। वही शांतिपूर्वक रमजान माह का अलवेदा जुम्मा को सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन मुस्तैद रही। मौके पर अंचलनिरीक्षक सह दंडाधिकारी चन्द्रप्रकाश मेहता व ए एस आई दिनेश प्रसाद सिंह दल बल के साथ मस्जिदों के समीप मौजूद थे।

मकान बनाने में घटी मारपीट की घटना दोनो पक्षों पर कैरो थाना में मामला हुआ दर्ज

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र के ग्राम कैरो में दो परिवारों के बीच जमीनी विवाद को लेकर मार पीट का मामला प्रकाश में आया है। दोनों परिवार वालो ने थाना में लिखित आवेदन देकर थाना में मामला दर्ज कराया है।अभिमन्यु प्रसाद साहू उम्र 38 वर्ष पिता स्व.जनार्दन साहू ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि अनिल साहू पिता स्व.बालेश्वर साहू एवं मीणा देवी पति अनिल साहू ने आवास निर्माण कर रहें दीवार को गाली गलौज करते हुए यह कह के तोड़ दिया की दीवार से मेरा खिड़की बन्द हो रहा है वंही अनिल साहू ने मेरी पत्नी को गाली गलौज करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिया साथ ही प्रताप साहू पिता स्व.जनार्दन साहू का अण्डा चौमिन दुकान में रखे खाने का समान आदि को फेक दिया एवं मीणा देवी ने चौमिन दुकान का 2500 रुपया भी चुरा ली।इस मामले पर कांड संख्या 18/23 धारा 427, 504, 341, 323, 354, 375, 34 आईपिसी के तहत मामला दर्ज किया तो वंही अनिल साहू उम्र 58 वर्ष पिता स्व.बालकेश्वर साहू ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि अभिमन्यु प्रसाद साहू,प्रताप साहू एवं राजेश साहू पिता स्व.जनार्दन साहू ने आवास निर्माण से खिड़की बन्द होने को लेकर मना करने पर तीनों भाइयों ने मुझे एवं मेरी पत्नी मीणा देवी को मार पीट करते हुए गले से सोना का एक चैन छीन लिया वंही मार पीट में मुँह पर चोट लगी जिसका ईलाज कुडू में हुआ।मामले को लेकर कैरो थाना कांड संख्या 19/23 धारा 341, 323, 504, 379, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर आगे के करवाई कर रही है।

सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में वीर कुंवर सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह को याद किया गया। विद्यार्थियों को उनसे जुड़ी डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इसके साथ ही उनके जीवनी और उपलब्धियों पर भी जानकारी दी गई। इसके लिए विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा उनके चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इतिहास की आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता ने छात्र छात्राओं को वीर कुंवर सिंह के बारे में बताते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की उम्र में अपनी अंतिम लड़ाई लड़ी और अंग्रेजों को बुरी तरह से परास्त करते हुए वीरगति प्राप्त की। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित कियाद्य कार्यक्रम में रश्मि साहू, चेतना प्रिया, कविता कुमारी, रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, आरती भगत, नीतू कुमारी, स्नेहा शर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

अंतर महाविद्यालय सहयोग आवश्यक है : जोसेफ

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ : प्राचार्य फादर डॉ. एमके जोस के नेतृत्व में प्रोफेसरों और विद्यार्थियों के एक टीम ने होली क्रॉस महिला महाविद्यालय, अंबिकापुर का दौरा किया। इस दौरान होली क्रॉस की प्राचार्य डॉ सांता जोसेफ और फादर एम के जोस के उपस्थिति में दोनों महाविद्यालय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया साथ ही भविष्य में भी आपसी सहयोग और विचार आदान-प्रदान करने पर सहमति जताई। प्राचार्य सांता जोसेफ ने संत जेवियर्स महाविद्यालय के रिसर्च सेल का मार्गदर्शन करने पर भी सहमति जताई। इस दौरान संत जेवियर्स महाविद्यालय के आईक्यूएसी के संयोजिका सिस्टर कैसलिन जुलियट ने अपने महाविद्यालय के एसएसआर रिपोर्ट की रूपरेखा प्रस्तुत की। एसएसआर के त्रुटियों और सुधार के विषय पर होली क्रॉस महाविद्यालय के विशेषज्ञों ने सलाह भी दिया। इस दौरान फैकल्टी डेवलपमेंट और स्टूडेंट्स डेवलपमेंट कार्यकर्म का भी अयोजन किया गया। दोनों महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने नई शिक्षा नीति को लागू करने में आने वाली चुनौतियों तथा संभावनाओं पर भी चर्चा की ओर आपसी सहयोग करने का आश्वासन दिया।

एक वर्षीय सुचिता को नौडीहा बाजार पुलिस ने इमामगंज थाना क्षेत्र से किया बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

नौडीहा बाजार (पलामू) : नौडीहा बाजार पुलिस ने थाना क्षेत्र के विशुनपुर पंचायत के बारा निवासी संजीत कुमार चौधरी के एक वर्षीय पुत्री सुचिता को बिहार के इमामगंज से बरामद किया।इस बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार ललगाड़ा पंचायत के रिसीयपा के बीरू यादव के पत्नी किस्मतिया देवी शुचिता को खेलाने की बहाने से आयी और बच्ची को खेला रही थी अचानक बच्ची को लेकर फरार हो गई। घटना बीते बुधवार को समय 10 बजे दिन की है। पीड़ित संजीत कुमार चौधरी और उनकी पत्नी रिसीयपा मे ताडी बेचने का कामकाज करता है। पीड़ित परिजनों ने लिखित आवेदन थाना मे देकर महिला के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज कराया। लिखित आवेदन के आधार थाना प्रभारी अमन कुमार ने सभी थाना का अलर्ट कराया और बच्ची को इमामगंज थाना क्षेत्र से सुरक्षित बच्ची की बरामद किया और साथ मे महिला को थाना लाया गया। पुलिस महिला को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है। पीड़ित परिवार को शुचिता के माता -पिता को सुपुर्द किया गया। विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती ने थाना प्रभारी अमन कुमार और पुलिस अवर निरीक्षक शंकर टोप्पो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और साथ ही साथ हर्ष भी व्यक्त किया।

अवैध शराब के विरुद्ध चला छापामारी, बहुल मात्रा में हुआ देशी शराब नष्ट

ठेठईटांगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): ठेठईटाँगर पुलिस लगातार अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान चला रही है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर और थाना प्रभारी ठेठईटाँगर की अगुवाई में ठेठईटाँगर पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी ऑपरेशन चलाया । पुलिस ने शुक्रवार को ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुटनिया बरपानी में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी की। छापामारी के क्रम में पुलिस ने यहां बहुल मात्रा में जावा महुआ नष्ट किया। साथ ही शराब बनाने वाले बर्तनों को नष्ट भी कर दिया और यह चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसा ना करे अन्यथा क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी।

भू मापक अमीन प्रशिक्षण के उपरांत 177 अभ्यार्थियों के बीच बांटे गए प्रमाण पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को नव भारत निर्माण संस्थान के द्वारा भू मापक (अमीन) प्रशिक्षण का कार्यक्रम समापन के उपरांत प्रशिक्षक साहेब राव शर्मा के द्वारा सेन्हा पंचायत भवन में प्रमाण पत्र निर्गत को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सेन्हा पंचायत के मुखिया धनवाज उराँव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्तीथ हुए मौके पर उपस्थित भू मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिए सभी प्रशिक्षण एवं परीक्षा में पास होने वाले सभी अभार्थियो को प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला अफजाई किया बता दें कि भू मापक अमीन प्रशिक्षण में कुल 177 अभार्थियों ने भाग लिया था जिसमें 42 अभार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि दुतीय स्थान पर 87 अभियार्थीयों का नाम सामने आया। वही तृतीय स्थान पर 48 अभियार्थी का नाम चयनीति किया गया। प्रथम

स्थान लाने वाले अभार्थियों में अभय कुमार नाजिर अनवर, सुजीत कुमार, सूरज कुमार, पीयूष कुमार, प्रवीण कुमार, शंभु सिंह सहित 42 लाभियार्थी शामिल है। तथा बाकी अभार्थियों ने भी अच्छे नंबर से पास किया उन सभी को मुखिया धनवाज उराँव के द्वारा प्रमाण पत्र देकर करते हुए। हौसला अफजाई किया गया। तथा सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर धनवाज उराँव ने कहा की नवभारत निर्माण संस्थान द्वारा भू मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार का एक बढ़िया अवसर प्रदान किया गया है। जिसके माध्यम से क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को अपने क्षेत्र में ही रोजगार मिल सके जिसे बेरोजगारी में कमी हो सके और लोग पलायन से वंचित रहें। इस कार्य को सराहनीय कार्य बताते हुए कहा कि संस्थान के द्वारा उठाए गए कदम युवाओं के लिए लाभदायक साबित होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से जो शिक्षा आपको मिला है उस शिक्षा का सदुपयोग करेंगे और अपने आप को रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाने का प्रयास करें। क्षेत्र में भू मापक अमीन की काफी कमी थी समय पर लोगो को अमीन नहीं मिलता था। जिसके कारण लोगो को जमीन मापी से संबंधित कार्य हेतु काफी दिक्कत होती थी।

बच्चे संस्कार व संस्कृति के धरोहर हैं : अजय कुमार तिवारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव श्रीमान अजय कुमार तिवारी, विभाग प्रमुख श्रीमान अखिलेश जी प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने ने वंदना सभा में माता सरस्वती ओम,भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प चढ़ाकर वंदना की। इस अवसर पर माननीय प्रदेश सचिव महोदय ने बच्चों को अपने आशीर्वचन के रूप में कहा कि बच्चे संस्कार एवं संस्कृति के धरोहर हैं। शिक्षा अमूल्य रत्न है जिसके माध्यम से बच्चे अपने छोटे-छोटे क्रियाकलापों से श्रेष्ठ नागरिक बनते हैं। उन्होंने बताया कि किताब कॉपी पेंसिल रबड़ कटर इत्यादि मां सरस्वती के अस्त्र हैं इनकी पूजा करने वाला व्यक्ति समाज में सफल नागरिक बनता है। निरंतर इनके निर्माण का प्रयास आचार्य बंधु भगिनी करते हैं। मातृ देवो भव। पितृ देवो भव। आचार्य देवो भव।राष्ट्र देवो भव आदि बातें आपने कही उन्होंने बताया कि

व्यक्ति का निर्माण ही उन्नत राष्ट्र का निर्माण है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे। लोहरदगा में आज विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव श्रीमान अजय कुमार तिवारी,विभाग प्रमुख श्रीमान अखिलेश जी प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने ने वंदना सभा में माता सरस्वती ओम, भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प चढ़ाकर वंदना की। इस अवसर पर माननीय प्रदेश सचिव महोदय ने बच्चों को अपने आशीर्वचन के रूप में कहा कि बच्चे संस्कार एवं संस्कृति के धरोहर हैं। शिक्षा अमूल्य रत्न है जिसके माध्यम से बच्चे अपने छोटे-छोटे क्रियाकलापों से श्रेष्ठ नागरिक बनते हैं। उन्होंने बताया कि किताब कॉपी पेंसिल रबड़ कटर इत्यादि मां सरस्वती के अस्त्र हैं इनकी पूजा करने वाला व्यक्ति समाज में सफल नागरिक बनता है। निरंतर इनके निर्माण का प्रयास आचार्य बंधु भगिनी करते हैं। मातृ देवो भव। पितृ देवो भव। आचार्य देवो भव आदि बातें आपने कही उन्होंने बताया कि उन्नत राष्ट्र का निर्माण ही उन्नत राष्ट्र का निर्माण है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

आरपीएफ रांची मंडल ने ऑपरेशन उपलब्ध के तहत एक और गिरफ्तारी की

बानो (प्रभात मंत्र संवाददाता): बानो रेलवे थाना क्षेत्र के जलडेगा से रांची के मंडल सुरक्षा आयुक्त इंचार्ज के तौर पर पदस्थापित श्री पवन कुमार के निर्देश पर रांची मंडल में रेल टिकटों की कालाबाजारी के लिए अभियान चलाए जा रहे उसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर, दिनांक 20.04.23 को बानो के आरपीएफ निरीक्षक विजय पांडे की अगुवाई मे बानो आरपीएफ की टिम ने प्रसाद ऑनलाइन सॉल्यूशन, जलडेगा, सिमडेगा (झारखंड) मे रेल टिकटों की अवैध कालाबाजारी के संबंध मे छापामारी की गई और दुकान से 10 नग अवैध ई टिकट जिनका मूल्य 22,000 रुपये बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम मे दुकानदार जितेन्द्र प्रसाद ने अवैध रूप से रेल टिकटों के कालाबाजारी मे अपनी संलिप्तता स्वीकार की। अतः उपरोक्त ई टिकटों और कंप्यूटर सामग्रियों को उपस्थित गवाहों के सामने जप्त किया गया और आरोपी दुकानदार को रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत गिरफ्तार किया गया। उचित कागजी कारवाई कर उक्त को न्यायालय मे पेश किया जाएगा।

चलते चलते एक नजर

बिहार के किशनगंज से 37 लाख रुपये भारतीय नोट एवं यूएई करेंसी के साथ छह लोग गिरफ्तार

किशनगंज : बिहार में भारत-नेपाल और बंगाल की सीमा सहित बंग्लादेश की सीमा पर अवस्थित किशनगंज जिले के सदर पुलिस ने फरिंगोला चेकपोस्ट में चेकिंग के दौरान एक कार से यूएई करेंसी, 37 लाख रुपये भारतीय नोट व शराब की दो बोतल गुरुवार की देर रात बरामद किया है। इसके साथ पुलिस ने छह लोगों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दो व्यक्ति भारत और दुबई में होटल के कारोबारी है। इसके अलावे दुबई का गोल्डन कार्ड भी बरामद किया है। पुलिस ने डब्लूबी 20 बीडी 033 नंबर की कार भी जब्त किया है। जब्त रुपये बंगाल के सिलीगुड़ी से कोलकाता ले जाया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि किशनगंज के रास्ते गोल्ड की तस्करी की जाने वाली है। सूचना मिलते ही पुलिस सतर्क हो गई। बंगाल से सटे फरिंगोला और रामपुर चेक पोस्ट पर चेकिंग अभियान चलाया गया। एसडीपीओ गौतम कुमार, इंस्पेक्टर सुनील कुमार, सदर थानाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह, अवर निरीक्षक कुणाल कुमार पुलिस टीम के साथ फरिंगोला चेक पोस्ट पहुंचे और चेकिंग शुरू की गई। तभी एक ब्लैक कलर के कार को रुकवाया गया। कार की तलाशी के दौरान विदेशी करेंसी और भारतीय रुपये बरामद किया गया।सभी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। सूचना मिलते ही प्रशिक्षु डीएसपी राजन कुमार भी सदर थाना पहुंचे। पूछताछ जारी। नोट और विदेशी करेंसी समेत शराब को लेकर पूछताछ जारी है। पुलिस ने फिलहाल कुछ भी बताने से इनकार किया है।

पीएम मंगलवार को तिरुवनंतपुरम सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखायेंगे हरी झंडी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 और 25 अप्रैल को मध्य प्रदेश, केरल, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव का दौरा करेंगे। इस दौरान वह 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री 24 अप्रैल को मध्य प्रदेश के रीवा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वे लगभग 17,000 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। अगले दिन 25 अप्रैल को प्रधानमंत्री तिरुवनंतपुरम सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सेंट्रल स्टेडियम, तिरुवनंतपुरम में 3200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री उसी दिन शाम को नमो चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान का दौरा करेंगे और सिलवासा, दादरा और नगर हवेली में 4850 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री दमन में देवका सी-फ्रंट का उद्घाटन करेंगे।

मुझे अपनी टीम पर गर्व है : महापौर

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : महापौर अरुणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह एवं सभी पार्षदों ने मिलकर निगम का माइलस्टोन प्रोजेक्ट कोयल रिवर फ्रंट का होने वाला 23 तारीख को संध्या 6:30 बजे शुभारंभ की तैयारी देखने के उपरांत गंगा आरती मंच पर निगम सत्र 18- 23 का इलेक्शन जो 5 वर्ष पूर्व कल ही के दिन 20-4-18 को हुआ था। उसे सामूहिक रूप से केक काटकर सेलिब्रेट किया। महापौर ने कहा हमारे टीम का कार्यकाल पूर्व के कार्यकाल से बेहतर रहा है जिसे आम नागरिकों द्वारा भी सराहा जा रहा। हम सबों ने जहां शहर को सजाने का काम किया। वही रोड, नाली, स्ट्रीट लाइट, पेवर ब्लॉक वगैरा भी लगा कर शहर को सुविधा युक्त बनाने का काम किया। जहां हम लोगों ने पार्क बनाने का काम किया। वही चौक चौराहा भी सजाने का काम किया।जहां हम लोगों ने राजा हरिश्चंद्र घाट,चैनपुर घाट को सुव्यवस्थित किया है। वही हम लोगों ने अंतिम यात्रा हेतु वातानुकूलित शव वाहन भी मंगाया है और 1 सप्ताह के अंदर निगम का माइलस्टोन प्रोजेक्ट गांधी उद्यान,पिंक सिटी बस का परिचालन, और दिनांक 23 तारीख संध्या 6~30 बजे निगम का माइलस्टोन प्रोजेक्ट कोयल रिवर फ्रंट का फी शुभारंभ कर हमारी टीम एक इतिहास रचने जा रहा द्य मुझे अपने टीम पर गर्व है जिन्होंने बढ़-चढ़कर शहर को व्यवस्थित और सुविधा युक्त बनाने में पॉजिटिव सोच के साथ हिस्सा लिया। तभी आज मेदनी नगर निगम की चर्चा हमारे जिले ही नहीं राज्य के कई जिलों में हो रही है। महापौर ने कहा हमारी टीम ने लगभग 100 करोड़ की योजना बनाकर सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा है जो गत 1 वर्ष में पूरा होगा जिससे शहर का स्वरूप बिल्कुल बदल जाएग।महापौर ने कहा मैं भारत सरकार को भी धन्यवाद देती हूं जिनके सौजन्य से कोयल तक मिलो तक दोनों और अयोध्या के तर्ज पर सजाने की योजना की स्वीकृति दी द्य इस योजना को पूर्ण हो जाने के बाद कई जगह बांध बनने के कारण शहर में पानी का लेवल भी आ जाएगा और मेदनीनगर का कोयल तट हजारों लोग को रोजगार भी मुहैया कराएगा।

सबसे पवित्र महीना है रमजान : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह सदस्य माटी कला बोर्ड झारखंड सरकार अविनाश देव द्वारा आज पवित्र रमजान महीने के आखिरी जुमा के दिन रोजेदारों को रोजा खोलने के लिए सामग्री प्रदान किया गया। मौके पर अपने संबोधन में अविनाश देव ने कहा कि रमजान के इस महीने को सबसे पवित्र महीना माना जाता है।पूरे दिन भूखे प्यासे रहकर खुदा से इबादत करना बेहद कठिन कार्य है।ऐसा माना जाता है की रोजा में मांगी गई हर इबादत को खुदा पूरा करते है। अतः जो लोग रोजा रखते हैं हम सब को उनकी मदद करनी चाहिए। हमारा देश एक धर्म निरपेक्ष देश है। जहां सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारा के साथ खुशी खुशी रहते है यही हमारे भारत की खूबसूरती है।

चारधाम यात्राः दर्शनार्थियों की संख्या सीमित रखने का निर्णय वापस

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड के चारों धामों में अब कितने भी तीर्थ यात्री दर्शन कर सकेंगे। प्रदेश सरकार ने प्रत्येक धाम में दर्शनार्थियों की संख्या को सीमित रखने के निर्णय को वापस ले लिया है।अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की ओर से शुक्रवार को जानकारी दी गई है कि चारधाम यात्रा के दौरान दर्शनार्थियों की संख्या को प्रत्येक धाम में प्रतिदिन सीमित रखने के निर्णय को वापस ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश हैं कि यात्रा काल में रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया पूर्ववत जारी रहेगी। यह व्यवस्था यात्रियों की यात्रा में मददगार साबित होती है। यात्रा के दौरान सुरक्षा और सुविधा का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा तथा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय स्तर पर व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री धामी ने भी ट्वीट कर बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चारधाम यात्रा के दौरान दर्शनार्थियों की संख्या को प्रत्येक धाम में प्रतिदिन के लिए सीमित रखने के निर्णय को वापस ले लिया गया है। साथ ही अधिकारियों को यात्राकाल में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को पूर्ववत जारी रखने एवं यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

पर्यावरणविद कौशल ने किया मैटिक्स इंस्टीट्यूट का उद्घाटन

प्रभता मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : शहर के बाईपास रोड में स्थित केपीजे कॉन्प्लेक्स में शुक्रवार को रांची के मैटिक्स इंस्टिट्यूट का ब्रांच का शुभारंभ जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने की। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत पौधा दान किया। पर्यावरण धर्म का पहला मूल मंत्र के तहत जीवन के कोई भी शुभ कार्यो में पौधा लगाना या दान करने का विधान है।वन राखी मूवमेंट के प्राणेता कौशल ने कहा कि शिक्षा ऐसा पूंजी है जिसे कोई नहीं ले सकता। शिक्षा वह चाबी है जिससे विकास का कोई भी ताला को खोला जा सकता है।आज उसी उद्देश्य को लेकर शिक्षा संस्थान मैटिक्स को खुलते ही विभिन्न कोर्स में सैकड़ों बच्चों ने दाखिला लिया है। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि जितना तेजी से जिले का विकास हुआ है। उस अनुपात में शिक्षा संस्थान विकसित नहीं हुआ है। जिससे यहां के युवा दूसरे शहरों में बेहतर शिक्षा के लिए जाना पड़ता है। इसीलिए उनके प्रयास से मेदिनीनगर में भी झारखंड का प्रसिद्ध संस्थान मैटिक्स इंस्टिट्यूट की शाखा खोली गई है। इससे अब युवाओं को अब बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगा।बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि बाईपास रोड स्थित केपीजे कंपलेक्स में एक साल के अंदर जिला वासियों की सुविधा के लिए चार ब्रांडेड कंपनियों को दुकानें खोलने का स्थान दिया गया है। संस्था के मेदिनीनगर शाखा के निदेशक अनुराग श्रीवास्तव ने कहा है कि कम फीस में अच्छी शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है। गरीब बच्चों को कम फीस और बिना फीस के भी शिक्षा दी जाएगी। प्रो अरुण कुमार जायसवाल ने कहा है कि उच्च शिक्षा से ही हम घर और देश दुनिया का विकास कर गरीबी मिटा सकते हैं। उप निर्देशक सूरज राम रंजन, उर्मिला शर्मा, वंदना अग्रवाल, सोनाली कुमारी ,हेमंत सिन्हा, संदीप बर्मा, संदीप कुमार सिंह ,दीपक कुमार ,शिवसागर ,राहुल शुक्ला ,आराध्या कुमारी ,आशिका कुमारी ,आद्रिका एवंअनुषा शामिल थे।

विकसित भारत कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ने छोड़ी अलग छाप

एजेंसी

नई दिल्ली। 16वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ने अपनी अलग ही छाप छोड़ी। दरअसल जल जीवन मिशन को लेकर उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों को देखते हुए केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश से प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, अनुराग श्रीवास्तव को योजना पर बोलने के लिए नामित किया गया था। सिविल सेवाओं के इस सबसे बड़े कार्यक्रम में अनुराग श्रीवास्तव ने पाइप्ड वॉटर फॉर आल-जल जीवन मिशन विषय पर सम्बोधित किया। प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि कैसे बुंदेलखंड जैसी सूखी धरती पर सरकार मिशन मोड में हर घर जल योजना को विस्तार दे रही है। इस राह में मुश्किलें भी कितनी हैं। बुंदेलखंड में पीने के पानी की दुश्वारियां हैं, विंध्य क्षेत्र में महिलाओं का मीलों दूर से पानी ढोकर लाने जैसी समस्याएं हैं, पश्चिम के जिलों में पानी का संकट है और किस तरह आर्सेनिक व फ्लोराइड प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश में जल जनित बीमारियों के कारण लोग गांव छोड़ने को विवश थे। उन्होंने बताया कि इन चुनौतियों के बावजूद उप्र सरकार किस तरह से हर घर तक नल पहुंचाने के मिशन पर तेजी से आगे बढ़ रही है। कनेक्शन के रोज नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है। कार्यक्रम को लेकर केन्द्रीय जल जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को ट्वीट करके खुले मन से उप्र में हर घर नल से जल योजना की प्रगति की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश हर घर नल से जल पहुंचाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।अपने प्रेजेंटेशन के दौरान प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने यूपी में जल संकट से जूझ रहे जिलों में हर घर जल योजना से लगातार आए बदलाव की कहानी भी सुनाई। प्रमुख सचिव ने सिविल सेवकों को बताया कि हर घर नल से जल पहुंचने से गांव-गांव में कैसे परिवर्तन आ रहे हैं। सूखे से प्रभावित बुंदेलखंड के सात जिले और विंध्य का मिर्जापुर जिला 50 प्रतिशत से अधिक परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचाने वाले जिलों में सबसे आगे हैं। यूपी के कई जिलों में नल कनेक्शन देने का काम अंतिम चरणों में पहुंचने वाला है। बुंदेलखंड और विंध्य के 9 जिलों में 2094625 में से 1398698 ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचा दिया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 20 अप्रैल को उपराष्ट्पति जगदीप धनखड़ ने किया।

भाजपा ने डीएमके सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

एजेंसी

नई दिल्ली : भाजपा ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने तमिलनाडु के वित्त मंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस तरह से गांधी परिवार देश में भ्रष्टाचार कर रहा था उसी प्रकार से डीएमके का परिवार भी तमिलनाडु में जमकर भ्रष्टाचार कर रहा है। सैयद जफर इस्लाम ने तमिलनाडु के वित्त मंत्री और एक पत्रकार के बातचीत का ऑडियो सुनाते हुए यह दावा किया कि राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के दामाद वी सबरीसन और उनके बेटे ने भ्रष्टाचार कर एक साल में तीस हजार करोड़ रुपये का काला धन बनाया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु का कल्चर और संस्कृति भारत की विरासत है लेकिन प्रदेश की डीएमके सरकार इस विरासत में भ्रष्टाचार का जहर घोल रही है। जब से डीएमके की सरकार प्रदेश में आई है तब से वहां भ्रष्टाचार और भी बढ़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चाहे राहुल गांधी हों, चाहे वाड्रा हों या गांधी परिवार के कुछ और लोग हों... जिस तरह से ये परिवार देश में भ्रष्टाचार कर रहा था उसी प्रकार डीएमके का परिवार भी भ्रष्टाचार कर रहा है।

गोधरा कांड में उम्र कैद की सजा काट रहे 8 दोषियों को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

एजेंसी

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने 2002 में गोधरा में ट्रेन के एक कोच में आग लगाकर 59 लोगों की हत्या के दोषी 8 लोगों को जमानत दे दी है। इन सभी को ट्रायल कोर्ट और हाई कोर्ट से उम्र कैद की सजा मिली थी। कोर्ट ने गुरुवार को इन्हें 17-18 साल जेल में बिताने के आधार पर जमानत दी है। कोर्ट ने निचली अदालत से फांसी की सजा पाने वाले 4 को जमानत से मना कर दिया है। गुजरात सरकार की ओर से पेश सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने 20 फरवरी को सुनवाई के दौरान अपराध को जघन्य बताते हुए जमानत दिए जाने की मांग का विरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों के नाम, अपराध में उनकी भूमिका और जेल में बिताए गए समय संबंधी चार्ट कोर्ट में दाखिल करने का निर्देश दिया था। 30 जनवरी को सुनवाई के दौरान दोषियों की ओर से कहा गया था कि उनका दोष सिर्फ यही था कि इन्होंने सिर्फ पत्थरबाजी की थी, लेकिन वो उम्रकैद की सजा भुगत रहे हैं। इस पर तुषार मेहता ने कहा था कि सिर्फ पत्थरबाजी ही नहीं, इन लोगों ने ट्रेन की बोगी में आग भी लगाई थी।

पहले की सुनवाई के दौरान मेहता ने कोर्ट को आश्वस्त किया था कि वह हर दोषी की भूमिका की जांच करेंगे कि क्या वाकई इनमें से कुछ लोगों को जमानत पर रिहा किया जा सकता है। 15 दिसंबर 2022 को कोर्ट ने इस मामले के दोषी फारुख को 17 साल से जेल में होने के आधार पर जमानत दी थी।दरअसल, 27 फरवरी, 2002 को गोधरा रेलवे स्टेशन पर साबरमती एक्सप्रेस की एस-6 बोगी में आग लगाई गई थी, जिसमें 58 लोगों की मौत हो गई थी।